राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेताओ ने नीतिगत मुद्दों पर कमला हैरिस की निंदा की...

किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों की जरूरतों को पूरा करना जरूरीः निर्मला... 10

वर्ष : 12 | अंक : 190 | पटना, गुरुवार, 24 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

## मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला में 49,416 लाख रुपये की 211 योजनाओं का उद्घाटन एवं किया शिलान्यास

# जल और हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित है : नीतीश

## बोलें - लोगों को जल और हरियाली की महत्ता समझनी चाहिए



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सुपौल जिला अंतर्गत 22,497.73 लाख रुपये की 99 योजनाओं का उद्घाटन तथा 26,919.17 लाख रुपये की लागत वाली 112 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला के किशनपुर प्रखंड स्थित मलाढ़गांव के वार्ड नंबर-12 महादलित टोला का भ्रमण कर विकासात्मक योजनाओं का जायजा भी लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर में छठ घाट निर्माण, मिट्टी सह पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य एवं मलाढ़ पंचायत के 4 वार्डों में सोलर लाइट लगाने के कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर में मछली का जीरा भी छोड़ा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पोखर के एक तरफ जिस तरह से सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराया गया है, उसी प्रकार पोखर के तीनों तरफ भी सीढीनुमा घाट का निर्माण कराएं ताकि लोगों को छठ व्रत, अनुष्ठान आदि के दौरान स्नान करने में सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत हमलोगों ने सभी सार्वजनिक कुआं, तालाब, पोखर आदि का जीर्णोद्धार कराया है।



जल और हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित है इसलिए लोगों को जल और हरियाली की महत्ता समझनी चाहिए। पोखर के समीप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया।

### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहित अन्य कई विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का किया अवलोकन :

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहित अन्य कई विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय मलाढ़ का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने बच्चों से पढ़ाई एवं उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शिक्षकों द्वारा कविता और खेल के माध्यम से छोटे बच्चों को दी जा रही शिक्षा की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग ठीक ढंग से बच्चों का ज्ञानवर्द्धन कर रहे हैं। इस तरीके से छोटे बच्चे जल्दी और ज्यादा सीखेंगे, इससे उनकी समझ बढ़ेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस तरह के 105 विद्यालय जिला में संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र भी बनवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों तथा निर्मित होनेवाले भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके पश्चात समेकित बाल विकास परियोजना का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर बच्चों से बात की। बच्चों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां नियमित रुप से पढ़ाई होती है और संचालित योजनाओं का लाभ भी हमें समय से मिलता है। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए स्वीकृत बैटरी चलित ट्राई साईकिल की चाबी मुख्यमंत्री ने लाभुकों को भेंट की।

### लाभुकों को सौंपा चेक

मुख्यमंत्री ने मलाढ़ पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में जिला लोक शिकायत निवारण से संबंधित 'समाधान पुस्तिका' का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम, कृषि यांत्रिकीकरण योजना, मखाना भंडार गृह योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत अनुदान, अनुकंपा आधारित नियोजन पत्र, मुख्यमंत्री ग्राणीण आवास योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह योजना, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना आदि के तहत चयनित लाभुकों को सांकेतिक चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। अभियान बसेरा-2 के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री ने बंदोबस्ती का पर्चा वितरित किया।

### सीएम ने कई पथों का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने सरायगढ़ में 2990 लाख रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-327ए के नवनिर्मित टू लेन आरओबी सह पहुंच पथ के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। सुपौल जिला अंतर्गत 3911.34 लाख रुपये की लागत से बैरिया मंच-मुंगरार पथ में नवनिर्मित पहुंच पथ सहित उच्च स्तरीय पुल का निर्माण, 1438.80 लाख रुपये की लागत से वीरपुर-बसमतिया पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 1302.20 लाख रुपये की लागत से एनएच-327ए परशरमा रोड से बीएसएस कॉलेज होते हुए चयन सिंह पट्टी तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 2639.75 लाख रुपये की लागत से एनएच-327ई से मोहनियां पीडब्लूडी पथ भाया मरीचा, जगतपुर एवं कटैया टोला पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई पथों का उद्घाटन किया गया है। इन सड़कों के बन जाने से लोगों को आवागमन में अब और अधिक सहूलियत होगी। सड़कें ठीक ढंग से मेंटेन रहे, इसका विशेष रुप से ख्याल रखें।

### नवनिर्मित मॉडल थाना भवन भपटियाही सहित कुल 2 पुलिस भवनों का उद्घाटन :

मुख्यमंत्री ने 6.82 करोड़ की लागत से सुपौल जिला में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन भपटियाही सहित कुल 2 पुलिस भवनों का उद्घाटन एवं 24.26 करोड़ की लागत से निर्मित 200 महिला सिपाही बैरक तथा 6 थाना भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उद्घाटन के पश्चात नवनिर्मित थाना भवनों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण भी किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एव जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया।

### ये रहें मौजूदः

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सासंद दिलेश्वर कामत, विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव, विधायक रामविलास कामत, विधायक वीणा भारती, बिहार विधान परिषद् के पूर्व कार्यकारी सभापति हारुन रशीद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, सहरसा के प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार, कोसी प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिदेशक मनोज कुमार, जिलाधिकारी कौशल कुमार, पुलिस अधीक्षक शैशव यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार आपदा न्यूनीकरण में हुई सक्षम : नित्यानंद

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आपदा न्यूनीकरण में सक्षम हुई है जबकि पहले की सरकार आपदा आएगी तो सोचेंगे की नीति पर काम करती थी। उन्होंने संबंधित एजेंसियों से आपदा जोखिमों को कम करने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस 2024 के मौके पर नई दिल्ली के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में लचीले भविष्य के लिए अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना विषय पर आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राय ने कहा कि पहले सरकार आपदा आने पर उसके बचाव कार्य में जुटती थी।

### प्रियंका गांधी ने वायनाड से भरा पर्चा

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने वायनाड सीट पर एक बार फिर पैराशूट कैंडिडेट उतारा है। यह वायनाड के लोगों की आंखों में फिर से धोखा देने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है। उन्हें नहीं लगता कि वायनाड के लोग फिर से बेवकूफ बनने के लिए तैयार हैं। राजीव चंद्रशेखर ने नई दिल्ली में मीडिया से कहा कि वायनाड की जनता इस बार मूर्ख नहीं बनेगी। एनडीए ने एक बहुत ही सक्षम, गतिशील, मेहनती उम्मीदवार नव्या हरिदास को मैदान में उतारा है। उनके पास एक परामर्शदाता के रूप में जनता की सेवा करने का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है।

# ब्रिक्स के विस्तार का निर्णय सर्वसम्मति से होना चाहिए : मोदी

कजान/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विस्तारित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान अपने वक्तव्य में नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थक है। उन्होंने यह भी कहा कि विस्तार का निर्णय सर्वसम्मति से होना चाहिए। इसके अलावा संस्थापक सदस्य देशों की राय का सम्मान भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स एक विविधतापूर्ण और सर्वसमावेशी मंच है तथा यह विभाजनकारी नहीं बल्कि लोगों की भलाई के लिए प्रेरित समूह है। रूस के शहर कजान में आज आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बैठक एक ऐसे समय में हो रही है जब विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। विश्व में नार्थ-साउथ और पूर्व-पश्चिम विभाजन की बात हो रही है। ऐसे में ब्रिक्स की सकारात्मक भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व समस्याओं के बारे में



हमारा रवैया मानव केंद्रित होना चाहिए। हमें विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि ब्रिक्स विभाजनकारी नहीं बल्कि जनहितकारी समूह है। ब्रिक्स समय के साथ खुद को बदलने की इच्छा-शक्ति रखने वाला संगठन है। हमें अपना उदाहरण पूरे विश्व के सामने रखते हुए वैश्विक संस्थानों में सुधार के लिए एकमत होकर आवाज उठानी चाहिए। आतंकवाद और युवाओं में बढ़ते उग्रवादी विचारों के प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए हमें दोहरे मापदंड नहीं अपनाने चाहिए। आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए हम सभी को एक मत होकर दृढ़ता से सहयोग देना होगा। हमारे देशों के युवाओं में उग्रवाद

# राज्यों को हर तरह की शराब पर कर लगाने का अधिकार : शीर्ष न्यायालय

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजस्व की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हर प्रकार की शराब पर कर लगाने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में बुधवार को 8:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और सात न्यायाधीशों की पीठ के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें व्यवस्था दी गयी थी कि औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन के नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार को है। इस मामले को नव न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष वर्ष 2010 में रखा गया था। राज्यों के अधिकार के पक्ष में फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जे बी पादीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल होने वाली अल्कोहल राज्य सूची की प्रविष्टि 08 के तहत 'मादक स्प्रिट' के अर्थ में आती है, इसलिए राज्य इसे विनियमित कर सकते हैं और कर लगा सकते हैं। पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि औद्योगिक शराब और उसे तैयार करने वाले कच्चे माल सहित सभी प्रकार की शराब पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को है।

शीर्ष अदालत का यह फैसला राज्य सरकारों के राजस्व में बड़ी वृद्धि करने वाला है। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने पीठ के अन्य सदस्यों के फैसले से असहमतिपूर्ण निर्णय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट (लिकर) को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता। संविधान की सातवीं अनुसूची की 52वीं प्रविष्टि में संसद को उन उद्योगों के सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार दिया गया है जो लोक हित में उचित हो। पीठ ने कहा कि दोनों प्रविष्टियों के बीच कहीं-कहीं दोहराव (ओवरलैप) हो सकता है और इस तरह के परस्पर अतिक्रमण का समाधान यह है कि दोनों प्रविष्टियों को समायोजित किया जाए ताकि दोनों अनुसूचियों की कोई भी प्रविष्टि निरर्थक न हो। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ ने 1990 के निर्णय में कहा था कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट का अर्थ केवल पीने योग्य शराब से है और राज्य सरकारें औद्योगिक एल्कोहल पर कर नहीं लगा सकती हैं। न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने उस फैसले को पलट दिया।

पीठ ने कहा कि राज्य सूची की प्रविष्टि 8 में राज्य को ह्लमादक लिकर के उत्पादन, निर्माण, पास में रखना, लाना-ले जाना, खरीद और बिक्रीह्व के लिए कानून बनाने का अधिकार दिया गया है। समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 के तहत हालांकि, राज्य और केंद्र सरकारें किसी भी उद्योग के उत्पादों पर कानून बना सकती हैं, भले ही संसद ने सार्वजनिक हित में उस उद्योग को नियंत्रित करने की शक्ति संघ को प्रदान की हो। यही प्रावधान औद्योगिक अल्कोहल के कारोबार के विनियमन और उस पर कराधान के अधिकार को लेकर केन्द्र और राज्यों के बीच विवाद का विषय बन गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जनवरी 1990 को विकृत स्प्रिट और विशेष रूप से विकृत स्प्रिट रखने के लिए उत्तर प्रदेश लाइसेंस नियम, 1976 (1976 नियम) के तहत एक अधिसूचना जारी की थी और डिस्टिलरियों से प्राप्त विशेष रूप से विकृत स्प्रिट की मात्रा पर 15 पैसे प्रति लीटर का लाइसेंस शुल्क लगाया था। इसी बात से यह मामला अदालत में पहुंच गया था।

# जब भी बिहार के बाहर के लोगों से मिलें तो यहां भ्रमण के लिए करें आमंत्रित : मंत्री




● ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर 2024 के समापन समारोह को पर्यटन मंत्री ने किया संबोधित

पटना। बिहार में पर्यटन का प्रक्षेत्र विस्तृत हो चुका है। यहां न केवल देसी बल्कि विदेशी पर्यटकों की संख्या में अभिवृद्धि हुई है। पर्यटन विभाग आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने में जुटा हुआ है, इसके साथ ही बेहतर रूप से प्रचार- प्रसार का कार्य भी किया जा रहा है। इसे और बेहतर बनाते हुए हम सब एक काम और करें कि जब भी बिहार के बाहर के लोगों से मिलें, तो यहां की बदली हुई तस्वीर बताते हुए उन्हें बिहार भ्रमण के लिए आमंत्रित करें। ये बातें सूबे के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने ज्ञान भवन में आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर 2024 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमें घरेलू के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों और विदेशों से पर्यटकों की आमद को यहां बढ़ाने पर काम करना है। समापन समारोह में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि टीटीएफ में देश के सभी बड़े राज्यों की भागीदारी रही, यहां से हमें कई ऐसे सुझाव प्राप्त हुए हैं, जो आगामी दिनों में योजनाओं और नीतियों को बनाने में काफी सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री तथा पर्यटन सचिव द्वारा टीटीएफ पटना के विभिन्न प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बिहार में एडवेंचर टूरिज्म को लेकर व्यापक अवसर :

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में एडवेंचर टूरिज्म के विस्तार को लेकर व्यापक अवसर है। यहां कैसे एडवेंचर टूरिज्म को कैसे बढ़ा सकते हैं, इसपर विचार करने की जरूरत है। बिहार सरकार के पास एडवेंचर टूरिज्म को लेकर एक ब्लू प्रिंट होना चाहिए। वह पर्यटन विभाग की ओर से पटना टीटीएफ 2024 के दूसरे दिन रोमांच और पगडंडियांः साहसिक पर्यटन की संभावनाएं विषय पर आयोजित सेमिनार में माडरेटर के रूप में संबोधित करते हुए कह रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में अपनी टूरिज्म पॉलिसी है। जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स के लिए चीजें स्पष्ट की गई है। इसका लाभ भी लोग उठा रहे हैं।

बिहार सरकार

## भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

बिहार सरकार

### बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त में रैयतों के लिए कुछ सामान्य अनुदेश

**आवश्यक है।**

1. स्वघोषणा का प्रपत्र -2 रैयत या रैयत के वंशज द्वारा धारित भूमि को भर कर अपने अंचल के शिविर में जमा करें या भू-अभिलेख एवं परिमाप की वेबसाइट dirs.bihar.gov.in पर अपलोड करें।
2. खतियानी रैयत / जमाबन्दी रैयत के वंशज स्वयं प्रपत्र-3 (i) में वंशावली तैयार कर अपने अंचल के शिविर में जमा करें या निदेशालय की वेबसाइट dirs.bihar.gov.in पर अपलोड करें।
3. राजस्व रसीद की छायाप्रति स्वघोषणा के साथ संलग्न करें।
4. यदि क्रय/बदलैन / दान की भूमि हो तो दस्तावेज की छायाप्रति ।
5. यदि सक्षम न्यायालय का आदेश हो तो आदेश की छायाप्रति ।
6. बन्दोबस्त भूमि/भू-दान प्रमाण पत्र/वासगीत पर्चा की छायाप्रति ।
7. जमाबन्दी रैयत जीवित हैं तो केवल स्वघोषणा (प्रपत्र-2) देंगे, वंशावली नहीं।

**आवश्यक नहीं है।**

1. प्रपत्र-3 (i) में वंशावली पर कार्यपालक दण्डाधिकारी / नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ करने की आवश्यकता नहीं है।
2. प्रपत्र-3 (i) में वंशावली पर संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित कराना आवश्यक नहीं है।
3. खतियान के सच्ची प्रतिलिपि की आवश्यकता नहीं है।
4. किस्तवार प्रक्रम में अपने भू-खण्ड पर आपकी उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। अगर आप स्वयं या आपका कोई विश्वस्त प्रतिनिधि जमीन पर उपस्थित रहता है तो सर्वे कर्मियों को पहचान में सुविधा होगी।
5. राजस्व रसीद की अद्यतन / ऑनलाइन प्रति आवश्यक नहीं है।

PR No.- 011172 (Revenue)D. 2024-25

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ लेने के लिए वेबसाइट https://state.bihar.gov.in/LRC पर उपलब्ध लिंक "नागरिक सेवाएँ" पर क्लिक करें तथा इन सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी हेतु "नागरिक सुविधाओं के बारे में जानकारी" लिंक पर क्लिक करें।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव हेतु टॉल फ्री नंबर 18003456215 पर संपर्क किया जा सकता है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी....

RevenueBihar BiharRevenue

## संक्षिप्त खबरें

### किसी चलती ट्रेन से गिरने के कारण युवक की मौत



दानापुर खगौल। प्रयागराज से पटना आ रहे एक 33 वर्षीय युवक की नेवरा स्टेशन ए,म कार्यालय के पॉल संख्या-559/01के पास आप व डाउन में मृतक की पहचान बिक्रमगंज रोहतास का रहने वाला स्वर्गीय राजकेश्वर राम के पुत्र रोशन कुमार उम्र 33 वर्ष के रूप में किया गया है बताया जा रहा है मृतक इसे चलते ट्रेन से गिरने के कारण सर में गंभीर रूप से चोट लगने के कारण मृत्यु हुई है जीआरपी प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया गया है।

### चोरी के माल के साथ तीन गिरफ्तार, वाहन बरामद

पटना सिटी (प्राकि)। महुली रोड स्थित गोदाम में चोरी कर भाग रहे तीन चोरों को दीदारगंज थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसमें से एक नाबालिग शामिल है। पुलिस ने इन सबों के पास से गोदाम से चोरी का 25 किलो का दो बोरा, जिमसें मिल्क पाउडर और एक पिकवैन को जब्त किया है। वाहन पर ही चोरी का माल लाद कर चोर भागने की तैयारी में था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इन सबों को गिरफ्तार किया है। फतुहा डीएसपी निखिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार की पहचान दीदारगंज थाना क्षेत्र के निजामपुर निवासी बॉबी यादव अऔर साकेत यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग का ही गोदाम के अंदर घुसा कर माल को बाहर निकाला जा रहा है। पुलिस को मामले में अन्य अभियुक्तों की भी तलाश है।

### दवा दुकान से पिस्टल व मैगजीन में रहे पांच गोली के साथ गिरफ्तार



पटना सिटी, साइबर सेल की सक्रियता से विभिन्न कांडों में आरोपी एक अभियुक्त को पुलिस ने देसी पिस्टल एवं मैगजीन में रहे पांच गोली के साथ गिरफ्तार किया है। दरअसल साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा कांड संख्या 303/24 के अनुसंधान के दौरान कांड के अप्राथमिक अभियुक्त आदिल मिर्जा, जो खाजेकलां थाना क्षेत्र के फौजदारी कुआं का रहने वाला है, को गिरफ्तार किया है। उसके नई सड़क नवाब बहादुर रोड स्थित अंग्रेजी दवाखाना से एक देसी पिस्तौल, जिसके मैगजीन में लोड पांच गोली के साथ पकड़ा गया। इसकी विधिवत जब्ती सूची तैयार कर इस संबंध में अलग से खाजेकलां थाना में कांड 449/24 दर्ज किया गया है। दरअसल आदिल मिर्जा पिता स्व हैदर मिर्जा मोगलपुरा फौजदारी कुआं का रहने वाला है, इसका आपराधिक इतिहास भी रहा है। थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि खाजेकलां थाना में कांड संख्या 143/20, साइबर थाना पटना में कांड 303/24 है। छापामारी दल में साइबर थाना पटना के पुलिस निरीक्षक प्रदीप कुमार, खाजेकलां थाना के एएसआई रविशंकर सिंह के अलावा सिपाही अखिलेश कुमार व कमल किशोर सिंह शामिल थे।

# पुरुष नसबंदी सिर्फ एक घंटे की है प्रक्रिया : सिविल सर्जन

## वार्ड पार्षद एवं सिविल सर्जन ने नवनिर्मित शौचालय का किया वर्चुअल उद्घाटन

- 13 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने की शिरकत
- जिला स्वास्थ्य समिति,एनयूएचएम एवं पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- जिले में स्वास्थ्य सेवाओं तथा परिवार नियोजन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में जिले के 13 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने भाग लिया. बैठक में 5 हाई इम्पैक्ट एप्रोच के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया. बैठक सह कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश कुमार, सिविल सर्जन, पटना, वार्ड संख्या 34 के वार्ड पार्षद कुमार संजीव, पियूष रंजन, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य सेवाएं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. संजीव सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारीयों ने भाग लिया. बैठक में पीएसआई इंडिया की टीम के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे. कार्यशाला में वार्ड पार्षद एवं सिविल सर्जन ने कंकड़बाग शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड पार्षद के सहयोग से नवनिर्मित शौचालय का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

पुरुष नसबंदी बनाम महिला बंध्याकरण में 1 दिन बनाम 30 दिन का है अंतरः

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. मिथिलेश कुमार, सिविल सर्जन, पटना ने कहा कि महिला बंध्याकरण की तुलना में पुरुष नसबंदी कहीं ज्यादा सरल और सुविधाजनक है. उन्होंने ह्लएक दिन बनाम 30 दिनह्व स्लोगन की चर्चा करते हुए कहा कि पुरुष नसबंदी कुछ घंटों की प्रक्रिया है और उसके बाद पुरुष आराम से अपनी दिनचर्या में वापस लौट जाता है। वहीं महिला बंध्याकरण में महिला को पूरी तरह पहले की तरह स्वस्थ होने में करीब एक महीने का समय लगता है. उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को कहा कि पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास की जरुरत है। बैठक में पियूष रंजन, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि परिवार नियोजन सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए काउंसिलिंग एवं फॉलो अप की अहम् भूमिका होती है. उन्होंने रेफरल केसेस के फॉलो अप की महत्ता पर भी चर्चा की. कुमार संजीव, वार्ड पार्षद ने कहा कि सामाजिक एवं जनहित के कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होनी चाहिए और इसमें सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। बैठक सह कार्यशाला उन्हें अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमतावार्धन करने की उद्देश्य से किया गया. सभी चिकित्सा पदाधिकारी मास्टर कोच की भूमिका में कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट विभागीय चुनौतियों के लिए सर्वोत्तम समाधान निकलने के बारे में सलाह और मार्गदर्शन पर चर्चा की. मौजूदा बुनियादी ढांचे का विश्लेषण करना और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और दक्षता बनाने में मदद करने के लिए सुधार लागू करना एवं परिवार नियोजन सेवाओं को हाई इम्पैक्ट इंटरवेंशन के द्वारा बेहतर तरीके से संपादित करने पर बल दिया गया। कार्यशाला में शामिल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा परिवार नियोजन की सेवाओं को बेहतर तरीके से संपादित करने के लिए आंकड़ों का सही संवर्धन एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के क्षमतावर्धन पर बल दिया गया. उन्होंने ग्रुप कार्य के माध्यम से सुविधाओं के सशक्तिकरण की प्रस्तुति दी।

# गुरु नानकदेव लोगों के अंदर की रोशनी जलाओ काफी अंधेरा है



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानकदेव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व को समर्पित पाकिस्तान के ननकाना साहिब से जोत लेकर मलेशिया जा रहे हैं। 18 अक्टूबर को वहां से चले थे और संभावना है कि सड़क मार्ग से ही पांच या छह नवंबर को मलेशिया पहुंच जाएंगे। वहां कोलालंबर शहर के केंद्रीय गुरुद्वारा में ससम्मान अखंड जोत को रखा जाएगा। यह बात इस जोत यात्रा के साथ चल रहे प्रमुख बालदेव सिंह उप्पल ने बुधवार की शाम कही। उनके साथ दलजीत सिंह पन्नू और मो जसनी भी थे। बलदेव सिंह उप्पल मलेशिया में वहां की भाषा में फिल्म निमार्ता हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने अंधविश्वास को दूर किया। ऊंच-नीच, अमीरी गरीबी का भेदभाव मिटाने का काम किया। उन्होंने समाज को भाईचारगी का संदेश भी दिया है। ऐसे गुरु महाराज के जन्म स्थान पाकिस्तान के ननकाना साहिब से जोत जला कर मलेशिया ले जाने की सोची है, ताकि गुरु नानकदेव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर उनकी बातों पर लोग अमल कर सकें। वह गुरु जी से प्रार्थना करेंगे कि लोगों के अंदर की रोशनी को जलाओ, वहां काफी अंधेरा है। भाईचारे की बात हो। कारण कि परिवार और समाज में खासा कलह है। उन्होंने बताया कि जब यात्रा शुरू हुई थी, तब 14 लोग साथ में थे। तख्तश्री पटना साहिब पहुंचने महज तीन रह गए हैं। कुछ बीमार पड़ गए, जो रास्ते में ही रह गए। जब वह बाघा बॉर्डर पहुंचे, तो वहां सीमा सुरक्षा बल और जवानों ने काफी उत्साह के साथ उन सबों का स्वागत किया। 18 अक्टूबर को वह पाकिस्तान के ननकाना साहेब से चले थे। करतारपुर से जल लेकर बाघा क्रॉस कर रास्ते में कभी होटल तो कभी गुरुद्वारा में ठहरे। आगरा में उन सबों का भव्य स्वागत किया गया। बुधवार की शाम में सब यहां पहुंचे हैं। अब सड़क मार्ग से ही मणिपुर की ओर प्रस्थान करेंगे। म्यांमार, भोरे, थाईलैंड बॉर्डर से होते हुए वहां गुरुद्वारा में कार्यक्रम होगा। इसके बाद मलेशिया के कोलालंबर शहर स्थित सेंट्रल गुरुद्वारा में इस जोत को स्थापित किया जाएगा। जोत लेकर आने वालों का स्वागत तख्तश्री कमेटी के कार्यालय के प्रबंधक हरजीत सिंह, सिख संगत में नवराज सिंह हैप्पी, दमनजीत सिंह आदि ने किया। जल रहे जोत को धार्मिक रस्म के साथ दरबार साहिब के प्रथम मंजिल पर, जहां अखंड पाठ होता है, वहां रखा गया है। यह सब उक्त जोत के साथ गुरुवार को आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पालीगंज में कचड़े से फैल रही है प्रदूषण



प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज क्षेत्र के विभिन्न सड़को पर पालीगंज नगर पंचायत का कचड़ा डंप कराई जाने के कारण आस पास का वातावरण प्रदूषित हो रही है। जिसके कारण पालीगंज नगर पंचायत के खिलाफ लोगो के बीच आक्रोश है। सरकार एक ओर स्वच्छता को लेकर कई योजनाएं चला रही है तो दूसरी ओर पालीगंज नगर पंचायत जहां तहां विभिन्न सड़को पर कचड़ा डंप करवाकर प्रदूषण फैला रहा है। यह मामला पालीगंज अटौलह मुख्य सड़क की है जिससे होकर प्रतिदिन छोटी बड़ी हजारों वाहन तथा पैदल यात्री गुजरते है। उसी सड़क पर पालीगंज नगर पंचायत द्वारा कचड़ा डंपिंग कराई गई है। जिससे निकलनेवाली दुर्गंध आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर रही है। साथ ही उसमें लगे आवारा कुतो के भय से पैदल यात्री को वहां से गुजरने में भय सता रही है। जिससे लोगो के बीच आक्रोश है। लेकिन लोगो ने दबे जुवान से डरते हुए बताया कि जो व्यक्ति इसका विरोध करता है उसके खिलाफ झूठी मामला बनाकर नगर पंचायत की ओर से केस में फंसाई जाती है। उन ग्रामीणों ने दबे आवज में बताया कि पिछले कई दिनों से दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के भरतपुरा भड़भेसर गांव के बीच पाली मसौढ़ी मुख्य सड़क पर इसी तरह कचड़ा डंप करवाकर नगर पंचायत पालीगंज की ओर से प्रदूषण फैलाई जा रही थी। जिसका विरोध कर ग्रामीणों ने 19 अक्टूबर को डंपिंग वाहन को रोक दिया था। यह खबर सभी प्रमुख अखबारों में प्रमुखता से छपी थी। फिर भी उस मामले में नगर पंचायत की ओर से ग्रामीणों के खिलाफ शिकायत की गई। जिसपर संज्ञान लेते हुए अनुमंडल कार्यालय पालीगंज की ओर से जांच टीम गठित कर दी गयी है लेकिन ग्रामीणों की समस्या का निदान नही किया गया।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों को अभिभावकों का सहयोग जरूरी : पूनम

## आरपीएम महिला कॉलेज में अभिभावकों ने दिये अनेक सुझाव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम कॉलेज में बुधवार को शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना और उनके समग्र विकास के लिए अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ रजिया नसरीन के द्वारा किया गया। अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने की। उन्होंने अभिभावकों का स्वागत करते हुए उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। प्राचार्या ने कहा कि छात्राओं को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, जूडो कराटे, हेल्थ चेकअप, आपदा प्रबंधन, जिम, कथक नृत्य एवं पेंटिंग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों का संयुक्त प्रयास बेहद जरूरी है। शिक्षकों ने इस दौरान छात्राओं की क्लास में उपस्थिति, उनका परीक्षा परिणाम और अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और उन्हें सकारात्मक माहौल प्रदान करें, ताकि वे अच्छा प्रदर्शन कर सकें। अभिभावकों ने भी अपनी चिंताओं और सुझावों को शिक्षकों के साथ साझा किया। आनेक अभिभावकों ने छात्राओं के प्रगति के लिए कॉलेज द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और सहयोग का वादा किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार, सुरेश प्रसाद, अभय कुमार राय, शिवजी पांडेय, नीतू देवी, जितेंद्र मिश्रा आदि अभिभावकों ने अपने विचार साझा किए। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी, ताकि छात्राओं के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास पर निरंतर ध्यान दिया जा सके। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ अंजू जैन के द्वारा किया गया। इयोजन में महाविद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

# प्रदीप बने ओबीसी एसोसिएशन, दानापुर के संयुक्त महासचिव

प्रात :किरण संवाददाता



खगौल। पूर्व मध्य रेल ओबीसी एसोसिएशन हाजीपुर संगठन विस्तार करते हुए शैलेन्द्र कुमार को एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया है` वहीं सुबोध पोद्दार को महासचिव एवं दानापुर मंडल के प्रदीप कुमार को संयुक्त सचिव तथा राजेश कुमार व रविंद्र कुमार अतिरिक्त सचिव बनाया गया है। उक्त बाबत जानकारी देते हुए दानापुर मंडल के प्रदीप कुमार ने बताया है कि इस संबंध में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी हाजीपुर द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदीप कुमार ने कहा कि,नया संगठन के विस्तार से,सक्रियता के साथ कर्मचारियों की समस्याओं के निदान हेतु,पूरी गंभीरता से इस से संबंधित मांगों के लिए संघर्ष किया जायेगा। वहीं प्रदीप कुमार को महासचिव बनाए जाने पर कई रेलकर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

# केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड पटना में भूजल संसाधनों का सतत विकास एवं प्रबन्धन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में बुधवार को आईईसी गतिविधियों के अंतर्गत भूजल संसाधनों का सतत विकास एवं प्रबन्धन विषय पर तीन दिवसीय टियर-'' प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम उदघाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मो साह्दुल्ला जावेद, अभियन्ता प्रमुख-सह-विशेष सचिव, लोकस्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार एवं आनंद कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (भारत सरकार) सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 27 प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुए, जो लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (बिहार सरकार), लघु जल संसाधन विभाग (बिहार सरकार) के सहायक अभियन्ता और कनीय अभियन्ता एवं पटना साइंस कॉलेज, ए०एन० कॉलेज, पटना, टी०पी०एस० कॉलेज, पटना के रिसर्च स्कॉलर व स्नातकोत्तर के छात्र तथा गैर सरकारी संस्थान नारी गुंजन के प्रतिभागी सम्मिलित हुए।विशिष्ट अतिथियों द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण के लिए क्षेत्रीय निदेशक और केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड को धन्यवाद दिया गया तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई।

मौके पर बुलेटिन, भूजल स्तर-पटना शहर, मई 2024ह्व का विमोचन भी किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना के वैज्ञानिकों द्वारा भूजल संसाधनों का सतत विकास एवं प्रबन्धन से सम्बन्धित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

प्रशिक्षण में गुरुवार को एएन कॉलेज, पटना के कैम्पस में जियोफिजिकल, मृदा (२ङ्क') इन्फिल्टरेशन टेस्ट एवं डिजिटल वाटर लेवल रिकॉर्डर का व्यवहारिक प्रशिक्षण कराया जाएगा।

# छठ पर नहाय-खाय व खरना को स्कूल खुला रखने का विरोध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




आस्था के महापर्व छठ के नहाय खाय एवं खरना के दिन शिक्षक की छुट्टी रद्द कर शिक्षण संस्थान खोलने और आस्था के साथ चोट पहुंचाने को कांग्रेस ने गंभीरता से लिया है। इसे लेकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला दहन किया।

वरीय कांग्रेसी नेता सुजीत कुमार कसेरा के नेतृत्व में आयोजन किया गया। पुतला दहन के पूर्व भगत सिंह चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नाराबाजी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुजीत कुमार कसेरा ने कहा कि छठ महापर्व पर जो सरकार ने छुट्टी रद्द करने का आदेश दिया है, वह शर्मनाक एवं हास्यास्पद है। छठ पर्व लगभग सभी घरों में होता है। इसमें जो छुट्टी की कटौती की गई है, इसे तुरंत वापस लेकर चार दिन की छुट्टी देने का आदेश देने की मांग की गई है।

कांग्रेसी नेता मो हनीफ शेख व अशोक यादव ने कहा कि इधर डबल इंजन की सरकार अनेक पर्व पर छुट्टी रद्द करने का गलत निर्णय ले रही है और दूसरी ओर सनातन का झूठा ढोंग करती है। पुतला दहन में मो फिरोज हसन, हरेंद्र प्रताप सिंह, जगजीत सिंह, डा इकबाल अहमद, शारीफ रंगरेज, प्रदीप यादव, चंद्रपाल सिंह अरोड़ा, अनिल यादव, डॉ तुषार आर्य, अरविन्द कुमार आदि मौजूद थे।

# व्हील चेयर से दरबार साहिब में नहीं जाने देने का अफसोस



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। मलेशिया से चल कर पाकिस्तान के ननकाना साहिब पहुंचे तो मन प्रसन्न हुआ कि अपने पहले गुरु के जन्म स्थान पर जाकर मत्था टेकने का उन्हें अवसर मिला। वहां से जोत और जल लेकर यात्रा के रूप में सड़क मार्ग से भ्रमण करते हुए वे सब वापस मलेशिया लौटेंगे। दरअसल यात्रा के प्रमुख बलदेव सिंह उप्पल उस वक्त खासा भावुक हो गए, जब उन्हें व्हीलचेयर के साथ दरबार साहिब में जाने की अनुमति नहीं दी गई। वह दरबार साहिब के बाहर में ही व्हीलचेयर पर बैठे-बैठे गुरु महाराज से अरदास करते रहे। उन्होंने कहा कि उनकी बादनसीबी है कि खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन जन्म स्थान पर पहुंच कर भी वे दरबार साहिब में जाकर मत्था टेक नहीं पाए। दरअसल एक हुई घटना के बाद उनके बैकबोन में समस्या आ गई और तब से वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। व्हील चेयर के साथ दरबार साहिब में जाने के लिए उन्हें अनुमति नहीं दी गई। स्थिति यह हो गई कि दरबार साहिब के बाहर में भी मीडिया से बात नहीं करने और चरण गंगा के पास ही बातचीत करने की अनुमति दी गई। उनका कहना था कि वह एक पढ़े-लिखे इंसान हैं। वह फिल्म निमार्ता हैं। गुरु के प्रति उनकी अकाट्य आस्था है। फिर भी न जाने किन कारणों से यहां के प्रबंधक कमेटी के लोग और सिंह साहिबान में शामिल लोगों ने उन्हें व्हीलचेयर से दरबार साहिब में जाने की अनुमति पता नहीं किन कारणों से नहीं दी।

# पालीगंज में महिला वार्ड पार्षद ने कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ थाने मे दिया आवेदन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पालीगंज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने सारी मयार्दाओं को पार करते हुए अपने ही एक महिला वार्ड पार्षद के खिलाफ अमर्यादित भाषा तथा जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया है। जिसकी लिखित शिकायत पीड़िता ने बुधवार को पालीगंज थाने पहुंचकर कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ की है। शिकायत पत्र के अनुसार पालीगंज नगर पंचायत क्षेत्र के रामपुर नगमा गांव स्थित वार्ड संख्या 06 के वार्ड पार्षद शकुंतला देवी अपने वार्ड में समरसेबल पम्प सेट लगाने के लिए दिशा निर्देश लेने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय गयी थी। जहां वह नगर पंचायत के कार्यपालक पदाशिकारी बिमल कुमार से शांति पूर्वक बात कर रही थी। इसी बीच कार्यपालक पदाधिकारी बिमल कुमार ने अमर्यादित तथा जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि मैं तुम्हारा काम नही करूँगा जहां जाना है जाओ मैं तुम्हारा औकात देख लूंगा। यह कहते हुए कार्यपालक पदाधिकारी बिमल कुमार ने वार्ड पार्षद को कार्यालय से भगा दिया। इस तरह की घटना से लोगो के बीच विभिन्न प्रकार की चचार्एं हो रही है। लोगो का कहना है कि जब जन प्रतिनिधि के साथ एक पदाधिकारी इस तरह का बर्ताव तथा व्यवहार कर सकता है तो आमजनों की क्या विसात। आमजनों का कहना है कि पालीगंज नगर पंचायत क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों, सार्वजनिक शौचालयों तथा स्वच्छता की स्थिति ठीक नही है। सड़को पर नाले की पानी बह रही है। छह माह पूर्व लगाई गई लाइटें खराब हो चुकी है। और नही तो बगैर स्थान चिन्हित किये सड़को पर कचड़े डंप कर वातावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। लेकिन इन समस्याओं की ओर नगर पंचायत का कोई ध्यान नही है। उल्टा समस्या से अवगत करानेवाले तथा विरोध करनेवालों के खिलाफ कार्यवाई की जा रही है जो काफी निंदनीय है।

# एसजीजीएस सदर अस्पताल की समस्याओं के निराकरण को प्रदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल सुधार समिति के द्वारा अस्पताल के मुख्य गेट पर यहां की समस्याओं को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया गया। अस्पताल में अधीक्षक की नियुक्ति एवं सदर अस्पताल में मरीज को मिलने वाली सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे सुधार समिति के महासचिव एवं पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, उपाध्यक्ष मोहम्मद जावेद, देवरतन प्रसाद, पेंशनर समाज के अमोद कुमार, इबरार अहमद रजा, सुजीत कसेरा, मो साबिर अली, शरीफ अहमद रंगरेज, शमीम अख्तर, मुन्ना जायसवाल, सरदार दया सिंह, बबलू जायसवाल, एजाजुद्दीन उर्फ सानू, रघुनाथ प्रसाद, त्रिभुवन यादव, सनोवर खान, दीना ठाकुर आदि ने अस्पताल में अधीक्षक की नियुक्ति की मांग की। डॉ आरआर चौधरी के सेवानिवृत्ति के बाद से अधीक्षक का पद खाली है। सदर अस्पताल में मिलने वाली सभी तरह की सुविधा की मांग कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि लगभग दो माह पूर्व मरीज को हो रही परेशानी एवं जनता के द्वारा बताए गए जनसुझाव कार्यक्रम में 25 विषयों पर दिए गए सुझाव के मांग पत्र को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को सौंपा गया था। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि जल्द ही जनहित में समस्याओं को दूर करेंगे। नेताओं ने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने मिशन 60 के तहत बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को अच्छा बनाया था, मगर आज मरीज इलाज के लिए परेशान एवं बेहाल है। प्रदर्शन के अंत में मुख्यमंत्री के नाम से प्रभारी अधीक्षक डॉ अर्जुन राम को 25 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इसमें अस्पताल में स्थाई अधीक्षक की नियुक्ति, सदर अस्पताल में मिलने वाली सभी सुविधा मुहैया कराने, सभी विभाग में ओपीडी में एमबीबीएस डॉक्टरों की पदस्थापना, अस्पताल में आपातकालीन विभाग में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति, जेनेरिक दवा बिक्री केंद्र 24 घंटे खोलने के साथ सामान्य दवा बिक्री केंद्र को भी 24 घंटा खोलने की व्यवस्था करने को कहा गया। ऑक्सीजन प्लांट एवं ब्लड बैंक की स्थापना कार्य में तेजी लाने, प्रसूति विभाग एवं इमरजेंसी कक्ष में 24 घंटे ओटी की व्यवस्था, यहां अतिरिक्त डॉक्टर पदस्थापित करने, गंभीर रोगियों के लिए अस्पताल में आईसीयू की सुविधा, अस्पताल में डॉक्टर के रहने को आवास की व्यवस्था, एमआरआई की सुविधा, एचआईवी यूनिट को अस्पताल के मुख्य भवन से हटा कर अन्य भवन में स्थानान्तरित करने, शव वाहन उपलब्ध कराने, हृदय रोग मरीजों के लिए इलाज की व्यवस्था, आर्थोपेडिक में एमबीबीएस डॉक्टर एवं ओपीडी व्यवस्था करने, पैथोलॉजी में नई मशीन व उपकरण की व्यवस्था, यूरिन कल्चर के उपकरण की व्यवस्था करने, डेंटल एवं ईएनटी में अलग से ओटी की व्यवस्था, आंख के मरीजों के लिए लेंस की व्यवस्था, डेंटल रोगियों के लिए एक्स-रे मशीन एवं ओटी की व्यवस्था, सभी विभाग के ओपीडी के साथ ही इमरजेंसी सेवा बहाल करने, न्यूरोलॉजिस्ट की व्यवस्था करने, अस्पताल में सभी तरह के दिव्यांगों का निःशक्तता प्रमाण पत्र निर्गत करने, वृद्धजनों की सुविधा को अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर व दवा वितरण केंद्र खोलने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने हो रहे देरी को दूर विलंब करने और अस्पताल में आने वाले मरीज के परिजनों की गाड़ी चोरी की घटना अधिक होने के कारण वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की गई।

# रबी मौसम में विभिन्न फसलों की खेती के लिए 39.806 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित : मंगल

## कृषि मंत्री ने किया रबी महाभियान अंतर्गत राज्यस्तरीय रबी कार्यशाला का उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राज्य के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बामेती पटना में आयोजित रबी महाभियान 2024 के अंतर्गत राज्यस्तरीय रबी कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा रबी मौसम में फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण देते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी एवं प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न उपादानों का वितरण पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान का लक्ष्य है कि हर हालत में किसानों का क्षमतावर्द्धन कर उनकी आय दोगुनी की जाय।

श्री पांडेय ने कहा कि रबी फसलों के आच्छादन क्षेत्र का लक्ष्य 39.806 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जिसमें गेहूं 26.147, मक्का 8.026, जौ 0.182 तथा कुल दलहन का आच्छादन क्षेत्र 5.442 लाख हेक्टेयर है। इसके अतिरिक्त 2.371 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में तेलहनी फसलों का उत्पादन किया जायेगा, जिसमें राई/सरसों 2.120, तीसी 0.223 लाख हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। उन्होंने कहा कि गेहूं का बीज 362302.8 क्विंटल, चना 34844.16 क्विंटल, मसूर 58588 क्विंटल, मटर 10000 क्विंटल, तीसी 950 क्विंटल तथा राई/सरसों 3825 क्विंटल अर्थात कुल 4 लाख 70 हजार 510 क्विंटल बीज की आवश्यकता होगी। इस लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 76573.67 क्विंटल बीज की आपूत्रि की गई है। दलहनी एवं तेलहनी फसलों के बीज का वितरण जारी है। साथ ही, गेहूं के बीज का वितरण भी आरम्भ किया जा रहा है। अभी तक विभिन्न फसलों के बीज वितरण पर लगभग 225 करोड़ रुपए की अनुदान राशि का व्यय किया जा चुका है।

श्री पांडेय ने कहा कि देश के अंदर दलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएँ क्रियान्वित करने का निदेश है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। भारत सरकार द्वारा रबी मौसम के फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए से लेकर 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की गई है। देश एवं राज्य के किसानों को समृद्ध बनाना डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस महाभियान के माध्यम से किसानों को तेलहन, दलहन के साथ-साथ बागवानी फसलों, गेहूं के बीज/उपादान तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दिया जाने वाला अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा लाभार्थी किसान को कृषि की उन्नत तकनीक एवं विभागीय योजना में देय अनुदान के संबंध में जानकारी एवं प्रशिक्षण दी जाएगी तथा उनके बीच विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदानित दर पर उपादान का वितरण भी किया जाएगा। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (कृषोन्नति योजना)-दलहन योजना अन्तर्गत किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु मसूर प्रत्यक्षण कार्यक्रम के लिए किसानों को प्रति एकड़/प्रति प्रत्यक्षण 3 हजार 600 रुपए के साथ ही, 2000 प्रति एकड़ रुपए नगद अनुदान सहायता दिया जा रहा है एवं मसूर फसल प्रमाणित बीज वितरण कार्यक्रम (दस वर्ष से अधिक एवं कम आयु के प्रभेद) बीज मूल्य का 80 प्रतिशत या 10,160 रुपए प्रति क्विंटल दोनों में जो न्यूनतम हो, अनुदान दिया जायेगा।

### मटर तथा सरसों के साथ मधुमक्खी पालन पर विशेष बल देना है :

इस अवसर पर कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि हम रबी मौसम में हमे मक्का के साथ मटर तथा सरसों के साथ मधुमक्खी पालन पर विशेष बल देना है। साथ ही, दलहन तथा तलहने का उत्पादन बढ़ाना, गेहूँ की बुआई 15 दिन पहले करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, अपर निदेशक (शष्य)-निदेशक, बामेती श्री धनंजयपति त्रिपाठी सहित विभाग के मुख्यालय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# सरकारी विद्यालयों में ससमय पाठ्यक्रम को पूरा कराना शिक्षकों का पहला दायित्व : सुनील

## नीतीश सरकार में किसी भी समुदाय को आशंकित होने की आवश्यकता नहीं : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पत्रकारो द्वारा त्योहारों की छुट्टियों के संबंध में पूछे जाने पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि ससमय पाठ्यक्रम को पूरा कराना शिक्षकों का पहला दायित्व है। हमारी सरकार विद्यालयों में पठन-पाठन सुचारु कराने को लेकर हमेशा से प्रतिबद्ध रही है और इस दिशा में लगातार कई प्रयास भी हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि त्योहारों की छुट्टियों के विषय में हमलोग बहुत जल्द विचार करेंगे और जो भी उचित होगा उसपर आगे का निर्णय लिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन संबंधित सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू हो जाएगी।

इस मौके पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि एनडीए गठबंधन झारखंड में पूरी मजबूती से चुनाव लड़ रही है और हमें पूर्ण विश्वास है कि वहाँ की जनता सत्ता में बैठे भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 के बाद प्रदेश में अमन-चैन का माहौल कायम किया है। विगत 19 वर्षों के शासन में बिहार में एक भी साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ। नीतीश सरकार में किसी भी समुदाय को आशंकित या भयभीत होने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ ह्यगांधी जीह्, संजय वर्मा एवं प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# भाकपा राज्य सचिव ने केदारनाथ पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने पूर्व विधान पार्षद व बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष कामरेड केदारनाथ पाण्डेय को दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि कॉमरेड केदारनाथ पाण्डेय बिहार के शिक्षकों के लोकप्रिय नेता रहे। वे बिहार विधान परिषद के सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में लगातार चार बार 2002, 2008, 2014 और 2020 में जीत दर्ज की। वे जीवन पर्यन्त भाकपा के राज्य नेतृत्व में रहे और माध्यमिक शिक्षक संघ के मोर्चे पर कार्य करते रहें। वे चर्चित लेखक, महान शिक्षाविद, कुशल राज नेता और समाज सेवी थे। वे सदन में शिक्षकों के साथ साथ आम अवाम की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाते रहें। वे प्रखर वक्ता भी थे। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। उन्होंने कई किताबें भी लिखी। कॉमरेड केदारनाथ पाण्डेय का जन्म एक जनवरी 1943 को हुआ था और निधन 23 अक्टूबर 2022 को इलाज के दौरान हो गया।

# एकजुटता से बिहार में बढ़ेगा एनडीए का समर्थन : दिलीप

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बेलागंज में एनडीए नेताओं के साथ उपचुनाव की तैयारियों पर की चर्चा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल के बुधवार को बेलागंज एवं इमामगंज जाने के क्रम में जहानाबाद के अलगाना स्थित बायपास चौक पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष अजय देव और शशि रंजन के नेतृत्व में समर्पित कार्यकताओं द्वारा जोश और उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। जायसवाल ने इस आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर कहा, कार्यकताओं की यही ऊर्जा संगठन को आगे बढ़ाने के लिए ईंधन का काम करती है। यह उत्साह हमें आने वाले चुनावों में सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बेलागंज और इमामगंज में एनडीए नेताओं की बैठक :

गया जिले के बेलागंज और इमामगंज में आज भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष ने एनडीए नेताओं और पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लेना और चुनावी रणनीतियों पर गहन चर्चा करना था।

बैठक में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी और समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, इस उपचुनाव में हमारी सफलता कार्यकताओं की एकजुटता और सक्रियता पर निर्भर करती है। हर कार्यकर्ता का समर्पण चुनावी सफलता का आधार बनेगा।

डॉ. जायसवाल ने एनडीए कार्यकताओं के बीच आपसी तालमेल की भी विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकताओं का बूथ स्तर पर आपसी तालमेल अत्यंत सराहनीय है, और हमें इस तालमेल को बरकरार रखते हुए उपचुनाव में भी विपक्ष को करारी शिकस्त देनी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन की यह एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, और इसी के बल पर हम जीत की ओर अग्रसर होंगे।

### नामांकन तैयारियों की समीक्षा :

बैठक के दौरान आज बेलागंज और इमामगंज में होने वाले नामांकन को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. जायसवाल ने नामांकन से जुड़ी तैयारियों का गहन निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सही और अनुशासित ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, नामांकन प्रक्रिया में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए, यह प्रक्रिया हमारी संगठनात्मक मजबूती का परिचायक है। सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझें और इसे सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए पूरी तत्परता से जुट जाएं।

### एनडीए नेताओं का संदेश :

बैठक में एनडीए के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे और सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकजुटता और संगठन की मजबूती से ही चुनावी लड़ाई जीती जा सकती है।

डॉ. दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन के अंत में कहा, कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण ही हमारी जीत की नींव है। हमें एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनावी अभियान को आगे बढ़ाना है, ताकि बिहार के विकास के लिए एनडीए को मजबूत समर्थन मिल सके। बिहार की जनता का विश्वास और समर्थन हमें राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरित करता है, और हमें इसे बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करना है।

# उपचुनाव में महागठबंधन का सूपड़ा साफ होना तय : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार में चार सीटों पर हो रहे विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन का सूपड़ा साफ होना तय है। सभी चारो सीटों पर एनडीए की जीत होगी। भाजपा प्रवक्ता ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महागठबंधन के नेताओं के इतने काले कारनामे सामने आ चुके हैं कि वोट देना तो दूर ,जनता उनका चेहरा भी देखना नहीं चाहती। 2025 चुनाव में महागठबंधन की होनेवाली भारी हार का आगाज इसी उपचुनाव से होनेवाला है। श्री मिश्र ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण महागठबंधन की ग्रह-नक्षत्र की दशा ठीक नहीं चल रही। महागठबंधन में कांग्रेस और राजद राहू और केतु हैं। इनकी छाया जहां पड़ेगी, उसका नुकसान होना तय है।

श्री मिश्र ने कहा कि वह जमाना गुजर गया, जब बिहार की जनता महागठबंधन के नेताओं के झांसे में आ जाती थी। अब बिहार के लोग महागठबंधन के नेताओं को देखना भी नहीं चाहते। उपचुनाव में बिहार के लोग एनडीए प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देने के लिए मतदान की तिथि का इंतजार कर रहे हैं। बिहार के मतदाताओं के सामने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार है, और वे इसी को बरकरार रखना चाहते हैं। बिहार के लोग जानते हैं कि डबल इंजन मतलब डबल रफ्तार से विकास।

# मेरी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता एनडीए की जीत के लिए प्रतिबद्ध : उपेंद्र

## रालोमो ने नामित किए आगामी विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी



पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में मेरी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता एन डी ए की जीत के लिए प्रतिबद्ध है। एनडीए की तरारी विधानसभा के नामांकन सभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने उनके सन्देश को पढ़कर सुनाया। साथ ही उपेंद्र कुशवाहा के आदेश पर पार्टी ने बिहार विधानसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन में समन्वय के लिए प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी के नेतृत्व में 10 सदस्यों वाली एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है।

पार्टी ने प्रशान्त पंकज को उपचुनाव हेतु प्रदेश प्रभारी, नितिन भारती को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया है। पप्पू वर्मा को बेलागंज विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है जबकि सुभाष चन्द्रवंशी को इमामगंज, जागा कुशवाहा को तरारी और जंगबहादुर सिंह को रामगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त चारों विधानसभा क्षेत्र जिन तीन जिले में आते हैं उनके जिला अध्यक्षों को भी इस समिति में जगह दी गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उपरोक्त समिति के सदस्य सह प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बतलाया कि इस उच्च स्तरीय समिति के सभी सदस्य एन डी ए गठबंधन के बेहतर समन्वय के लिए आगामी 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास एक अणे मार्ग में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आयोजित बैठक में पार्टी की ओर से भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में जदयू, भाजपा, लोजपा और हम पार्टी के 10 -10 पदाधिकारियों को विस्तृत चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है।

# जिनके राज में दंगे और नरसंहार हुए, वे दंगों पर मुँह न खोलवाएँ :सम्राट

## एनडीए सरकार में साम्प्रदायिकता, भ्रष्टाचार अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद के 15 साल के राज में न केवल यहां साम्प्रदायिक दंगे हुए, बल्कि जातीय दंगे और नरसंहारों की आग में भी बिहार जलता रहा। वे राजनीतिक कारणों से दंगाइयों के किसी न किसी वर्ग को संरक्षण भी देते रहे ।

श्री चौधरी ने कहा कि लालू राज में सीतामढ़ी का वह भीषण दंगा आज भी लोग नहीं भूले हैं, जिसमें सैंकड़ों लोग घायल हुए और सम्पत्ति का भारी नुकसान हुआ था। 1992 में वहां दो समुदायों के बीच हिंसा भड़की और 65 लोग मारे गए थे। लालू प्रसाद दंगा क्यों नहीं रोक पाए? राबड़ी देवी के शासनकाल में बिहारशरीफ भी दंगों की आग में जला था। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में जब तक एनडीए की सरकार है, साम्प्रदायिकता, अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति कायम रहेगी। राज्य सरकार दंगाइयों पर कड़ी नजर रखती है। इसकी चिंता लालू प्रसाद न करें।

श्री चौधरी ने कहा कि जिन लोगों ने भागलपुर दंगा, सीवान के आतंक शहाबुद्दीन को संरक्षण दिया, वे किस मुँह से दंगों को लेकर बयान दे रहे हैं?

उन्होंने कहा कि राजद की जमीन खिसक गई है। वे लोकसभा में केवल 4 सीट जीत पाए,इसलिए लालू परिवार अल्पसंख्यकों को भाजपा का भय दिखा कर वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रहे हैं।

# राजद ने पंद्रह वर्षों के शासनकाल में मुस्लिमों के लिए क्या किया : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने राजद पर तंज कसा है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बात-बात में मुस्लिम हितों की रहनुमाई करने वाले लालू तेजस्वी यह बताएं कि पंद्रह वर्षों के शासनकाल में मुस्लिमों के लिए क्या किया। जब मदरसा शिक्षक भूख से मर रहे थे और सीएम रहते लालूजी से वेतन बढ़ाने की मांग करते थे तो लालू का जवाब होता था कि जान भी बचाएं और वेतन भी बढ़ाएं। लालू बताएं कि उनके मुख्यमंत्री रहते मुस्लिमों की आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में क्या परिवर्तन आया? उन्हें अस्पताल, घर, सड़क, दवाई, पढ़ाई, सबसे वंचित क्यों रखा? लालू ने आज तक किसी मुस्लिम नेतृत्व को क्यों नहीं उभरने दिया?

वस्तुतः लालू का मुस्लिम प्रेम केवल मुस्लिमों के वोट तक ही सीमित रहा। लालू जब जेल गए तो अपनी पत्नी के बजाय किसी मुस्लिम को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया? नेतृत्व के स्तर पर भी किसी स्वच्छ नेतृत्व को बढ़ावा देने के बजाय शहाबुद्दीन जैसे लम्पट लोगों को बढ़ावा क्यों दिया? भागलपुर दंगा में अल्पसंख्यकों के मुख्य हत्यारोपी कामेश्वर यादव के प्रति लालू का अटूट प्रेम लालू के मुस्लिम प्रेम के ढकोसले का ज्वलंत उदाहरण है।

# मुसलमानों की तरफ बुरी नजर से देखने वालों की ईंट से ईंट बजा देंगे : तेजस्वी



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जदयू और भाजपा पर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि आज भाजपा के एक सांसद ने बिहार में माहौल बिगाड़ने के लिए भड़काऊ बयान दिया और आज ही उस सांसद को राज्य सरकार ने अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया करा दी।

इस देश की मिट्टी में सबकी महक और आजादी में सबका योगदान है। मैं हरेक व्यक्ति को भरोसा दिलाता हूँ कि जब तक मेरी साँस है मैं बिहार को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने वाले हरेक व्यक्ति के सामने डट कर खड़ा रहूँगा और मुसलमानों की तरफ बुरी नजर से देखने वालों की ईंट से ईंट बजा देंगे।

# पथ-पुल संधारण की दिशा में लोक शिकायत निवारण प्रणाली एक क्रांतिकारी कदम: विजय

## नई प्रणाली पारदर्शिता एवं जन भागीदारी सुनिश्चितकरने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को पथ-पुल संधारण संबंधित लोक शिकायत निवारण प्रणाली का उद्घाटन किया। प्रणाली के तहत आम नागरिक के द्वारा भी पथ-पुलों के त्रुटियों को सूचित किया जा सकता है। पथ संधारण नीति के तहत अबतक मात्र क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा ही पथ की त्रुटि को मोबाईल ऐप पर अपलोड करने की सुविधा प्रदान कि गई थी, जिसका संवेदक द्वारा निराकरण किया जाता था, मगर अब आम-जन स्वयं भी त्रुटियों को सूचित कर सकते है।

पथ पुल संधारण की दिशा में इस प्रणाली को एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए उप मुख्यमंत्री सह- पथ निर्माण मंत्री ने बताया कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के द्वारा प्रतिवेदित त्रुटि को फोटो सहित संबंधित संवेदक को सुधार हेतु भेजा जाएगा। तत्पश्चात संवेदक द्वारा निराकरण किया जाएगा एवं मरम्मति के उपरान्त पुनः फोटोग्राफ भेजकर विभाग को अवगत कराया जायेगा।

अभियंताओं के द्वारा स्थल के निरीक्षणोंपरान्त मानक के अनुसार मरम्मति कार्य किये जाने पर स्वीकार किया जायेगा, अन्यथा संवेदक को पुनः मरम्मति हेतु निदेश दिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने इस प्रणाली को पारदर्शिता एवं जन भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इस लोक शिकायत निवारण प्रणाली में आम नागरिकों को भी पथ की त्रुटि को ऑनलाईन माध्यम से विभाग को भेजकर मरम्मति के लिए सूचित करने की व्यवस्था की गई है। इसे पथ निर्माण विभाग के बेवसाईट पर जाकर शिकायतकर्ता को अपना नाम, मोबाईल नम्बर, जिला का नाम, पथ का नाम, त्रुटि का प्रकार को अंकित करते हुए स्थल का जियो टैग फोटोग्राफ अपलोड करना होगा।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि शिकायतकत्र्ता द्वारा दर्ज किये हुए शिकायत एवं फोटोग्राफ को कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से संबंधित जिला के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को ऑनलाईन भेज दिये जाने का प्रावधान है। इसके उपरान्त संवेदक का दायित्व है कि त्रुटि को निर्धारित समय सीमा के अन्दर मरम्मति कर स्थल का फोटोग्राफ अपलोड किया जायेगा। इस व्यवस्था से पूर्ण पारदर्शिता के साथ-साथ पथों का त्रुटिरहित रख-रखाव पर नियंत्रण किया जा सकेगा।वर्तमान में पथ निर्माण विभाग अन्तर्गत लगभग-9500 किमी ओपीआरएमसी पथों का संधारण किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि भविष्य में पथ-पुलों संबंधित शिकायत प्राप्त करने हेतु कॉल सेंटर का भी गठन किया जायेगा। जिसमें कॉल रिकॉडिंग की व्यवस्था रहेगी एवं शिकायत निवारण पश्चात शिकायतकर्त्ता कार्रवाई से अवगत भी हो सकेगें।

मौके पर पथ निर्माण विभाग के सचिव, बी कार्तिकेय धनजी, विशेष सचिव, शीर्षत कपिल अशोक एवं विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# दिवाली एवं छठ पूजा के दौरान निर्बाध होगी बिजली आपूर्ति

## विद्युत संरचना के रखरखाव के लिए उठाएं जा रहे कई महत्वपूर्ण कदम

### सुनिश्चित करने हेतु पेसू टीम तैयार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



दिवाली एवं छठ पूजा के दौरान निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए पेसू की टीम ने तैयारियां शुरू कर दी है। विद्युत संरचना के रखरखाव के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाएं जा रहे हैं।

आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर पेसू की टीम ने छठ घाटों और तालाबों पर सुरक्षित एवं निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की है। छठ पर्व के दौरान गंगा नदी और तालाबों के किनारे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। इस समय घाटों के आस-पास के इलाकों में मौजूद विद्युत संरचनाओं को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने हेतु कार्य किया जा रहा है।

33केवी/11केवी लाइन, एलटी लाइन का अनुरक्षण और मरम्मत करने के साथ ही भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा की दृष्टि से सेपरेटर लगाए जा रहे हैं। ओवरहेड लाइन पर गार्ड वायर लगाए जायेंगे। जहां आवश्यकता होगी, वहां ओवरहेड लाइन को एबी केबल से बदला जाएगा। इसके अलावा, घाटों के नजदीक स्थित वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता का आकलन किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कर ह्यडेंजरह्न बोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही, छठ पूजा समितियों के संचालकों के साथ समन्वय कर पंडालों और विद्युत लाइनों के बीच उचित दूरी सुनिश्चित की जाएगी, जो विद्युत सुरक्षा नियमों के अनुसार अनिवार्य है।

छठ घाट के मार्ग का निरीक्षण किया जाएगा। इस क्रम में लाइन में जहां भी ढीले तार पाए जाएंगे, उसे तुरंत ठीक किया जाएगा और साथ ही, क्षतिग्रस्त इन्सुलेटर को बदला जाएगा। सभी घाटों, तालाबों, पहुंचपथों पर पूजा समिति, नगर निगम, नगर परिषद द्वारा लगाए जाने वाले सर्विस तार की गुणवत्ता की जांच कर सुधारात्मक कार्रवाई हेतु प्रत्येक घाट पर लाइनमैन प्रतिनियुक्त किए जाएंगे।

33/11 केवी ब्रेकरों और शक्ति उपकेंद्रों को कार्यरत रखा जाएगा, और किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबियों को छठ पूजा से पहले ठीक कर लिया जाएगा। किसी भी विद्युत अवरोध की स्थिति में त्वरित समाधान के लिए एक क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात की जाएगी।

इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के सचिव एवं बीएसपीएचसीएल के सीएमडी श्री पंकज कुमार पाल ने कहा कि हमारे लिए छठ पूजा के दौरान निर्बाध और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता है। इस पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखते हुए हमारी टीमें पूरी तत्परता के साथ काम करेंगी। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी प्रकार की विद्युत संबंधी समस्या उत्पन्न न हो और श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के अपना पर्व मना सकें।

पेसू की टीम दिवाली एवं छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# जनता 493 करोड़ की योजनाओं का तोहफा पाकर जनता सीएम के प्रति समर्पित : डॉ. मधुरेंदु

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सुपौल जिले का मलाढ़ गांव में बुधवार को अपने बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पाकर वहां की जनता खुश होता रहा और सीएम ने भी जन-आकांक्षा के मुताबिक उस महादलितों की बस्ती को 493 करोड़ की लागत की योजनाओं का शिलान्यास व

उद्घाटन कर जनता की वाह वाही बटोरी। जदयू नेता डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने बताया है कि पहले ही मुख्यमंत्री ने महादलितों के इस बस्ती में शिक्षा प्राप्त करने हेतु एक स्कूल तथा एक पोखर को समर्पित किया था जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन पर बेहतरीन ढंग से लोगों ने सजाया था। डॉ. पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री का महादलितों के प्रति लगाव शुरू से जगजाहिर है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने विकास रोड मैप को समय

रहते धरातल पर उतारा है जो किसी भी सरकार के लिए प्रासंगिक है।

# केंद्रीय मंत्री चिराग आज चतरा में



पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान झारखंड में चतरा विधानसभा से एनडीए के लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी जनार्दन पासवान के नामांकन सभा में शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान चतरा विधानसभा के थाना मैदान चतरा मे दोपहर 1:00 बजे एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान के लिए विशाल नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडीया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सैंकड़ों ने कराई जांच

## जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल ने सदर अस्पताल में लगाया शिविर

नवादा। जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल पटना ने जिला स्वास्थ्य समिति नवादा के सहयोग से बुधवार को सदर अस्पताल नवादा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जिसमें मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में कैंसर रोग के डॉ हरी प्रसाद अचंती तथा हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉ.प्रवीर सिन्हा ने रोगियों की जांच कर सलाह दी। शिविर में मुफ्त में वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, एसपीओ 2, ईसीजी और इको जांच की गयी। शिविर में मरीजों को देखने के बाद कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हरी ने कहा कि शुरूआती दौर में पकड़ में आ जाने पर कैंसर के पूरी तरह ठीक होने की संभावना रहती है। उन्होंने मरीजों से कहा कि वे अपने शरीर में हो रहे बदलाव पर ध्यान देते रहें और अगर कुछ भी खराबी मिले तो तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से दिखाकर सलाह लें। हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवीर सिन्हा ने कहा कि हृदय रोग से बचने के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। धूम्रपान या तम्बाकू का सेवन करने से परहेज करें। जंक फूड न खाएं, संतुलित आहार लें तथा मांस, मछली, अंडा तथा मौसमी फल का सेवन करें। अपनी जीवनशैली को नियमित रखें और नित्य व्यायाम या टहलने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि सांस लेने में कोई दिक्कत हो, दिल की धड़कन में उतार-चढ़ाव आए तो विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेकर इलाज कराएं।

# भाकपा-माले ने दमनकारी नितीयो के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला

●कमजोर लोगों को थानाध्यक्ष करते है पड़तारीत: भूषण सिंह

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी जयनगर देवधा थानाध्यक्ष प्रीति भारती के जनविरोधी व दमनकारी नितीयो के खिलाफ और आंदोलनकारियो की सुरक्षा प्रदान करने तथा थानाध्यक्ष पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग को लेकर देवधा में प्रखंड सचिव भूषण सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने निकाला प्रतिरोध मार्च। प्रतिरोध मार्च भगवती चौक से निकाला गया जो कब्रगाह चौक चौराहा चौक शंकर चौक होते हुए पून भगवती चौक पर देवधा लोकल कमिटी सचिव कॉ रशीद अंसारी के अध्यक्षता में सभा आयोजित की गई।सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा किदेवधा थाना क्षेत्र के देवधा उत्तरी पंचायत के विनय कुमार पंडित और मो लियाकत मंसूरी के बिच वर्षो से भूमि में सीमांकन को लेकर आपसी विवाद चल रहा था। समाजिक स्तर पर विवाद समाधान नही होने के कारण यह मामला थाना दिवस में चला गया था। थाना दिवस के माध्यम से अमीन के द्वारा सीमांकन कराया गया था लेकिन विवादित अमीन से मापी कराने के कारण मो लियाकत मंसूरी भूमि मापी से संतुष्ट नही थे उन्होने थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी से पून स्वयं भूमि की मापी करा कर संतुष्ट होने कि अनुरोध किए थे ।लेकिन लगातार वर्षा होने और विनय कुमार पंडित के भूमि में स्थाई रूप से जल जमाव होने के कारण अमीन मापी करने से इंकार कर रहे थे ।इसी बिच अचानक मो लियाकत मंसूरी को बिना सूचना के ही तथा बिना ऊपरी पदाधिकारी के आदेश के ही 19 अक्टूबर 2024 समय करीब 1 बजे दिन में देवधा थानाध्यक्ष प्रीति भारती के नेतृत्व में 20-25 पुलिस बलों के द्वारा 15 वर्षो पूर्व पक्का निर्मित शौचालय को तोड़ दिया गया और घर के महिला सदस्य अफसाना खातुन के द्वारा विरोध करने पर थानाध्यक्ष प्रीति भारती के द्वारा गाली गलौज के साथ-साथ मारपीट भी किए और 75 वर्षीय वृद्ध मो लियाकत मंसूरी को भी गाली व धमकी दिया गया है। हमारी पार्टी भाकपा माले इस पुलिस दमन का तीब्र निदा करते हुए थानाध्यक्ष प्रीति भारती के जनविरोधी व दमनकारी नितीयो के खिलाफ और थानाध्यक्ष के उपर कार्रवाई करने और आंदोलनकारियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग पुलिस अधीक्षक मधुबनी से करते है।नरेश ठाकुर ने कहा कि देवधा थाना क्षेत्र में पुलिस के लापरवाही के कारण लगातार अपराधी घटनाएं में वृद्धि हुआ है जो समाज के लिए चिंताजनक स्थिति बना हुआ है। देवधा पुलिस आम जनता से बिल्कुल अलग-थलग रह कर थाना चलाने हैं और अपराधी व तस्करों एवं समाज विरोधी लोगों से मजबूत गठजोड़ है जिसके कारण अच्छे व कमजोर लोगों पर पुलिसिया दमनकारी नितीयों से पड़तारीत करते हैं। सभा को भूषण सिंह नरेश ठाकुर रशीद अंसारी शौकत अली नजाम मुमताज शिवो देवी मनोज सिंह साबीर जागेश्वर राम रामहृदय यादव महेंद्री देवी रानी देवी मुस्तफा सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने तीन आरोपी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार, एक फरार



मधुबनी देवधा थाना पुलिस ने रजौली गांव के एक आम बगीचे से तीन आरोपियो को हथियार के साथ गिरफ्तार किया, जबकि एक फरार हो गया। एसडीपीओ विप्लव कुमार के अनुसार गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक अवैध देशी कट्टा एक अवैध नकली पिस्टल एक धारदार हथियार और एक बाइक बरामद की। अपराधी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे।

### पूर्व कुलपति चेतकर झा की स्मृति में प्रतिवर्ष होगा व्याख्यान का आयोजन



दरभंगा।ललनामिवि के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में विभागीय परिषद की बैठक का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बुधवार को विभागीय बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कुलपति प्रो. चेतकर झा की स्मृति में प्रतिवर्ष नवंबर माह में व्याख्यान के आयोजन पर सहमति की मुहर लगी। इस संदर्भ में प्रो यादव व डॉ. पुतुल सिंह के बीच सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर हुआ जिसका अनुमोदन विभागीय परिषद द्वारा किया गया। इस बैठक में विभाग के वरीय शिक्षक डॉ. मुकुल बिहारी वर्मा, डॉ. मनोज कुमार एवं रघुवीर कुमार रंजन उपस्थित थे।

### बीसीएम और आशा फैसिलिटेटर से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण



विभूतिपुर /समस्तीपुर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अभय शंकर ठाकुर ने बीसीएम राहुल कुमार गौरव और आशा फैसिलिटेटर को अलग अलग पत्र भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है। विदित हो कि विगत दिनों पैसे की लेन देन को लेकर बीसीएम और आशा फैसिलिटेटर के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें बीसीएम जख्मी हो गए थे। मामले को लेकर दोनों ने अलग-अलग आवेदन थाने में दिया था। जिसमें बीसीएम ने आशा द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिए जाने का आरोप लगाया था। वहीं आशा फैसिलिटेटर ने बीसीएम द्वारा आशा से अवैध वसूली का दबाव बनाने का आरोप लगाया था।

### चकमेहसी थानाध्यक्ष ने देशी शराब किया बरामद

कल्याणपुर,समस्तीपुर। चकमेहसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के श्रीनाथ पारण गांव के एक बागान में छापेमारी कर 45 लीटर देसी शराब बरामद किया। पुलिस गाड़ी देखते ही कारोबारी भागने में सफल रहा। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में पीएसआई मनीषा कुमारी, संजीव कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव व सुरक्षा बल ने सक्रिय सहयोग किया। उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 169/24 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज करते हुए अग्रसर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## एक अनजान क्लिक आपको लाखपति से खाकपति बना सकती है : डॉ अनिल चौधरी

**बिहार साइबर सुरक्षा और संरक्षा जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विचारगोष्ठी आयोजित**




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। यकीनन इंटरनेट पूरे विश्व को आपसे बस एक क्लिक की दूरी पर लाकर रख दिया है लेकिन इसके प्रयोग में काफी सतर्कता की भी जरूरत है। साइबर फ्रॉड के बारे में जनजागरूकता की जरूरत है। साइबर फ्रॉड विभिन्न माध्यम से पढ़े-लिखे लोगों को भी चकमा देकर जीवन भर की कमाई संपत्ति को मिनटों में गोल कर देता है और कभी-कभी आपका एक अनजान क्लिक भी आपको साइबर फ्रॉड के जाल में उलझा लेता है और आपको सेकंडों में लाखपति से खाकपति बना सकता है। इससे बचने के लिये कुछ सतर्कता जरूरी है जो मैं आप सबों के साथ साझा कर रहा हूँ। आप सभी छात्र-छात्रा इसे जानकर अपने परिवार के लोगों को भी जागरूक करें। कभी भी किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक ना करें, कभी भी निजी डाटा किसी अनजान के साथ या दूरभाष पर शेयर न करें, कोई भी कॉन्फिडेंशियल जानकारी मोबाइल में न रखें, किसी भी मोबाइल एप के टर्म कंडीशन को पढ़े बिना एक्सेप्ट न करें और न ही इंस्टाल करें, अन्यथा आपके मोबाइल का निजी डाटा अनवरत हैक होता रहेगा और आपको पता भी नहीं चलेगा। हर किसी के साथ अपना मोबाइल नंबर, आधार नंबर व पैन नंबर साझा न करें, जब तक विशेष जरूरत न हो। बैंक, बिजली विभाग आपसे कभी निजी डाटा या बिजली, फोन काटने की सूचना फोन पर नहीं देता है। इसीलिए इससे संबंधित कोई भी फोन कॉल्स आये तो उसे नजरअंदाज करें या संबंधित विभाग जाकर मिले। उक्त बातें महाविद्यालय के आय-व्यय पदाधिकारी सह इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार चौधरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में आयोजित आज बिहार साइबर सुरक्षा व संरक्षा सप्ताह विषय पर आयोजित विचारगोष्ठी में कहा।

यह विचारगोष्ठी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सी-डैक एवं इकॉनॉमिक्स ऑफिंस यूनिट बिहार पुलिस के द्वारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के आचार्य डॉ. कुमार नरेंद्र नीरज, डॉ. कुमुद कुमारी, डॉ. जेबा प्रवीण, डॉ. उदय कुमार साह, डॉ. सुजीत कुमार साफी, डॉ. मनोज कुमार वर्मा के साथ-साथ सी-डैक से आये सुशील कुमार यादव ने भी अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार व सुझाव रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## प्रशिक्षणार्थियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत दिलाया गया शपथ



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आरसेटी में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं विजिलेंस अधिकारी शशिकांत तिवारी के उपस्थिति में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शपथ दिलाया गया।

क्षेत्र प्रमुख ने कहा कि सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है, भ्रष्टाचार के विरुद्ध उन्मूलन के लिये सभी लोगों को मिलकर काम करने की जरुरत है साथ ही जीवन के सभी क्षेत्र में ईमानदारी एवं कानून के नियमों का पालन करना बहुत जरुरी है, साथ ही कभी भी किसी प्रकार की रिश्वत नहीं लेनी चाहिए। विजिलेंस अधिकारी ने बताया की अगर समाज को बेहतर बनना है तो सर्वप्रथम हमें अपने प्रति ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा होना जरुरी है क्यूंकि इसके बिना हम एक बेहतर समाज की उम्मीद नहीं कर सकते है। संस्थान के निदेशक पीके सिंह ने कहा सभी लोगों के एक साथ मिलकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष के साथ वचनबद्ध होना जरुरी है। मौके पर एफएलसी एमके ठाकुर, वरिष्ठ संकाय श्रवण कुमार झा, बिट्टू भारती, शुभम सिन्हा, रूपमती कुमारी एवं सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## एसडीओ ने की बैठक



कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड स्थित बीडीओ प्रकोष्ठ में अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय वो बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी के साथ समन्वय बैठक की गई। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोहम्मद हैदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी महेश कुमार भगत, यूनिसेफ के प्रखंड कोऑर्डिनेटर शंकर सुमन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार, तीरा मुखिया प्रतिनिधि आशीष पटेल आदि मौजूद थे। बैठक में नल जल योजना संचालन आदेश समस्याओं को दूर करने हेतु विशेष रूप से जोड़ दिया गया। सोलर स्ट्रीट लाइट का निरीक्षण कर रिपोर्ट करने के लिए कहा गया। लाइट 11:00 बजे के बाद ही अधिकांश बंद हो जाने कि शिकायत पर उसे सुधारने की दिशा में कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया मनरेगा योजना के अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण, किसान के फसल छति का आकलन सही तरीके से करने का निर्देश दिया गया, आवास योजना निर्माण पर फोकस किया गया, व राशन कार्ड बनवाने हेतु पंचायत राज रोस्टर लगाकर आवेदन देने को कहा गया।

## प्रेमिका के घर फंदे से झूलता मिला प्रेमी का लाश, परिजन लगा रहे हैं हत्या का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में प्रेमिका के घर फंदे से लटका प्रेमी का लाश मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुटने लगी। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस प्रारंभिक तहकीकात के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। मृतक की पहचान शाहपुर वार्ड 11 निवासी पिंटू झा के 17 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार बताया गया। शिवम इंटर का छात्र था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की देर रात्रि शिवम कुमार की लाश शाहपुर गांव में अखिलेश ईसर की घर में मिलने की सूचना मिली। कानो कान यह बातें पूरे गांव में फैल गई। धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुटने लगी। इसके बाद किसी ने इसकी सूचना डायल 112 टीम को दी। सूचना पर डायल 112 की टीम और विभूतिपुर थाना घटना स्थल पर पहुंचकर फंदे से लाश को उतारा और प्रारंभिक जांच के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। वहीं मृतक की परिजन हत्या की आरोप लगा रहे थे। वही इस संबंध में थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि शिवम का लाश फंदे से झूलते मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक तहकीकात के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की ओर से अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है। फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला का खुलासा हो पाएगा। बता दें की मृतक दो भाई में बड़ा था। इंटर में पढ़ता था। शिवम की मौत की खबर मिलते ही माता रानी देवी सहित परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था।

## प्रत्येक वार्ड व सेक्टर में होगा नीतीश चर्चा: भूमिपाल राय

●मुख्यमंत्री के द्वारा किये विकास के कार्यो को बताना और नीतीश चर्चा के नाम से एक कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। दरभंगा नगर जिला जनता दल यूनाइटेड के द्वारा समीक्षात्मक एवं विस्तारित बैठक का आयोजन सुशीला विवाह भवन में माधव झा के अध्यक्षता आयोजित की गई है, जिसमें मुख्य अतिथि दरभंगा प्रमंडल प्रभारी सह पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय मौजूद थे साथ मे दरभंगा नगर विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र साह भी उपस्थित थे। इस समीक्षात्मक बैठक में भूमिपाल राय ने सभी सेक्टरों का समीक्षा करते हुए कहा कि अब सभी वार्डो मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किये गये विकास के कार्यो को लोगों को बताना है और नीतीश चर्चा के नाम से एक कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी को बूथ तक मजबूत करना है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र साह ने कहा कि नगर संगठन बहुत मजबूत है अब इसे और भी मजबूत करने के लिए हर बूथ पर हमे मजबूत बनना होगा इसीलिए सभी साथी मिलकर बूथ को मजबूत कीजिए। नगर जदयू अध्यक्ष माधव झा ने कहा की प्रमंडलीय प्रभारी के निदेर्शानुसार नीतीश चर्चा रथ के नाम से एक रथ हर दरभंगा नगर के हर सेक्टर और वार्ड में जायेगा जिसमें हमलोग मुख्यमंत्री नीतीश जी के, विकासात्मक कार्यो का चर्चा करेंगे तब होगा बूथ जीतो चुनाव जीतो।

बैठक में दरभंगा जिला जदयू अध्यक्ष गोपाल मण्डल , प्रदेश सचिव ईश्वर मण्डल, कमरे आलम, दीपक कुमार सिन्हा,पार्षद राजीव सिंह,पुर्व पार्षद शशि चंद्र पटेल,पूर्व पार्षद श्याम मण्डल, विश्मभर पासवान, नवाब अख्तर, बिट्टू सिंह, अरविंद झा, श्याम किशोर राम,दीदार हुसैन चांद,प्रदीप महतो, इकबाल रायन, विजय राम, दीपक ज्योति, दिनेश जायसवाल, घनश्याम श्रीवास्तव, प्रवीर मेहरोत्रा, अशरफ, कर्ण सहनी,शिक्षा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष डॉ इंतखाब, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सजनेश कुमार, अनील कुमार, संजीत कुमार, मो समीम, योगेश मंडल, सूरज कुमार साहनी, मनोज साह,प्रो मधुरंजन, रवी वर्मा, नौशाद राईन, अशोक झा, चंद्रकिशोर महतो,मो मुजम्मिल, आजम हुसैन, अजीत चौधरी, रौशन कुमार महतो, हरिशंकर पासवान, मनोज कुमार सिंह, प्रमोद शंकर चौधरी, राजीव झा लालू, संजीव कुमार गुप्ता,मो सफी साजिद अली सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

## दिव्यांग सहायक प्रोफेसर मोहम्मद अबू बकर युवाओं एवं दिव्यांग जनों के लिए बने प्रेरणा



प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। 3 साल की उम्र में पोलियो जैसी खतरनाक बीमारी ने मोहम्मद अबू बकर को 60% दिव्यांग बना दिया लेकिन उन्होंने दिव्यांगता को ही अपना ताकत बनाया । अपने गांव एवं मोहल्ले में बच्चों को निशुल्क शिक्षा एवं अनुशासन भी सीखा रहे हैं साथ ही साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़कर कर हिस्सा लेते हैं रक्तदान की बात की जाए तो मुंगेर शहर में मिसाल बने हैं । जब कभी भी जरूरतमंद आवाज देते वह स्वयं पहुंच जाते 20 से भी अधिक बार 30 वर्षीय अबू बकर रक्तदान कर चुके हैं लोगों को रोजगार दिलाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं

फिलहाल वह मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के कॉलेज जेआरएस में उर्दू की शिक्षा दे रहे हैं और छात्र एवं छात्राएं उनके शिक्षा को खूब पसंद करते हैं सहायक प्रोफेसर मोहम्मद अबू बकर शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन एवं समाज के प्रति समर्पण की भी ज्ञान देते हैं यही वजह शहर में लोकप्रियता के साथ-साथ अनुशासन भी देते हैं उन्होंने कहा हमारे मोटिवेशन से हमारे ज्ञान से किसी का भला हो जाए यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि ठीक है।

## पुतई गांव में अधेड़ महिला की निर्मम हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी( दरभंगा ) । थाना क्षेत्र के महथौर पंचायत के पुतई गांव अन्तर्गत परती टोला निवासी स्व रंजीत दास की पत्नी समोला देवी की निर्मम हत्या मामले में पुलिस ने उसी गाँव के एक आरोपी महेश्वर दास को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। साथ ही घटना में उपयोग किए गए एक दबिया भी पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मृतुन्जय कुमार ने बताया कि मृतिका की माता नेहरा थाना क्षेत्र के पैठान कबई गाँव निवासी स्व अमीर दास की पत्नी महोखिया देवी के आवेदन पर थाना कांड सख्या-195/24 दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसमें एक आरोपी महेश्वर दास को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया है। शेष पाँच आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि मृतिका की माता महोखिया देवी ने 22 अक्टूबर की देर रात मनीगाछी थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री के हत्यारे को गिरफ्तार करने का गुहार लगाया था।अपने आवेदन में उन्होंने बताया है कि हमारी पुत्री के गांव पुतई के ही महेश्वर दास पूर्व की आपसी विवाद को लेकर हमेशा बुरी नजर से देखता था। 22 अक्टूबर को जब मेरी पुत्री बकरी चराने गई तो महेश्वर दास पीछे से गया और मेरी पुत्री से छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मेरी पुत्री के साथ मारपीट किया और अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। उनके बुलाने पर सिंहेश्वर दास,सविता देवी,घुरनी देवी, रामसुनरी देवी एवं भुनेश्वर दास घटना स्थल पर दबिया, टेंगारी,हंसुआ आदि लेकर आए और सभी मिलकर मेरी पुत्री की निर्मम हत्या कर फेंक दिया।

## निर्वाचन सूची के विशेष संक्षिप्त पुन र्निरीक्षण को लेकर बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन सूची का विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण को लेकर अनुमंडल कार्यालय सभागार में बैठक जिसकी अध्यक्षता एसडीएम वीरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में मान्यता प्राप्त राज नीतिक दलो के प्रति निधियो ने भाग लिया। बैठक आयोजित की जाएगी जिसमे मुख्य तौर पर भाकपा माले माकपा राजद कांग्रेस जदयू भाजपा लोजपा के अध्यक्ष सचिव को शामिल हुये। बैठक को संबोधित करते हुये एसडीएम ने बीएलओ से डोर टू डोर जाकर वोटरो का पुन र्निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि मृत वोटर ओर दोहरी प्रविष्टि वाले वोटरों की पहचान कर विलोपित सूची में डाले। वही नये वोटरो को जोड़ने ईलीप सुधार समेत वोटरो के अन्य समस्याओं को सुधारे। आगामी विधानसभा चुनाव में कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे इसके लिए आप सभी राजनीतिक प्रतिनिधियो से अपेक्षा की जाती है कि सभी योग्य छूटे हुए नागरिको और एक जुलाई 2024 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले सभी लोगो का नाम मतदाता सूची दर्ज में कराएं। इसके साथ ही द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान मतदाता सूची से विलोपित किये गये मतदाताओ की सूची वितरण करते हुए कहा गया कि विलोपित मतदाताओं की जांच कर लिया जाये ताकि कोई मतदाता मतदान से वंचित नही रहे। कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में राज्य एवं राष्ट्रीय औसत से कम था जिसे आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के लिए आप सभी का सहयोग की आवश्यकता है। राजनैतिक कार्यकताओं से वोटर लिस्ट सुधार कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील किया। इस बैठक में भवन निर्वाचन पदाधिकारी प्राची अपूर्वा सहित राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सदस्यता अभियान को सफल बनाकर प्रधानमंत्री के टास्क को पूरा करना है : पप्पू सिंह



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।दरभंगा जिला भारतीय जनता पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक कर विचार विमर्श किया गया। इसकी अध्यक्षता दरभंगा बीजेपी के जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी द्वारा की। जिलाध्यक्ष श्री सहनी ने कहा की 23 से 25 अक्टूबर तक महा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की ।बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए दरभंगा जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष और अलीनगर के समाजसेवी संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि हम लोगों को जान लगाकर इस सदस्यता अभियान को हर हाल में सफल बनाना है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो टास्क दिया है उसे घर-घर जाकर पूरा करना है ।संजय सिंह ने कहा कि अभी तक हम लोगों ने जबरदस्त परफॉर्मेंस किया है और अधिक से अधिक लोगों को बीजेपी से जोड़ने का काम किया गया है लेकिन अब पहले से अधिक मेहनत करना होगा और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोड़ना होगा ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में हमें इसका लाभ मिल सके। हम लोगों का प्रयास होना चाहिए कि हर एक गांव और पंचायत में जाकर लोगों को बीजेपी सदस्यता अभियान से जोड़ा जाए। जब तक हम हर एक घर तक नहीं पहुंचेंगे तब तक इस अभियान को सफल नहीं कहा जा सकता ।बैठक में दरभंगा बीजेपी के उपाध्यक्ष सुजीत मल्लिक, संजीव साह, जिला महामंत्री अभयानंद झा, राजकुमार महतो, जिला मंत्री नरेश राम, सौरभ सुमन, रिंकू महथा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अनुश्रवण समिति की बैठक,गोदाम के लिए भूमि अधिग्रहण करने पर की गई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी अनुमंडल अनुश्रवण समिति की जयनगर में बैठक अनुमंडल कार्यालय के सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता एसडीएम वीरेंद्र कुमार ने की। बैठक में नए राशन कार्ड बनाने व खाद्यान्न की गुणवत्ता विद्युत विभाग की समस्याओ के निदान करने पर बैठक में चर्चा की गई। अनुश्रवण समिति सदस्य भूषण सिंह ने एस एफसी गोदाम जयनगर से लदनिया चले जाने के कारण जप्रवि दुकानदारो को खाद्यान्न उठाने में हो रही असुविधाएं के निदान तथा उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति नही होने को देखते हुए जयनगर में गोदाम के लिए भूमि अधिग्रहण व बिजली विभाग के लापरवाही मनमानी पर तथा स्मार्ट मीटर जबरन प्रखंड कार्यालय पटना गद्दी चौक स्टेशन चौक बस स्टैंड के नजदीक सटने के कारण होने वाली बड़ी घटनाएं को देखते हुए अवि लम्ब तहत वर्षो से भूमि पर बसे भूमि की पर्चा देने समेत राशन व गैस की आपूर्ति नियमित करने पर जोर दिया गया। एसडीएम ने सुधार का आश्वासन दिया। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लदनिया एवं व बासोपट्टी के अमितेश कुमार प्र जयनगर एमओ विपिन आंसु व एसएफसी प्रबन्धक महबूब आलम मुशर्रफ हसन मुख्य पार्षद कैलाश पासवान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष माकपा के रामजी यादव राजद के बिष्णु देव भंडारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो लोजपा के दीपक कुमार सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, बसपा के साविर सहित जनवितरण प्रणाली दुकानदारो के प्रतिनिधि दीपक कुमार आदि ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### हथियार निर्माणकर्ता को किया गिरफ्तार

मुंगेर। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुंगेर और झारखंड के जामताड़ा मिहिजाम में अवैध हथियार का धंधा करने वाला आर्म्स तस्कर मोहम्मद साहिल मलिक को मुफस्सिल और मिहिजाम थाना की पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर बाकरपुर स्थित घर से गिरफ्तार किया है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि बाकरपुर निवासी मोहम्मद साहिल मलिक के घर पर छापामारी की और मोहम्मद साहिल मलिक को गिरफ्तार कर लिया।

### 453 लीटर शराब जब्त, 19 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेर। मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि जिले की जिले के सभी थाना पुलिस द्वारा 453 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया है। जबकि 3800 किलो महुआ जावा को नष्ट करते हुए शराब की तीन भट्ठियों को तोड़ा गया है।जिले में अग्नि शास्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के में दो कट्टा एक पिस्टल जिंदा कारतूस बरामद करते हुए विभिन्न मामलों में 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है वाहन चेकिंग के दौरान 15000 जुमार्ना वसूल किया गया है इस दौरान 22 ग्राम नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ दो बाइक दो मोबाइल एक डिजिटल तराजू एक अलमुनियम का फाइल के अलावा अन्य सामान बरामद किया गया है।

### नारगंजो पुल के समीप से पुलिस ने महिला का शव किया बरामद

जमुई [ झाझा ] झाझा नारगंजो मुख्य रेलखंड के बीच नारगंजो पुल के पास से पुलिस ने लगभग 45 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया है। दरअसल कुछ लोगों की नजर शव पर पड़ने के बाद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी पुलिस मौके स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जें में लेने के बाद लोगों से पूछताछ किया लेकिन शव की शिनाख्त नही हो सका जिसके बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त को लेकर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के साथ साथ अन्य लोगों से भी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### साइबर क्राइम से कैसे बचे छात्राओं के बीच यातायात डीएसपी ने किया जागरूक

सदर मुंगेर। बैद्यनाथ प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय मुंगेर में प्रभात रंजन पुलिस उपाधीक्षक यातायात सह साइबर थाना अध्यक्ष मुंगेर, पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार, संजय कुमार, मोहम्मद वसीम, देवेंद्र कुमार के द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें साइबर फ्रॉड को पहचानने के तरीके, साइबर ठगी से बचने के उपाय, साइबर सुरक्षा, महिलाओं बच्चों के साथ होने वाले साइबर अपराध की जानकारी छात्राओं के साथ साझा की गई। पुलिस उपाधीक्षक यातायात ने छात्राओं से मुंगेर पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़ने का आह्वान किया छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। उल्लेखनीय है कि मुंगेर साइबर थाना के द्वारा लगातार साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है दिनांक 25.10.2024 को मुंगेर इंजीनियरिंग कॉलेज में भी साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति नवंबर से होगी शुरू : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई : खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया आगामी नवंबर से शुरू होगी। इस वर्ष साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) 2300 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड ह्यएह्न धान का मूल्य 2320 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिले में धान अधिप्राप्ति की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में अधिकारियों के साथ बैठक की। किसानों के निबंधन की प्रक्रिया जारी कलेक्टर ने बताया कि कृषि विभाग के पोर्टल ुई१ू४'३४१ीुु१.ॅ्ड्ड५.ल्ल पर निबंधित किसानों से ही धान की खरीद की जाएगी। यह निबंधन प्रक्रिया 15 सितंबर से शुरू हो चुकी है, और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक पात्र किसानों का निबंधन कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

धान क्रय केंद्रों पर व्यवस्था की तैयारी

धान क्रय केंद्रों पर नमी मापक यंत्र, माप-तौल यंत्र और बॉयोमेट्रिक फिंगर स्कैनर की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने धान की गुणवत्ता और किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम हो सके।

गोदामों की जिओ टैगिंग और मिलों का सत्यापन

डीएम ने गोदामों की जिओ टैगिंग और उन्हें पोर्टल पर प्रविष्ट करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, धान की मिलिंग के लिए समितियों के साथ राइस मिलों की संबद्धता और मिलों के सत्यापन हेतु जिला स्तर पर जांच दल गठित करने का आदेश दिया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अधिप्राप्त धान का सुरक्षित भंडारण और सही तरीके से मिलिंग हो सके, इन कदमों पर जोर दिया गया है।

जीपीएस युक्त वाहन से धान और चावल की ढुलाई

धान और चावल की ढुलाई के लिए जीपीएस युक्त वाहनों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इससे अधिप्राप्त धान और चावल की ट्रैकिंग और निगरानी आसानी से की जा सकेगी।

निबंधन और अधिप्राप्ति की अद्यतन स्थिति

जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि अब तक 142 किसानों ने धान बेचने के लिए निबंधन कराया है, और निबंधन की प्रक्रिया जारी है। संबंधित विभागीय अधिकारी इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों का निबंधन हो सके। बैठक में डीडीसी सुमित कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया की सुचारुता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की।

## अक्षरांचल योजना के तहत कार्यरत शिक्षा स्वयं सेवकों की भी बनेगी अब ऑनलाइन हाजिरी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षकों के बाद अब स्कूलों में कार्यरत शिक्षा स्वयं सेवकों के भी ऑनलाइन हाजिरी की तैयारी शुरू कर दी गई है। महादलित,दलित, अल्पसंख्यक व अतिपिछड़ा वर्ग अक्षरांचल योजना के अंतर्गत कार्यरत शिक्षा सेवक व शिक्षा सेवक (तालीमी मरकज) का अपने सम्बद्ध विद्यालय में शिक्षकों की भांति बायोमेट्रिक प्रणाली ई-शिक्षा पोर्टल से उपस्थिति दर्ज की जाएगी तथा उसी के आधार पर उनके मानदेय का भुगतान किया जाएगा। शिक्षा सेवकों के ऑनलाइन हाजिरी की शुरूआत पहली नवंबर से होनी है।ई- शिक्षा कोष पोर्टल पर ऑनलाइन हाजिरी की शुरूआत के पूर्व शिक्षा सेवकों के प्रशिक्षण की दरकार होगी। जिसकी अभी शुरूआत भी नहीं हो सकी है।जबकि निर्देशक जन शिक्षा-सह अपर सचिव ने डीईओ व डीपीओ साक्षरता को भेजे निर्देश में स्पष्ट किया था कि सीएमएस के प्रबंधक द्वारा जिलों से भेजे गए स्वयं सेवकों के डाटा को एसेस का लिंक मुहैया कराकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले में कुल 967 शिक्षा स्वयं सेवक है कार्यरत महादलित,दलित एवं अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत जिले में कुल 967 शिक्षा स्वयंसेवक कार्यरत है। जिसमें 967 शिक्षा सेवक(टोला सेवक) शिक्षा स्वयं सेवक कार्यरत है। इन शिक्षा स्वयं सेवकों का सरकारी स्कूलों से संबद्ध किया गया है। फ्रेंच परिपाटी पर रोक लगाना योजना का उद्देश्य शिक्षा सेवकों के ऑनलाइन हाजिरी के पीछे विभाग की मंशा फ्रेंच परिपाटी पर रोक लगा योजना को सफल बनाना है। अमूमन महादलित,दलित,अल्पसंख्यक व अतिपिछड़ा वर्ग अक्षरांचल योजना के तहत कार्यरत शिक्षा सेवकों व की मॉनिटरिंग नहीं होती है।लंबे समय से चल रहे केआरपी के रिक्त पद भी इसकी एक बड़ी वजह है।वहीं शिक्षा विभाग भी अवसर विशेष को छोड़ इनके कार्यों पर ध्यान नहीं देता है।

## नहाए खाए व खरना को भी खुले रहेंगे सभी स्कूल,शिक्षकों में रोष

**छठ में तीन दिन व दीपावली में भी मात्र एक दिन की ही छुट्टी**

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षा विभाग के छुट्टी कैलेंडर के अनुसार इस बार जिले के सरकारी स्कूल लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दौरान नहाए खाए व खरना के दिन भी स्कूल खुले रहेंगे। पूजा के दौरान विद्यालय खुले रहने से महिला शिक्षिकाओं सहित छठ व्रत करने वाली शिक्षिकाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

वही दीपावली में भी मात्र एक दिन ही छुट्टी है। इससे शिक्षकों में काफी नाराजगी है। शिक्षक नेता आनंद कौशल सिंह ने धनतेरस से लेकर छठ पर्व तक के अवकाश की मांग करते हुए कहा कि पर्व-त्यौहार के समय छुट्टी में कटौती से शिक्षकों में काफी नाराजगी है। पूर्व में भी होली, नागपंचमी व दुर्गा पूजा अवकाश में विभाग कटौती कर चुका है। अब छठ,दीपावली की छुट्टियों पर भी कैंची चलाई जा रही है। दीपावली में मात्र एक दिन की छुट्टी होने से दूर दराज के जिलों में कार्यरत शिक्षकों में मायूसी है। वही शिक्षिका अनिता कुमारी ने कहा कि छठ पूजा महिलाओं का ही पर्व होता है। अधिकतर महिला शिक्षिका छठ पर्व करती है।

बावजूद इसके विभागीय यह अवकाश तालिका में छठ पर्व अवकाश 7,8 व 9 नवंबर को दिया गया है। जबकि चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत 5 नवंबर नहाए खाय से हो रही है और खरना 6 को है।लेकिन नहाय खाय व खरना दोनों तिथियां को विद्यालय खुला हुआ है। इससे शिक्षिकाएं पर्व को लेकर काफी चिंचित व परेशान है।

## धात्री महिलाओं को संस्था की डॉक्टर ने दिया विशेष जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] ममता हेल्थ इंस्टीटयूट फॉर मदर एंड चाइल्ड जमुई एवं जागृति संस्था के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बोड़वा पंचायत के फतेहपुर और करहरा पंचायत के पिरूवाडीह गांव में ग्रामीण महिलाओं के बीच सर्वज, स्वस्थ मन का तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न किया गया। संस्था के लोगों ने ग्रामीण महिलाओं को बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मानसिक अवसाद पर जानकारी देना। प्रसवकालीन मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षक डॉक्टर महिमा के द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं को बताया गया कि कैसे प्रसवकालीन के दौरान महिलाओं में मानसिक अवसाद होती है और कैसे इससे अपने आप को सुरक्षित रखना है इसके लिए प्रसवकालीन के दौरान अपने आहार, योग व्यायाम एवं दिनचर्या में बदलाव करे। मौके पर समन्वयक अमन कुमार, मैराज, वरूण सिंह, करण कुमार, पुजा कुमारी, अंजु कुमारी आदि संस्था के सदस्य एवं ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

## दीपावली, कालीपूजा और छठपूजा को लेकर थाना में आयोजित कि गई शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई [ झाझा ] दीपावली, कालीपूजा और छठपूजा को लेकर बुधवार को थाना प्रागंण में थानाध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में बुद्धिजीवियों के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित कि गई। जिसमें बीडीओ रविजी भी उपस्थित हुए। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि दीपावली, कालीपूजा और छठपूजा बीते वर्षो से जो शांति व्यवस्था के साथ क्षेत्रवासी मनाते आ रहे है उसी तरह इस वर्ष भी शांतिपूर्वक पर्व मनाते हुए लोगों के बीच भाईचारा का पैगाम दे। थानाध्यक्ष ने कहा कि बाजार में गैर लाइसेंसी पटाखा दुकानदार अगर पटाखा बेचते पकड़े जाते है तो वैसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कि जाएगी। उन्होनें कहा कि छठपूजा के दो दिन पहले पर्व की सामग्री की खरीदारी करने वालों की भीड़ बाजार में उमड़ जाती है ऐसे में बाजार में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसको लेकर बाजार में प्रवेश करने वाले मार्ग में बेरिकेटिंग लगाया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि पर्व के दौरान लोग किसी भी तरह की कोई झूठी अफवाह पर ध्यान न दे। पर्व के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी जगह जगह मौजूद रहेगे ताकि पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न किया जाएगा। बैठक में मुखिया पप्पू यादव, प्रतीक शर्मा, वार्ड पार्षद विकास शर्मा, नीलेश चैधरी, कारी अहमद, सूरज बरनवाल, राजू यादव, सुबोध केशरी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## अलग अलग पंचायत में होगा प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] जिला के आमजनों को सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने, स्थानी स्तर पर प्रशासन की सभी इकाईयों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने एवं जन शिकायतों को दूर कर लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रखने हेतु जिलान्तर्गत सभी प्रखंडो में प्रतिदिन प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी जमुई अभिलाषा शर्मा के निदेर्शानुसार किया जाएगा। जिसमें झाझा के अलग अलग पंचायत में अलग अलग तिथियों मे प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम किया जाएगा। जारी पत्र के अनुसार झाझा प्रखंड क्षेत्र में 24 अक्टूबर को हथिया पंचायत, 25 अक्टूबर को धमना पंचायत, 11 नंवबर को छापा, 12 नंवबर को केशोपुर, 13 नंवबर को चांय, 14 नंवबर को कानन, 15 नंवबर को जामुखरैया, 18 नंवबर को बैजला, 19 नंवबर को कनौदी, 20 नंवबर को बाराजोर, 21 नंवबर को महापुर, 22 नंवबर को रजलाकला, 25 नंवबर को बलियाडीह, 26 नंवबर को बाराकोला, 27 नंवबर को पैरगाहा, 28 नंवबर को करहरा, 29 नंवबर को खुरंडा, 2 दिसंबर टेलवा, 3 दिसंबर को बोड़वा, 4 दिसंबर को करमा पंचायत में आयोजित किया जाएगा। अलग अलग तिथियों में होने वाले कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के माध्यम से निष्पादन करवाने के बाद वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी जाएगी।

## 11 से शुरू होगी इंटर की सेंट अप परीक्षा

**बिहार बोर्ड के सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजा पत्र**

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले में 11 नवंबर से इंटरमीडिएट की सेंट अप परीक्षा शुरू होगी। इसको लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजा है जिसके अनुसार 11 नवंबर से इंटरमीडिएट की सेंटर परीक्षा शुरू होने वाली है। जिसमें वर्ष 2025 में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्रों इस केंद्र परीक्षा में शामिल होंगे। इसको लेकर 30 अक्टूबर से 4 नवंबर ताक जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में प्रश्न पत्र पहुंच जाएगा। प्रश्न पत्र की गोपनीयता बनाने तथा अन्य प्रकार के दिशा निर्देश दिए गए हैं। बता दे कि फिलहाल मासिक परीक्षा जिले के प्लस टू हाई स्कूलों में ली जा रही है। इंटरमीडिएट के सेंट अप परीक्षा को लेकर गोपनीय एजेंसी के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका पहुंचाई जाएगी। जारी पत्र के अनुसार गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि से प्रश्न-पत्र (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक) प्राप्त कर उन्हें प्राप्ति रसीद निर्गत करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड के सचिव के अनुसार प्रश्न-पत्र (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक) प्राप्त कर उन्हें प्राप्ति रसीद निर्गत करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड के सचिव के अनुसार प्रश्न-पत्र (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक) को अपने नियंत्रण में सुरक्षित रखवा लेंगे। अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय व महाविद्यालय के प्रधान अथवा उनके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि को प्रश्न-पत्र 9 नवंबर तक की अवधि में प्राप्त कराने की व्यवस्था करेंगे,ताकि उत्प्रेषण सेंट अप जांच परीक्षा ससमय प्रारंभ हो सकें।

बोर्ड के सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को यह निर्देश दिया है कि शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि को अपने स्तर से यह भी निर्देश देंगे कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षा प्रारंभ होने से पहले सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक न होने पावे एवं गोपनीय प्रश्न-पत्र को सुरक्षित रखने की संपूर्ण जवाबदेही शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी। यदि प्रश्न पत्र लीक होता है तो इसके लिए संबंधित प्रधानाध्यापक जवाबदेह होंगे।

## गंगटा थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) पुलिस सूत्रों के अनुसार गंगटा थाना के परमानंदपुर मैदान में मंगलवार की दोपहर दो लोगों ने एक युवक को पत्थर से सर कुछ कर हत्या कर दी और फरार हो गए सूचना पर सीडीपीओ एवं जनता थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर देर शाम को मृतक हवेली खड़गपुर के परमानंदपुर का कपिल दास टोटो चालक था हत्या का पता नहीं चल पाया है घटना से गुस्साएं ग्रामीणों ने आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रायपुरा चौक के पास सड़क 333 पर आगजनिक कर जाम किया। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर एक टोटो पर सवार होकर दो लोग परमानंदपुर गांव गए कुछ महिलाओं से लकड़ी लेने की बात करते हुए गांव के स्थित मैदान की ओर चले गए टोटो चालक के साथ मैदान में बैठकर दोनों ने कुछ दिया और उसके बाद दोनों मिलकर टोटो चालक के सर कुचल कर हत्या कर दी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों जंगल की ओर भाग गए सूचना पर परिजन पहुंचे इधर ग्रामीणों ने एस एच 333 रायपुरा चौक के पास सड़क पर पुल गिरकर अग्नि जलाकर सड़क जाम कर दिया ग्रामीण हत्यारा को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे सूचना पर पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बूझकर जाम हटवाया एसडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि एफएसएल की टीम जांच कर रही है पुलिस हत्या आरोपी की पहचान करने के साथ हर बिंदु पर जांच कर रही है कुछ ग्रामीणों ने बताया कि प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका की जा रही है जबकि जनता थाना की पुलिस का मानना है की घटना स्थल पर शराब का गिलास और चकना इस बात की पुष्टि कर रहा है कि तीनों ने वहां शराब की थी इसके बाद झंझट हुआ होगा जिसके बाद दोनों में टोटो चालक के सर को पत्थर से पूछ कर मार डाला फिलहाल पुख्ता तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## दो शिक्षक, एक शिक्षिका ने छात्र के साथ विद्यालय में विडियो बनाए जाने पर कि बेरहमी से मारपीट

**घायल छात्र को अन्य सहयोगी छात्र के द्वारा अस्पताल में करवाया गया भर्ती**



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बुधवार को एक विद्यार्थी के साथ विद्यालय के तीन शिक्षकों ने बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामला नगर क्षेत्र स्थित प्लस टू महात्मा गांधी उच्च विद्यालय से जुड़ा हुआ है। मारपीट किए जाने से घायल छात्र को अन्य सहयोगी छात्र के द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल छात्र का इलाज किया गया। घायल छात्र की पहचान दशवीं कक्षा का छात्र मो. आसीफ अंसारी के रूप में हुई है जो बैजलपुरा गांव का रहने वाला है। घायल छात्र आसिफ ने बताया कि मेरे विद्यालय में मासिक परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। तभी संजीव सर आए और मेरा बाल पकड़कर मारपीट करने लगा और फिर नीचे सीढ़ी पर धकेल दिया और फिर मेरे साथ मारपीट करते हुए एक किनारे वाले कमरे में बिठा दिया और उसके प्रिसिंपल को बुलाया गया तो प्रिंसिंपल ने भी मेरे साथ मारपीट करने लगा और फिर तभी शिक्षिका इसरत मैडम भी आकर मेरे साथ मारपीट करने लगा। अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने विद्यालय के शिक्षकों पर इस लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आसीफ ने विडियो बनाया तो प्रिसिंपल का पहला कर्तव्य था कि वे अभिभावकों को इसकी सूचना देते लेकिन ऐसा न करके आसीफ के साथ बेरहमी से मारपीट किया है। वही अस्पताल में प्रिसिंपल एवं एक अन्य शिक्षक छात्र की स्थिति देखने के लिए पहुंचा जहां छात्र के मां और भाई सहित अन्य परिजन प्रिसिंपल पर अपनी भड़ास निकाला। इधर छात्र के परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई। विद्यालय के प्रिसिंपल ने बताया कि मोबाइल लेकर स्कूल आना वर्जित है लेकिन आसिफ ने दो दिन पहले कक्षा में मोबाइल विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर छोड़ दिया जिसके शिक्षक-शिक्षिका ने डांट फटकार लगाया और संजीव सर ने इसका बाल पकड़कर ला रहा था तभी इसरत मैडम ने डांट फटकार लगाते हुए एक दो थप्पड़ सिर्फ मारा है।विद्यालय के अन्य एक छात्र मो. अरबाज ने बताया कि दो दिन पहले लंच के समय में आसिफ अंसारी ने विडियो बनाकर फेसबुक पर लगाए हुए था जिसको आज विद्यालय के शिक्षक ने देखा जिसके बाद मैने कक्षा से देखा तो शिक्षक संजीव कुमार ने आसिफ अंसारी को बाल पकड़कर लेकर जा रहा है और कुछ देर के बाद शिक्षक ने मुझे आकर बोला कि अपने साथी को घर लेकर जाओ और शिक्षक ग्लूकोज लाने के लिए चला गया तब मेरा साथी घायल था।

## जी रोहणी आयोग को लेकर होगा संसद भवन का घेराव : प्रभात कुमार



- हमने केंद्र सरकार के समक्ष जी रोहणी को लेकर 12 सूत्री मांग रखे है

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई अखिल भारतीय अति पिछड़ा अधिकार मंच के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर कुमार विंदेश्वर सिंह, राष्ट्रीय युवा संयोजक प्रभात कुमार चंद्रवंशी और जमुई जिला संयोजक अशोक राम ने जिला अतिथि गृह में सामूहिक प्रेस वार्ता की। कुमार विंदेश्वर सिंह जमुई में तीन दिवसीय दौरा कर प्रेस वार्ता में कहा कि हमने केंद्र सरकार के समक्ष जी रोहणी आयोग को लेकर 12 सूत्री मांग रखा है। जिसको लेकर दिल्ली के जंतर मंतर में 18 नवंबर आंदोलन होगा। अखिल भारतीय युवा अति पिछड़ा अधिकार मंच के राष्ट्रीय संयोजक प्रभात कुमार चंद्रवंशी जी ने कहा है कि इस मंच को लेकर मेरी जिम्मेदारी युवा साथी को गोलबंद करना है। ताकि हमारी शक्ति राष्ट्रव्यापी स्थापित हो सकें और हमारा संवैधानिक हक मिल सकें। जिससे हमें सदियों से अछूता, वंचित और पीड़ित व शोषित रखा गया है। हम अभी जेएनयू, इलाहाबाद, दिल्ली विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों के गोलबंद करने में लगे हैं। जिला संयोजक अशोक राम ने कहा कि हम जिला से सैकड़ों अति पिछड़ा वर्गों को दिल्ली ले जाने की तैयारी कर रहे है।

## विद्यालय आने-जाने में छात्रा छात्राओं सहित शिक्षकों को करना पड़ता है कठिनाई का सामना

- शिक्षा विभाग और स्थानीय विधायक सहित जमुई सांसद विद्यालय के पहुंच सड़क निर्माण में नहीं ले रहे है दिलचस्प

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर( मुंगेर)। बिहार सरकार के द्वारा लाख प्रयास करने के बावजूद भी विकास के नाम पर लाखों की लूट है उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय नौगांय बिहार सरकार के द्वारा हर पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्थापना वर्ष 2012 में किया गया सरकार के द्वारा विद्यालय का भवन भी बनाया गया है शिक्षक एवं शिक्षिका भी उपलब्ध कराया गया है लेकिन विद्यालय में जाने वाले रास्ता न होने के कारण विद्यालय के छात्र-छात्र एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यालय पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ,संग्रामपुर प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के अंतर्गत नवगांव गांव में उच्च विद्यालय स्थित होने के कारण उसे विद्यालय में कई वर्ष बीत जाने के बावजूद भी विद्यालय जाने तक सड़क का नहीं निर्माण होने के कारण सैकड़ो विद्यार्थी एवं शिक्षकों को विद्यालय जाने आने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है वहीं विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी एवं अनुराधा कुमारी एवं विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं के द्वारा के द्वारा बताया गया कि हर वर्ष खास करके बरसात के मौसम में हम लोग को विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है सरकार के द्वारा साइकिल योजना चलाई गई है पर साइकिल विद्यालय तक नहीं पहुंच पाने के कारण हम लोग साइकिल से विद्यालय नहीं आते जाते हैं अगर हम लोग साइकिल कहीं दूसरे जगह लगते हैं तो अन्य लोगों के द्वारा साइकिल का हवा खोल दिया जाता है नुकसान पहुंचाया जाता है विद्यालय के शिक्षक चंचल कुमार एवं शिक्षिका बलबन के द्वारा यह बताया गया कि हम लोग वर्ष 2023 में विद्यालय में अपना योगदान दिए हैं प्रथम वर्ष ही विद्यालय में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा कभी-कभी विद्यालय आने में हम लोग को रास्ते में सांप तैरता हुआ नजर आता है बाढ़ का पानी आ जाने के कारण हम लोग विद्यालय आने में कभी गिर भी जाते हैं जिसको लेकर के हम लोगों का ड्रेस भी खराब हो जाता है वहीं ग्रामीण सत्यानंद सिंह अविनाश कुमार सिंह इत्यादि लोगों ने बताया कि विद्यालय जब से बना है तब से विद्यालय जाने का जमीन तो है पर सड़क नहीं बनने के कारण हमारे गांव घर के बच्चे को विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है इसको लेकर के हम लोगों ने कई बार स्थानीय विधायक एवं स्थानीय पदाधिकारी को इसके बारे में जानकारी दिया लेकिन इसके बावजूद भी हरि एवं प्रतिनिधि का नींद नहीं टूटा है जिसके कारण यहां का सड़क नहीं बन सका है बरसात के दिनों में बाढ़ का पानी आने के कारण लोगों का आना-जाना काफी कठिन हो जाता है।

सम्पादकीय

# गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे। लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी। गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है।

# कश्मीर में लक्षित आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में गांदरबल मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का चुनाव-क्षेत्र है, जिसके गगनगीर इलाके में आतंकियों ने हमला कर एक डॉक्टर और 6 अन्य कर्मियों, मजदूरों की हत्या कर दी। यह भारत सरकार, संघशासित क्षेत्र की सरकार के लिए पहली, गंभीर चुनौती है। आतंकवाद अपनी समग्रता में ही "राष्ट्रीय चुनौती" रहा है। हालांकि आज वह आतंकवाद नहीं है, जब एक दौर में 1508 नागरिकों और 883 जांबाज जवानों को मार दिया गया था। तब एक दौर में 2800 से अधिक आतंकी हमले हुए थे। आतंकवादी भी व्यापक स्तर पर ढेर किए गए। यकीनन हमारे सुरक्षाकर्मियों और रणनीतियों ने आतंकवाद के घुटने तोड़े हैं, लेकिन गगनगीर के हमले ने हमें चिंतित कर सोचने को बाध्य कर दिया है। दरअसल कश्मीर का "नूर" और "जन्नत" उसी दिन लौटेंगे, जब लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे पाकपरस्त आतंकी संगठनों के स्थानीय गिरोह और मॉड्यूल बनना और आतंकी साजिशों में शामिल होना बंद कर देंगे। आतंक के स्थानीय मददगार आज भी जिंदा हैं और कश्मीरियत के बीच ही बसे हैं। पैसे ने "नए जयचंद" भी पैदा कर दिए हैं। चूंकि "द रजिस्टेंस फ्रंट" (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है, लिहाजा साफ है कि स्थानीय मददगार आतंकियों के साथ हैं। सरकार ने टीआरएफ को "आतंकी संगठन" करार दिया है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में वह लश्कर का मुखौटा संगठन है। हमले का मास्टरमाइंड सरगना शेख सज्जाद गुल बताया गया है और वह पाकिस्तान में मौजूद है, लिहाजा साफ है कि लश्कर आज भी कश्मीर में आतंकवाद मचा रहा है। स्थानीय जयचंदों" को कुचला क्यों नहीं जा सकता, यह एक सहज सवाल है। बेशक आतंकवाद से जुड़े आंकड़े बहुत कम हुए हैं, लेकिन तीन सालों के दौरान 22 लक्षित हत्याएं फिर भी की गई हैं। इनमें 16 बाहरी, गैर-कश्मीरी, एक कश्मीरी पंडित और 3 अन्य स्थानीय लोगों को मारा गया है। इतने परिवार बर्बाद हुए। जिंदगियां बिखर कर रह गईं। 2024 में अभी तक 12 लोग लक्षित आतंकवाद के शिकार हो चुके हैं। यह आतंकवाद की ऐसी रणनीति है कि हमले के निशाने तय कर लिए जाते हैं, बाकायदा रेकी की जाती है और फिर एक दिन उन निशानों (या लक्ष्यों) पर हमला बोल दिया जाता है। सभी मृतक एक सुरंग के निर्माण-कार्य में लगे थे। एकमात्र डॉ. शाहनवाज डार को मजदूरों, कर्मियों की सेहत की देखभाल को कुछ ही दिन पहले नियुक्त किया गया था। लक्षित आतंकवाद ने किसी को भी नहीं छोड़ा। जिनकी हत्या कर दी गई, उनमें जम्मू-कश्मीर के अलावा पंजाब और बिहार आदि राज्यों के नागरिक भी थे। ऐसा भी लगता है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण और विस्तार भी आतंकियों की आंखों में चुभते हैं, लिहाजा वे भी निशाने पर हैं। गांदरबल हमले को भी जोड़ लें, तब भी इस साल कश्मीर की 48 घटनाओं में कुल 102 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 52 आतंकी भी शामिल हैं। लक्षित आतंकवाद कोई नई प्रवृत्ति नहीं है। बहरहाल इस आतंकी हमले ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला के अंतर्मन को इस कदर झकझोरा है कि वह पाकिस्तान पर ही उबल पड़े और बार-बार कहा कि कश्मीर कभी भी पाकिस्तान नहीं बनेगा, नहीं बनेगा। यदि पाकिस्तान हमसे दोस्ताना रिश्ते चाहता है, तो यह दरिंदगी बंद करनी पड़ेगी। फारूक को अभी तक "पाकपरस्त मानसिकता" का राजनेता माना जाता रहा है। अब वह बदले नजर आ रहे हैं, तो शायद इसलिए कि संघशासित क्षेत्र में सरकार उनकी पार्टी की है और उनका बेटा मुख्यमंत्री है। बहरहाल इससे न तो पाकिस्तान बदलेगा और न ही लक्षित आतंकवाद नेस्तनाबूद होगा। अलबत्ता आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई पुख्ता और निरंतर हो सकती है। यह अच्छा है कि सरकार आतंकवाद से प्रभावित परिवारों के प्रति बेहद संवेदनशील है, लेकिन सभी मुआवजे, नौकरी, पैसा अपर्याप्त हैं, क्योंकि परिवार किसी के चले जाने के बाद बर्बाद हो जाता है।

# झूठ की बुनियाद पर टिका भाजपा का सदस्यता अभियान

**हमें रजिस्टर में चेक इन करने के लिए कहा गया था, और जब हम इंजेक्शन के लिए आगे बढ़े, तो अस्पताल के कर्मचारी ने एक ओटीपी मांगा। मैंने पूछा कि इसकी आवश्यकता क्यों है, इसपर उस ने जवाब दिया कि - यदि आप इंजेक्शन चाहते हैं, तो आपको ओटीपी प्रदान करना होगा। जब मैंने इस नियम पर सवाल उठाया, तो उन्होंने दावा किया कि यह एक नया सिविल अस्पताल विनियमन है। इसी तरह गुजरात में ही राजकोट के जूनागढ़ के रणछोड़ दास ट्रस्ट अस्पताल का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजकोट के इस अस्पताल में आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए 250 मरीजों को रात में नींद से उठाकर बीजेपी का सदस्य बना दिया गया।**






निर्मल रानी
लेखक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आजकल राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ साहित भाजपा के अनेक बड़े नेता पार्टी के सदस्य अथवा सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। परन्तु एक बार फिर भाजपा का यह सदस्ता अभियान विवादों में पड़ गया है। भाजपा इस सदस्ता अभियान के माध्यम से यह साबित करना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी ही विश्व का सबसे बड़ा व सबसे अधिक सदस्यों वाला राजनैतिक दल है। और इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिये पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा झूठ व अनैतिकता की सभी हदों को पार किया जा रहा है। आश्चर्य है कि हाल में हुये लोकसभा चुनावों में 63 लोकसभा सीटें गंवाने के बावजूद अभी भी भाजपा न जाने किस आधार पर अपने सदस्यों की संख्या में इजाफा करना चाह रही है? दरअसल कई राज्यों में भाजपा, सदस्यता अभियान में निर्धारित अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिये उसके नेता व कार्यकर्त्ता साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह से सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना चाह रहे हैं। मिसाल के तौर पर गुजरात में 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया था। गुजरात भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत पिछली बार से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए खास योजना बनाई है। सरपंच से लेकर सांसद तक सभी 100-100 प्राथमिक सदस्य बनाएंगे। परन्तु इस लक्ष्य तक पहुंचना संभव नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार भावनगर में स्थानीय नेता 100 सदस्य जोड़ने के लिए 500 रुपये भी ऑफर कर रहे हैं क्योंकि निर्धारित तिथि 15 अक्टूबर तक 2 करोड़ का लक्ष्य पूरा करने के लिये प्रतिदिन 8 लाख से अधिक सदस्य बनने जरूरी थे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपाई जिस स्तर तक गये हैं उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। गुजरात में कई शहरों में स्कूली बच्चों तक को सदस्यता दिला दी गई। अनेक लोगों को तो उनका केवल फोन नंबर लेकर ही बिना बताए उन्हें भाजपा का सदस्य बना दिया गया। यह रहस्य तब उजागर हुये जब अपनी सदस्यता से अनजान कई छात्रों व आम लोगों के मोबाइल पर भाजपा का सदस्य बनने से सम्बंधित "बधाई संदेश" आने लगे। गुजरात में न केवल स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों तक को सदस्य बनाया गया बल्कि अस्पताल के मरीजों, नर्मदा में ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यकर्ता और भावनगर में 100 नए सदस्यों को नामांकित करने के लिए स्थानीय पार्टी नेताओं द्वारा 500 रुपये देने की योजना तक शामिल थी। खबरों के अनुसार जब एक महिला अपने पति के साथ रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए विसनगर के एक जन स्वास्थ्य केंद्र गयी तभी एक कर्मचारी ने उनका मोबाइल नंबर पूछा और फिर मोबाइल पर आया ओटीपी माँगा। और जैसे ही उन्होंने ओटीपी शेयर किया उसी समय मरीज को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनने के लिए बधाई संदेश मिला। हालांकि मरीज महिला के पति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उन्हें चुपके से भाजपा सदस्य बनाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ) से बात करते हुए अपने फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया कि उन्हें बिना बताए या उनकी सहमति के बिना उन्हें भाजपा सदस्य के रूप में क्यों नामांकित किया गया। रोगी के पति विकुंभ दरबार ने घटना के बाद स्थानीय मीडिया को बताया कि "आज सुबह, मैं और मेरी पत्नी एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए विसनगर सिविल अस्पताल गए क्योंकि उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। पहली बार, हमें इंजेक्शन पाने के लिए एक ओटीपी साझा करने के लिए कहा गया था। शुरू में, हमें रजिस्टर में चेक इन करने के लिए कहा गया था, और जब हम इंजेक्शन के लिए आगे बढ़े, तो अस्पताल के कर्मचारी ने एक ओटीपी मांगा। मैंने पूछा कि इसकी आवश्यकता क्यों है, इसपर उस ने जवाब दिया कि - "यदि आप इंजेक्शन चाहते हैं, तो आपको ओटीपी प्रदान करना होगा।" जब मैंने इस नियम पर सवाल उठाया, तो उन्होंने दावा किया कि यह एक नया सिविल अस्पताल विनियमन है। इसी तरह गुजरात में ही राजकोट के जूनागढ़ के रणछोड़ दास ट्रस्ट अस्पताल का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजकोट के इस अस्पताल में आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए 250 मरीजों को रात में नींद से उठाकर बीजेपी का सदस्य बना दिया गया। इसका खुलासा उस समय हुआ जबकि एक मरीज ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कमलेश भाई ठुम्मर अपनी आंखों का ऑपरेशन कराने इसी अस्पताल में गए थे। जहां उनके साथ 250 से ज्यादा और भी मरीज भर्ती थे। कमलेश के मुताबिक आधी रात को एक व्यक्ति आया और अचानक सभी मरीजों को नींद से उठाकर उनसे ओटीपी मांगने लगा। मुझसे (कमलेश भाई) भी ओटीपी पूछा। जब मैंने ओटीपी भेज दिया तो फोन में मैसेज आया कि "बधाई हो, आप बीजेपी के सदस्य बन गए हैं"। जब कमलेश ठुम्मर ने मैसेज देखकर उस व्यक्ति से पूछा कि क्या आप बीजेपी का सदस्य बना रहे हो? तब उसने जवाब दिया कि -"इसके बिना उद्धार नहीं"। यदि किसी मरीज को ओटीपी नहीं पता चलता था, तो वह कर्मचारी स्वयं मरीज का फोन अपने हाथ में ले लेता और उसे भाजपा का सदस्य बना देता। इस कर्मचारी ने वार्ड के 200 से 250 मरीजों को बीजेपी का सदस्य बना दिया। कहना गलत नहीं होगा कि इस जबरन भाजपा सदस्य बनाने के इस अभियान में अस्पताल की भी मिली भगत जरूर रही होगी। इसी तरह मध्य प्रदेश में भी जोर जबरदस्ती से सदस्यता अभियान चलाये जाने की खबर है। यहाँ भी युवाओं को सदस्यता अभियान से जुड़ने और नये सदस्य बनाने के लिये 3000 से लेकर 5000 रुपए तक के ऑफर दिये जाने की खबर है। भारतीय जनता पार्टी सरकरी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हितग्राही लाड़ली बहनें, मुफ़्त राशन प्राप्त करने वालों, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों आदि सभी को जबरन या धोखे से पार्टी सदस्य बनाने पर तुली हुई है। हद तो यही है कि भाजपा अब आधी रात में सोते हुये मरीजों को भी चैन की नींद नहीं सोने दे रही है। यानी इलाज और ऑपरेशन बाद में भी होता रहेगा, आराम भी बाद में कर लेना, पहले अपने मोबाइल पर आया ओटीपी दे दीजिए। देश भर से मिलने वाली इस तरह की और भी खबरें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भाजपा का सदस्यता अभियान दरअसल झूठ की बुनियाद पर टिका हुआ है।

# भारत में राष्ट्र की अवधारणा और धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत

**हम सभी इस तथ्य से भली प्रकार परिचित हैं कि दिल्ली में अनेक उन रोहिंग्या मुसलमानों या विधर्मियों के घर-घर जाकर वोटर कार्ड बना दिए गए जो अवैध घुसपैठिए के रूप में दिल्ली की झुग्गी झोपड़ियां में आकर किसी प्रकार प्रवेश पाने में सफल हो गए थे। देश के कट्टर ईमानदार नेता केजरीवाल की पार्टी ने यह काम किया, जिस पर कांग्रेस सहित सारी धर्मनिरपेक्ष पार्टियां मौन साध गईं। इन सब बातों को देखकर यही लगता है कि भारत में पर शाख पे उल्लू बैठा है, अंजाम ए गुलिस्तां क्या होगा? सचमुच समय रहते जागने की आवश्यकता है।**






राकेश कुमार आर्य
लेखक

भारत ने धर्मनिरपेक्षता की राह पकड़ कर आत्मघाती निर्णय लिया था। धर्मनिरपेक्षता की इसी मूर्खतापूर्ण अवधारणा को पड़कर भारत में भगवा आतंकवाद की भी परिकल्पना की गई। यह नाम उन राष्ट्रवादियों को दिया गया जो देश विरोधियों का किसी न किसी प्रकार सामना कर रहे थे या उनकी देश विरोधी मानसिकता और कार्यशैली का कहीं ना कहीं भंडाफोड़ कर रहे थे। यद्यपि हम सभी जानते हैं कि संसार के जितने भर भी मुस्लिम राष्ट्र हैं, वे सभी अपनी मजहबी परंपराओं के प्रति पूर्णतया कट्टर हैं। अपने-अपने देश में वे किसी भी स्थिति में यह नहीं चाहते कि यहां पर दूसरे संप्रदाय के लोगों को अपना विकास करने का अवसर प्राप्त हो। इसी प्रकार संसार के ईसाई देशों की स्थिति है, परंतु भारतवर्ष इसके विपरीत कार्य करता हुआ देखा जाता है। यहां अपने बहुसंख्यक सनातनी समाज की परंपराओं को करने के लिए शासन प्रशासन में बैठे सभी लोग स्वाधीनता के पश्चात से ही कार्य करने लगे थे। धर्मनिरपेक्षता की इसी दुष्ट भावना के चलते संसार में भारत ही एक ऐसा देश है, जहां अपने देश में बैठे उन गद्दारों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती जो भारत की धार्मिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और संस्कृति को कोसते मिलते हैं। इतना ही नहीं, भारत ही संसार का एकमात्र ऐसा देश है, जहां पर अपने ही लोग अर्थात सनातन परंपरा में विश्वास रखने वाले लोग भी सनातन को ही कोसते हैं। उन्हें विधर्मियों के रीति रिवाज और परंपराएं वैज्ञानिक लगती हैं। जबकि भारत की सनातन परंपराओं में उन्हें रूढ़िवाद की गंध आती है। धर्मनिरपेक्षता की नीति पर चलते हुए हमारे देश में सांप्रदायिक नेताओं को हिंसा में लिप्त पाए जाने के उपरांत भी जेल में वे सभी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जो एक राजनीतिक कैदी को दी जाती हैं। जबकि देश के विरुद्ध विद्रोह की चिंगारी जगाने वाले इन दुष्ट मानसिकता के लोगों के लिए ऐसी कोई भी सुविधा जेल में नहीं होनी चाहिए, जिससे उनके अति विशिष्ट व्यक्ति होने का बोध होता हो। हमारे देश के बारे में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि जो लोग अत्यंत निन्दनीय, घृणित अमानवीय अपराध करते हुए पाए जाते हैं, उन्हें पैरोल पर हर 2 महीने में छोड़ा जाता है। इसी प्रकार जो लोग भ्रष्टाचार की गहरी दल-दल में फंसे हुए मिलते हैं, उन्हें भी जेल से मुक्ति दे दी जाती है, परंतु जो वीर हमारे देश की एक सच्चे प्रहरी के रूप में सीमाओं पर खड़े होकर पहरेदारी करते हैं, उनके लिए एक-एक वर्ष तक घर जाने की अनुमति नहीं होती। हमारे देश में ही आतंकवादियों को भी मानव समझकर उनके लिए मानवाधिकारों की पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। चाहे एक देशभक्त निर्धन व्यक्ति को फांसी दे दी जाए, परंतु किसी भी आतंकवादी को मानव अधिकारों की सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का पूरा प्रबंध किया जाता है। जबकि विधि विशेषज्ञों और न्याय शास्त्रियों की मान्यता है कि किसी भी निरपराध को फांसी नहीं मिलनी चाहिए, परंतु हमारे यहां इसके विपरीत होता है कि चाहे सौ निरपराध फांसी पर चढ़ाने पड़ जाएं, परन्तु एक भी अपराधी को फांसी नहीं होनी चाहिए। आतंकवादियों और बलात्कारियों के मानव अधिकारों के लिए लड़ने वाले केवल भारत में ही मिलते हैं। अनेक मानवाधिकारवादी संगठन इनकी रक्षा सुरक्षा के लिए सामने आ जाते हैं। कितने ही अधिवक्ता इनकी वकालत न्यायालयों के सामने खड़े होकर करते हैं। माना कि अधिवक्ता का काम अपने व्यवहारी की बात को न्यायालय के समक्ष रखना होता है, परंतु जब आतंकवादियों और बलात्कारियों को बचाने के लिए अधिवक्ता लोग भांति- भांति के तर्क देते हैं तो लगता है कि विधि व्यवसाय में भी केवल और केवल पैसे को प्राथमिकता देने वाले लोग प्रवेश कर गए हैं। क्या ही अच्छा हो कि बलात्कारियों, आतंकवादियों, देश विरोधियों की न्यायालय के समक्ष वकालत करने वाले अधिवक्ता लोग देश के लिए आतंकवादियों की गोलियों से अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों के परिवारों के लिए लड़ते हुए दिखाई दें। जो नवयुवक समाज में रहकर अपनी वीरता और शौर्य का परिचय देते हुए सभी विधर्मियों के भारत विरोधी विचारों और अभियानों का विरोध अपने प्राणों को दाव पर लगाकर कर रहे हैं, उनकी बातों को न्यायसंगत ठहराने के लिए अधिवक्ता लोग न्यायालय में वकालत करते हुए दिखाई दें" तो कोई बात बने। कितने दुर्भाग्य की बात है कि जो देश के लिए काम कर रहे होते हैं, समाज और अपनी सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए काम कर रहे होते हैं, गौ माता और भारत माता की रक्षा के लिए काम कर रहे होते हैं, उन्हें कुत्ते की मौत मरने दिया जाता है और जो इन सब वैदिक परंपराओं, रीति रिवाजों, मान्यताओं के मिटाने में लगे हुए हैं, उनकी वकालत की जाती है। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर देश पर 60 वर्ष जिस पार्टी ने शासन किया उसके नेता आज भी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। "सनातन मिटाओ अभियान" में लगी हुई यह पार्टी आज भी अपने एक युवा नेता के नेतृत्व में पाकिस्तान और चीन की आरती उतारने में लगी हुई है। यद्यपि सारा देश ही नहीं, सारा संसार जानता है कि ये दोनों देश भारत के परंपरागत शत्रु हैं और किसी भी दृष्टि से किसी भी क्षेत्र में भारत को स्थापित होने के नितान्त विरोधी हैं। भारत के धर्मनिरपेक्ष नेता खुल्लम-खुल्ला उन आतंकवादियों का समर्थन और सम्मान करते हुए दिखाई देते हैं, जो भारत विरोधी सोच को क्रियान्वित करने में लगे हुए होते हैं। इसके विपरीत राष्ट्रवादियों को गालियां देना भी इनके विचारों में गहराई से सम्मिलित हो गया है।

# पीएचडी छात्रों के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के मायने

प्रियंका सौरभ

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट जिसे यूजीसी नेट या एनटीए-यूजीसी-नेट के रूप में भी जाना जाता है, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर के लेक्चररशिप के लिए योग्यता और भारतीय नागरिकों के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षण व्यवसायों और अनुसंधान में प्रवेशकों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता या केवल जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की योग्यता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों दोनों में भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए परीक्षण आयोजित करती है। पारंपरिक रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसरशिप पात्रता के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अब भारत में पीएचडी प्रवेश के लिए एक प्रमुख मानदंड बन गई है। इस बदलाव ने अकादमिक समुदाय के भीतर इस चिंता के कारण काफी बहस छेड़ दी है कि क्या परीक्षण वास्तविक शोध क्षमता की पहचान करने के लिए उपयुक्त है। नेट एक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा है जो मुख्य रूप से स्मृति और याददाश्त जैसी निचले क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करती है। ये क्षमताएँ कुछ संदर्भों में उपयोगी हैं लेकिन डॉक्टरेट स्तर के अनुसंधान के लिए आवश्यक महत्त्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन करने में कम पड़ जाती हैं। पीएचडी अनुसंधान जटिल विचारों, मौजूदा ज्ञान के महत्त्वपूर्ण विश्लेषण और मूल अंतर्दृष्टि में योगदान करने के लिए रचनात्मकता की मांग करता है, विशेष रूप से साहित्य, सामाजिक विज्ञान और मानविकी जैसे विषयों में तथ्यात्मक स्मरण और तुच्छ प्रश्नों पर नेट का ध्यान उम्मीदवारों की प्रदर्शन करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूक्ष्म तर्क विकसित करने और व्यापक सैद्धांतिक अवधारणाओं के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता। नेट स्कोर पर निर्भरता से हाशिए पर रहने वाले समुदाय असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इन छात्रों को अक्सर प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे संसाधनों तक सीमित पहुँच और उच्च लागत वाली कोचिंग, जो नेट पास करने के लिए तेजी से आवश्यक होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, इन पृष्ठभूमियों के प्रतिभाषाली व्यक्तियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के बावजूद पीएचडी कार्यक्रमों से बाहर रखा जा सकता है। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्त्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है। नेट प्रणाली छात्रों को डॉक्टरेट अनुसंधान की कठोरता के लिए तैयार नहीं करती है। पीएचडी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मूल अंतर्दृष्टि प्रदान करें, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करें और विद्वानों के प्रवचन में संलग्न हों-प्रतिभाशाली छात्रों का विदेश में पलायन पीएचडी कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को घरेलू प्रणाली की सीमाओं के लिए ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है, जहाँ मानकीकृत परीक्षण पर जोर को रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबाने के रूप में देखा जाता है। नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

# सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा, सड़क पर उतरे ग्रामीण

■ ग्रामीणों के विरोध पर कार्य स्थल से भागे जेई

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। ल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के रोहुआ टोला बलगंगवा गांव में वार्ड नंबर 14 में लगभग 2 किलोमीटर मुख्य मार्ग से एसएसबी कैंप तक पूर्व में निर्मित पीसीसी सड़क का कालीकरण के विरोध में दर्जनों ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है।

### ग्रामीणों ने अनियमितता का लगाया आरोप

गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में बिल्कुल पतला कालिकरण किया जा रहा है। कार्य में गुणवत्ता का अभाव है एक ही बारिश में सड़क पूरी तरह जर्जर हो जाएगी। पूर्व में निर्मित पीसीसी सड़क पर बिल्कुल पतली कालीकरण की परत चढ़ाई जा रही है।

### सड़क निर्माण का नहीं लगाया गया है बोर्ड

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कालिकरण किए जा रहे सड़क का कोई सूचना पट नहीं लगाया गया है कि यह कार्य किस विभाग द्वारा कराया जा रहा है और कितनी लागत से कराई जा रही है।

### ग्रामीणों के विरोध पर भागे अभियंता

गांव के उत्तरी टोला में निर्माण कार्य में हो रहे अनियमितता पर जब ग्रामीण एकजुट हुए तब कार्य स्थल से सड़क निर्माण कार्य में उपस्थित कनिय अभियंता दीपक पासवान कार्य स्थल से भाग खड़े हुए । ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का निर्माण रात्रि में ग्रामीणों के सो जाने के बाद पूरा कर दिया गया है।

### सरकारी पैसे का हो रहा है दुरुपयोग और बंदर बाट

ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी पैसे का ठेकेदार और विभाग के अभियंताओं के द्वारा दुरुपयोग और बंदर बाट किया जा रहा है। कार्य में गुणवत्ता नहीं होने से सड़क शीघ्र ही टूट जाएगी और पुनः सड़क बनाने में सरकारी पैसे का नुकसान होगा ठेकेदार और अभियंताओं की मिली भगत से कार्य में गुणवत्ता का अभाव रखते हुए सरकारी पैसे का लूट किया जा रहा है।

### सड़क निर्माण की जांच की मांग

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी और वरीय अधिकारियों से सड़क निर्माण में हुई अनियमितता की स्थल जांच की गुहार लगाई है, ताकि निर्माण में हुई अनियमितता पर कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि यह गांव बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है गांव की सडक बाढ़ के पानी में डूब जाती है।

इस बाबत जानकारी के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता मनिष कुमार से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु समाचार प्रेषण तक उनका मोबाइल स्विच ऑफ रहने के कारण संपर्क नहीं हो सका।

इस अवसर पर ग्रामीणों में हरिकिशोर सिंह , योगेंद्र कुशवाहा उर्फ विधायक,कैलाश चौधरी, पप्पू चौधरी, धनंजय चौधरी, अनिल राय,अमर देवी, कृष्णावती देवी, रानी देवी, गीता देवी ,माया देवी, गुड्डी देवी, मंजू देवी, सुभावती देवी, मीना देवी ,आशा देवी, राजकुमार, देवनारायण राम, झगड़ु चौधरी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसानों का अधिकाधिक ऑनलाइन निबंधन कराएं सुनिश्चित : डीएम

प्रात: किरण, संवाददाता




बेतिया(घनश्याम)। धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिला टास्क फोर्स की बैठक में कई निर्णय लिये गये। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण पारदर्शी तरीके से धान अधिप्राप्ति कार्य को सम्पन्न कराने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पूर्ण पारदर्शी तरीके से धान अधिप्राप्ति की पूरी प्रक्रिया को सम्पन्न कराएं। डिफाल्टर मिलो, पैक्स, व्यापार समितियों को सूची से बाहर करें। किसी भी परिस्थिति में डिफाल्टर मिलो, पैक्स, व्यापार समितियां जो विभागीय मापदंड को पूरा नहीं कर रही है, डिफाल्टर है, मार्गदर्शिका का अनुपालन नहीं कर रही है, को धान अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न नहीं करना है।

बैठक में अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु एमएसपी निर्धारित किया गया है। साधारण धान हेतु 2300 तथा ग्रेड धान हेतु 2320 रुपए निर्धारित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों का अधिकाधिक ऑनलाइन निबंधन कराना सुनिश्चित कराएं। ज्यादा से ज्यादा किसानों का ऑनलाइन निबंधन कराने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

उन्होंने निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति में संलग्न मिलों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। जांच के क्रम में मिल की मिलिंग हेतु लाईसेंस, मिलिंग क्षमता, विद्युत कनेक्शन, विधुत मीटर, खपत विद्युत की मात्रा एवं कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जांच आवश्यक है।

उन्होंने निर्देश दिया कि पैक्स से मिल और मिल से गोदाम तक अनाज ले जाने वाले सभी वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगा हुआ होना चाहिए। सभी पैक्स में अनाज बेचने वाले किसानों के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से होना चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी उक्त कार्यों का सतत अनुश्रवण करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्प के डंक से तीन वर्षीय बच्ची की मौत

प्रात: किरण, संवाददाता

एकमा। नगर पंचायत के हंसराजपुर गांव निवासी धर्मेंद्र साह की 3 वर्षीय पुत्री अंशिका कुमारी को मंगलवार के दिन संध्या के 6:00 बजे उसकी मौत हो गई। मृतीका अंशिका की मां गीता देवी ने बताई कि मंगलवार के दिन संध्या के 5:00 बजे मेरी पुत्री घर के बाहर खेल रही थी घर में आकर मुझे बताइए कि मुझे चींटी काट दी है जहां परिजनों ने इलाज है हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां डॉक्टरों ने परिजनों से पूछताछ किया कि क्या कटा हुआ है तो उसकी सही जानकारी नहीं मिलने पर डॉक्टरों ने सुई दवाई नहीं किया इसके पश्चात छपरा ले जाने के क्रम में बच्ची के रास्ते में ही मौत हो गई। मौत के संबंध में परिजनों ने बताया कि सर्प के काटने से ही बच्ची की मौत हो गई।

### 30 लीटर देसी शराब के साथ धंधे बाज गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

एकमा । स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के एकारी चंवर से गुप्त सूचना के आधार पर 30 लीटर देसी शराब के साथ धंधे बाज को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार का पहचान थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव निवासी स्वर्गीय बालिस्टर गिरी के पुत्र प्रभात कुमार गिरी के रूप में हुई है । वहीं पुलिस द्वारा जेल भेजे गए शराबी की पहचान नहरनी चिंतामन टोला निवासी स्वर्गीय राजकुमार मांझी के रूप में हुई है साथ ही थाना क्षेत्र के तीलकार गांव निवासी रामदत्त मिश्रा के पुत्र राजा राम मिश्रा तथा लगुनी गांव निवासी अमावस महतो के पुत्र विनोद महतो दोनों वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दी।

### पुलिस ने 83 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों , अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन ,बिक्री,भण्डारण, निर्माण , परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया।इस अभियान में कुल 83 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-15, शराब सेवन-16, वारंट-31, चोरी-04, आर्म्स एक्ट में-05, खनन-02, मानव तस्कर में-04, हत्या के प्रयास में-01, लुट में-01 एवं अन्य में-04 अभियुक्त शामिल हैं।

### पीडीएस दुकानों की कराई जा रही जाँच

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी के निदेशानुसार आज जिला के पीडीएस दुकानों की जाँच की जा रही है। विभिन्न जिला ,अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में पीडीएस दुकानों की जाँच की जा रही है। जाँच के उपरांत सभी पदाधिकारी जाँच प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। जाँच के क्रम में पाई गई कमियों के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### नहीं मिल रहा है नल का जल

लहलादपुर। प्रखंड क्षेत्र के दंदासपुर गांव के वार्ड नंबर सात तथा जनता बाजार में लगभग छः दिनों से नल का जल नहीं मिल रहा है. जबकि बहुत सारे घरों के लोग नल के जल पर ही आश्रित हैं. बताते चलें कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप स्थित पानी टंकी से वितरण होने वाला जल छः दिनों से वितरण नहीं हो रहा है. जल का वितरण नहीं होना कोई नयी बात नहीं है, बल्कि पूर्व में भी पानी कई दिनों तक नहीं आता रहा है ।

# ट्रेंड लाइब्रेरियन संघ का जिला अध्यक्ष बनने पर हर्ष



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेल्फेयर फाउंडेशन में ट्रेंड लाइब्रेरियन के कल्याणार्थ संघर्ष को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय संगठन का पुनर्गठन करते हुए ह्लआइडियल कोचिंग सेंटरह्व हरपुर बनियापुर के निदेशक फैज अकरम (प्रिंस) को सारण जिला ट्रेंड लाइब्रेरियन संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। बिहार प्रदेश ट्रेंड लाइब्रेरियन संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास चन्द्र सिंह ने फैज अकरम को जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपते हुए जिला स्तर पर संगठन को धारदार बनाने एवं जिला में शेष बचे ट्रेंड लाइब्रेरियन को संगठन से जोड़ने का निदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने फैज अकरम को शुभकामना देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि फैज अकरम की अध्यक्षता में जिला संगठन कल्याणकारी संघर्ष हेतु गतिशील बनेगा। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने बधाई देते हुए कहा कि फैज अकरम शांत स्वभाव के धनी व्यक्ति है शुभकामना देने वाले में तकनीकी प्रकोष्ठ के निवर्तमान प्रदेश महासचिव सुधारकर भारद्वाज,जदयू जिला प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज, ईङ्घ प्रभाष शंकर,जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष शिवनारायण सिंह पटेल,सादाब आलम मुन्नू, मोङ्घ जलालुद्दीन,अकरम खुर्शीद,आसिफ इकबाल, प्रमुख है।

# मढ़ौरा पुलिस ने नशा मुक्ति को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



प्रात: किरण, संवाददाता

मढ़ौरा पुलिस ने नशामुक्ति अभियान के तहत मंगलवार को मढ़ौरा बाजार के विभिन्न स्थानों पर लोगों के बीच नशामुक्ति से संबंधित लोगो को जागरूक करने के लिए छापे गए पर्चो को बांटा। इस दौरान मढ़ौरा के धेनुकी चौक, गढ़देवी चौक, मुख्य बाजार, डाबरा नदी पुल, प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ मिजार्पुर आदि स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियो ने आने-जाने वाले लोगों के साथ-साथ वहां मौजूद आम लोगों के बीच नशामुक्ति से संबंधित सारण पुलिस की ओर से छपे एक अपील वाले पर्चे को वितरित किया। इस पर्चे में शराब से होने वाले नुकसान और बीमारी के बारे में जानकारी दी गई है और यह बताया गया है कि छुप-छुप कर जो लोग शराब पीते हैं वह कभी जहरीले भी हो सकता है। जिससे जान चली जाएगी और आंखों की रोशनी भी समाप्त हो सकती है। ऐसे में मानव को दानव बनाने वाले शराब की लत को छोड़कर एक सम्मान की जिंदगी जीने के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। इस पर्चा वितरण अभियान में मढ़ौरा के थानाध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी ाहुल कुमार की अगुवाई में मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार सिंह, चंदेश्वरी प्रसाद यादव के अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल

### विगत 24 घंटे मे मद्यनिषेध विशेष अभियान चलाकर शराब के साथ 31 आरोपी गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब,मादक पदार्थ का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाकर 254 जगहों पर छापामारी की गई। जिसमें 09 कांड एवं 08 सनहा दर्ज कर कुल 31 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, तथा 101 लीटर देशी शराब, 26.25 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। इस अभियान में कुल-09 शराब की भट्ठी ध्वस्त कर लगभग 3630 लीटर अर्धनिर्मित शराब विनष्ट किया गया। विगत सप्ताह में सारण पुलिस द्वारा 1853 स्थानों पर छापामारी कर 135 कांड एवं 88 सनहा दर्ज कर कुल 296 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 4449.1 लीटर देशी शराब, 1293. 78 लीटर विदेशी शराब, 237.50 लीटर स्प्रीट, 11 सिलेन्डर जब्त किया।

# बदलो बिहार न्याय सम्मेलन आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा सदर। भाकपा माले का पूरे बिहार में पाँच केंद्रो से बदलो बिहार न्याय यात्रा शुरू हुआ है जिसमे सारण जोन कि यात्रा 16 अक्टुबर को गोपालगंज जिला के कटेया बाजार से शुरू होकर बुधवार को छपरा पहुँचा है।इस यात्रा कि समाप्ति 27 अक्टुबर को पटना के मिलर हाई स्कूल मे होगा जिसको माले के राष्ट्रीय महासचिव दिपान्कर भट्टाचार्य सम्बोधित करेगे। उक्त बाते भाकपा माले केंद्रीय कमिटी सदस्य व दरौली के विधायक सत्यदेव राम ने सारण के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह सभागार में बदलो बिहार न्याय यात्रा को सम्बोधित करते हुए कही। यात्रा को सम्बोधित करते हुए जीरादेई के विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि नितीश सरकार अगर 72000 से नीचे का आय प्रमाण पत्र नही बनाती है तो आने वाले चुनाव में सत्ता से उखाड़ फेके , सभा को सम्बोधित करते हुए सिवान जिला के लोक प्रिय नेता अमरनाथ यादव ने कहा स्मार्ट मीटर गरीबो को खून चूसने वाला मीटर है जनता ने विरोध किया तो सरकार पीछे हटी। इसको हटाने के लिए और बड़ी एकता कि जरूरत है। न्याय सम्मेलन को गोपालगंज के जिला सचिव व छपरा के प्रभारी इंद्रजीत चौरसिया, सिवान के जिला सचिव हंसनाथ राम, राज्य कमिटी सदस्य रवींद्र सिंह, मुकेश कुशवाहा, ईनौस के राज्य अध्यक्ष जितेंद्र पास्वाँन, ऐपवा राज्य अध्यक्ष सोहिला गुप्ता, भोरे विधान सभा के पूर्व उम्मीदवार जितेंद्र पासवाँन,किसान सभा के जिला अध्यक्ष जयनाथ यादव, खेत ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव शिवनाथ राम, ईनौस राज्य परिषद सदस्य जय शंकर पड़ित, आजात शत्रु, आईशा राज्य सह सचिव दिव्यं जी जिला अध्यक्ष कौशिक कुणाल इत्यादि ने सम्बोधित किया अध्यक्षता सारण के जिला सचिव सभा राय ने की।

# समुदाय से टीबी के कलंक को मिटाने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से जागरूक करेंगे टीबी चैंपियन

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। जिले में अब टीबी के कलंक को मिटाने के लिए आरोग्य मंदिर स्तर पर टीबी चैंपियन को तैनात किया जायेगा। इसको लेकर सदर अस्पताल के जीएनएम हाल में केएचपीटी संस्था के द्वारा टीबी सर्वाइवर्स को टीबी चैंपियन के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह और केएचपीटी के स्टेट लीड पंकज कुमार शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया। डॉ रत्नेश प्रसाद सिंह ने टीबी चैंपियंस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीबी चैंपियंस सेवा भाव से यक्ष्मा मरीजों के लिए काम करें और समाज में उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के तहत टीबी चैंपियंस के माध्यम से यह एक सार्थक कदम है। उन्होंने बताया कि ऐसे टीबी मरीज जो टीबी से पूर्ण रूप से ठीक हो गए हैं और समाज की लिए कुछ करना चाहते है उन्हें टीबी चैंपियंस के रूप में चयन किया गया है वे प्रत्येक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगो के बीच प्रचार प्रसार का काम करेंगे।

इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के स्टेट लीड पंकज शर्मा ने कहा कि इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य टीबी के प्रसार को कम करना तथा टीबी से होने वाले मौत में कमी लाना है। प्रशिक्षण का उद्देश्य के बारे मे चर्चा करते हुए कहा कि टीबी मुक्त पंचायत के लिए टीबी चैंपियंस सबसे बड़े संदेशवाहक का काम कर सकते हैं। ग्रामीण स्तर पर टीबी चैंपियंस टीबी मुक्त पंचायत के लिए काम करें और लोगों को जागरूक करें।

इस परियोजना में टीबी चैंपियंस को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एचडब्यूसी) के स्तर पर तैनात किया जाएगा जो ग्राम पंचायत में एडवोकेसी/सामुदायिक बैठकों में भाग लेकर ग्राम पंचायत के सदस्यों और सामुदायिक नेताओं की मदद से, टीबी केस-फाइंडिंग को बढ़ावा देने, बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने, कम आय वाले परिवारों के लिए उपचार और पोषण सहायता प्रदान करने में सुविधा प्रदान करने में सहयोग करेंगे। टीबी डीपीसी हिमांशु शेखर द्वारा टीबी के फैलाब, रोकथाम एवं उपचार से सम्बंधित विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। क्षय रोग (टीबी) एक वायुजनित बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (एम. ट्यूबरकुलोसिस) के कारण होती है। यह एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जो फेफड़ों को प्रभावित करती है, यह शरीर के किसी भी हिस्से (बालों और नाखूनों को छोड़कर) को प्रभावित कर सकती है। जब पल्मोनरी टीबी वाला कोई पीड़ित कोई व्यक्ति खांसता है, थूकता है या छींकता है, तो टीबी के कीटाणुओं को ले जाने वाली श्लेष्मा की बूंदें हवा में फैल सकती हैं। चूंकि टीबी वायुजनित है, इसलिए जो कोई भी बैक्टीरिया को सांस के माध्यम से ग्रहण करता है ।

# इनर व्हील क्लब छपरा ने 250 ग्रामीणों को भोजन उपलब्ध कराया

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। समाजसेवी संस्था इनर व्हील क्लब ,छपरा ने चिरांद के लाल बाजार स्थित अपने गोद लिए हुए दलित बस्ती के लगभग 250 लोगों को भोजन कराया। जिसमें बच्चे, महिलाएं व पुरुष सभी शामिल थे। अध्यक्ष वीणा शरण ने बताया कि इस बस्ती में जो भी जरूरतमंद या गरीब बच्चे हैं, उनकी जो भी आवश्यकताएं होंगी, उनको हमारी संस्थान पूरा करेगी। चाहे वह यहाँ के बच्चों की शिक्षा को लेकर हो या उनके खाने-पीने या पहनने को लेकर हो, हमारी संस्थान निरंतर इस अडॉप्टेड बस्ती के लोगों के लिए मदद करती रहेगी।

हमारी परियोजना का उद्देश्य ही समाज सेवा, मानवता और खुशी की भावना फैलाना है। क्लब के सदस्यों ने वहां के बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बिताया। साथ ही भोजन के उपरांत उपस्थित बच्चों के लिए हाथ धोने के महत्व के बारे में एक स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किया। क्लब के सदस्यों द्वारा ह्लहाथों को ठीक से कैसे धोना हैह्व के बारे में समझाया गया। उसके बाद बच्चों के बीच हाथ धोने हेतु साबुन भी वितरित किए गए। इस अवसर पर शशि प्रभा सिन्हा, कान्ति शर्मा सहित क्लब के कई सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग किया। इस खबर की जानकारी क्लब की एडिटर राखी सिंह ने दी।

# विद्युत ट्रांसफार्मर जला, लोगों ने जताया विरोध

दाउदपुर(मांझी), प्रातः किरण। प्रखंड के जैतपुर अस्सी बीघा यादव टोली में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर मंगलवार की शाम जल गया। जिससे अचानक उपभोक्ताओं के घर में अंधेरा हो गया। जिसकी सूचना देने के 24 घण्टे के अंदर भी जब ट्रांसफार्मर नही बदला गया तो बुधवार को ग्रामीण उपभोक्ताओं ने जले ट्रांसफार्मर के नीचे एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर की क्षमता 63 केवीए होने के कारण अत्यधिक लोड के कारण अचानक जल गया। बिजली की रोशनी के बगैर जीना मुहाल है। रात के अंधेरे में माल- मवेशी समेत आम जनों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे में घर के अंदर सांप-बिच्छू घुसने का भी डर बना हुआ है। हालांकि सूचना मिलने के बाद विभाग द्वारा जांच की गई और ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मांझी जेइ व अधीक्षण अभियंता को देकर 63 केवीए के ट्रांसफार्मर के जगह 100 केवीए का ट्रांसफार्मर अविलंब लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर ट्रांसफार्मर जल्द नही बदला गया तो वे सम्बंधित विभागीय कार्यालय के सामने धरना देने को विवश होंगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा लूज- पुंज विद्युत तार लगाकर आधा- अधूरा कार्य करके छोड़ दिया गया है। कई जगह तार लूज होकर काफी नीचे तक लटक रहा है। जिससे खतरे की संभावना बनी हुई है। प्रदर्शन करने वालों में गणेश यादव, अरुण राय, मनोज राय,अजीत राय आदि थे।

### वाल्मीकिनगर स्वास्थ्य केंद्र में सांप के वैक्सीन के साथ उपचार उपलब्ध:प्रभारी

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में सांप के काटने के मरीज का वैक्सीन तो उपलब्ध है ही साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कुशल डॉक्टर के द्वारा उपचार भी किया जा रहा है ।यह बातें एक भेंट के दौरान प्रभारी डॉक्टर राजेश सिंह ने कही ।उन्होंने बताया कि वाल्मीकिनगर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के साथ एक एएनएम को इस बाबत प्रशिक्षित किया गया है ।अब लोगों को इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है ।बशर्ते आपको डॉक्टरों पर भरोसा करना होगा। बतादें की वाल्मीकिनगर वीटीआर के घने जंगलों के बीच बसा हुआ है ।जहां विभिन प्रकार के जरिले सांप पाए जाते हैं और प्रायः सांपों के काटने की घटनाएं होते रहती है। मरीजों को इलाज के लिए पड़ोस के नेपाल स्थित त्रिवेणी मिलिट्री कैम्प या अन्यत्र उपचार के लिए जाना पड़ता था ।कभी कभी दूरी तय करते समय मरीजों की जान भी चली जाती थी ।लेकिन प्रभारी डॉक्टर राजेश सिंह के कथनानुसार अब ऐसा नहीं होगा वाल्मीकिनगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भी उपचार शुरू हो चुका है।

# 25 अक्टूबर को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन

बेतिया(घनश्याम), प्रातः किरण। श्रम संसाधन विभाग द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) के प्रांगण में 25 अक्टूबर 2024 को जॉब कैम्प का आयोजन किया जाना है। इस दिन पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है ।जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुंद माधव द्वारा बताया गया कि चैतन्य इंडिया फाइनेंस क्रेडिट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कस्टमर रिलेशनशीप एक्जक्यूटिव के पद पर कार्य करने हेतु इंटर पास इच्छुक कुल-30 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 11080 रूपया प्रतिमाह मानदेय सहित इंसेंटिव, पीएफ, इएसआइसी आदि भी प्रदान की जायेगी। कार्यस्थल पश्चिम चम्पारण जिला होगा ।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला नियोजनालय में दूरभाष संख्या-06254-295737 पर हेल्प सेन्टर बनाया गया है। अभ्यर्थी विशेष जानकारी के लिए हेल्प सेन्टर पर संपर्क कर सकते हैं।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत

डोरीगंज , प्रातः किरण। थाना क्षेत्र के इस्माइल पुर गांव निवासी टुन्ना नट के पुत्र अर्जुन कुमार (13 वर्ष) की मौत बीती रात सड़क हादसे में हो गई। मौत के बाद ग्रामीण उग्र हो गए। ग्रामीणों ने छपरा पटना एनएच (19)रोड को इस्माइल पुर के समीप जाम कर दिया। उग्र ग्रामीणों ने सड़क पर अर्जुन का शव रख कर लगभग एक घंटे तक बवाल काटा डोरीगंज थानाध्यक्ष द्वारा आक्रोशित लोगों को समझाने के बाद मार्ग पर वाहनो की आवा जाही चालू हुआ। घटना के संबंध मे प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि अर्जुन मंगलवार के रात्री के लगभग 9 30 बजे दवा ले जा रहा था तभी अनियंत्रित ट्रक के चपेट मे आ गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# धान की श्री विधि की खेती से जीविका दीदियां हो रही हैं लाभान्वित

प्रात: किरण, संवाददाता




बेतिया(कुमार अभिजितम) । मझौलिया प्रखंड के विशंभरपुर पंचायत में जीविका दीदियों के बीच एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्री विधि एवं परंपरागत विधि दीदी द्वारा किए गए खेती का उपज मूल्यांकन किया गया। जिसके अंतर्गत दोनों प्रकार के तरीकों से किए गए खेतों का क्राप कटिंग एक एक कट्ठे के खेतों का किया गया जिसमे एक प्लॉट के पाँच भागों से धान की फसल की कटाई कर उपज मूल्यांकन जीविका दीदियों के द्वारा किया गया और उपज मूल्यांकन के बाद जीविका दीदियों के द्वारा बताया गया की श्री विधि से धान की उपज परंपरागत विधि से ज्यादा हुई हैं ।इस मौके पर जीविका के कृषि प्रबंधक श्री मोहन कुमार ने जानकारी दी की श्री विधि से धान की खेती करने पर उपज आंकलन में एक वर्ग मीटर में 25 झुर पाया गया और एक झुर में चालीस बाली की गणना की गई, और एक बाली में 320 दाने का उत्पादन आंकलन किया गया। एक वर्ग मीटर में औसत धान की उपज को 550 ग्राम का आंकलन किया गया ।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मझौलिया क्षेत्र में एक कट्ठे में 296 वर्ग मीटर होता है। उपज की गणना के करने के बाद पता चला कि श्री विधि से खेती करने पर एक कट्ठे में लगभग 162 किलो धान का उत्पादन हो रहा है जबकि परंपरागत विधि से धान का उत्पादन लगभग 120 किलो धान की फसल हो रही है। इस मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक गुलाम सरवर ने जानकारी दी कि जीविका दीदी उन्नत विधि से खेती कर रही है साथ ही साथ उन्होंने दीदियों को जैविक विधि से खेती करने को प्रोत्साहित करने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त सभी दीदियों को अपने घर में पोषण वाटिका लगाने की सलाह दी जिससे दीदियों को निरंतर साग सब्जी की उपलब्धता बनी रहे. इस मौके पर दिलीप राजहंस, हृदय पंडित और प्रखंड की सभी वीआरपी दीदी उपस्थित रहीं।

# तबियत बिगड़ने से शिक्षक की विद्यालय में हुई मौत, मची अफरा तफरी

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। गौनाहा एक शिक्षक की अचानक तबीयत खराब होने के बाद उनकी विद्यालय में हीं मौत हो गई है घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गईं और सूचना पर पहुँचे परिजनों का बुरा हाल हों गया है । शिक्षक विधालय में कार्यरत थे उसी दौरन अचानक उनके सर मे तेज दर्द हुआ और पसीना अधीक होने के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने आनन फानन में एम्बुलेंस नहीं मिला तो भाड़े के ऑटो से रामनगर अस्पताल पहुंचाया। बेहोश शिक्षक को जब तक रामनगर पीएचसी लाया गया तब तक उनकी मौत हो चुकी है थी । घटना गौनाहा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय महुई की है । मृत शिक्षक की पहचान राजकीय मध्य विद्यालय महुई गौनाहा में कार्यरत नियोजित शिक्षक अमीत कुमार राम के रूप में हुई है । जो मझौलिया प्रखंड के चनायन बांध मलुका टोला के रहने वाले वाले थे । बता दें कि रामनगर पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार नें शिक्षक अमित राम की हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताया है हालांकि पोस्टमार्टम होनें पर हीं मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल शिक्षक की मौत से शिक्षा विभाग में मातम पसरा है वहीं बीईओ समेत डीईओ व डीपीओ स्थापना नें घटना पर गहरा शोक जताया है, इधर महुई विद्यालय परिवार की ओर से शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत शिक्षक के आत्मा की शांति के लिए स्कूली छात्रों और शिक्षकों नें दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी है।

# डीएम ने धान अधिप्राप्ति को ले टास्क फोर्स के साथ की बैठक अधिक से अधिक किसानों के निबंधन का दिया निर्देश

● बैठक में डीएम को जिलान्तर्गत अब तक कुल निबंधित किसानों की संख्या 558 (रैयत 467 एवं गैर रैयत 91) की जानकारी दी गई

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम(रोहतास)। जलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई।

बैठक में बताया गया कि जिलान्तर्गत अब तक कुल निबंधित किसानों की संख्या 558 (रैयत 467 एवं गैर रैयत 91) है। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत प्रत्येक पैक्स में धान बेचने वाले किसानों का अधिक से अधिक संख्या में निबंधन कराने हेतु प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। प्रखण्ड अंतर्गत सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक पैक्स में धान बेचने हेतु इच्छुक किसानों को अधिक से अधिक पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया।

## सभी मिलों का निबंधन एवं भौतिक सत्यापन

जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम एवं जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, रोहतास को निर्देश दिया गया कि सासाराम, डिहरी एवं बिक्रमगंज के अनुमण्डल पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मिल का भौतिक सत्यापन दिनांक 31 अक्टूबर तक करना सुनिश्चित करेंगे।

क्रय केन्द्रों पर आवश्यक तैयारी : सभी क्रय केन्द्रों पर धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व भण्डारण की व्यवस्था, नमी मापक यंत्र, माप तौल का नवीकरण, पोस्टर बैनर, ऋद्धर युक्त वाहनों, बायोमेट्रिक फिगर प्रिंटर स्कैनर आदि का अधिष्ठापन 31अक्टूबर तक उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया।

## समिति का चयन

जिलान्तर्गत धान अधिप्राप्ति करने वाले सभी गैर प्रमादी समितियों का चयन करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम को दिया गया। जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, रोहतास, सासाराम को उटफक्रय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी एवं गुणवत्ता नियंत्रक की प्रतिनियुक्ति दिनांक 31अक्टूबर तक करने का निर्देश दिया गया। उटफक्रय केन्द्र उं ी केन्द्र प्रभारी एवं गुणवत्ता नियंत्रक की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश दिया गया है।

# रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार तक चार नामांकन



प्रातः किरण संवाददाता

रामगढ़ कैमूर 7 रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार तक चार नामांकन हुए है। सोमवार को जहां भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था वहीं आज मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी तथा एक निर्दलीय उम्मीदवार ने अपना नामांकन किया है।इस प्रकार अभी तक मैदान में कुल चार उम्मीदवार मौजूद हैं। अभी नामांकन भरने को तीन दिन शेष हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता मोहनिया के द्वारा निर्गत आम सूचना के अनुसार 25 अक्टूबर तक नॉमिनेशन फॉर्म लिए जाएंगे तथा 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन पेपर का स्क्रूटनी होगा।30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापसी कर सकते हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर कमला कांत त्रिवेदी ने बताया कि आज तक 07 अभ्यर्थियों ने नाजिर रसीद कटवाया है।अभ्यर्थियों के सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।हेल्प डेस्क पर पर्याप्त संख्या में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो अभ्यर्थियों को नामांकन फॉर्म भरने से लेकर जमा करने तक में सहायता करेंगे।नामांकन स्थल के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। नामांकन प्रक्रिया को लेकर अनुमंडल कार्यालय के आसपास काफी चहल-पहल देखी जा रही है।

# विकास रजिस्टर वर्जन 2.0 में डेटा को शुद्ध - शुद्ध करने के लिए सभी विकास मित्रों को किया गया निर्देशित

प्रातः किरण संवाददाता



भभुआ कैमूर। प्रखंड कल्याण कार्यालय भभुआ में सभी विकास मित्रों का एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी अमन कुमार राय जी तथा संचालन संतोष कुमार प्रखण्ड समन्वयक भभुआ ने किया।इस बैठक में एससी/ एसटी कल्याण विभाग के सचिव मा0 दिवेश सेहरा साहब जी के द्वारा वीसी के माध्यम से दिए गए निर्देश के सम्बन्ध में सभी विकास मित्रों को जानकारी देते हुए जिला समन्वयक सह प्रदेश प्रवक्ता विकास मित्र संघ बिहार श्री जय शंकर राम ने विकास रजिस्टर वर्जन 2.0 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने ने बताया कि विकास रजिस्टर वर्जन 2.0 में कुल 63 प्रविष्टियां है जिसे सभी डेटा को शुद्ध - शुद्ध सत प्रतिशत अपडेट करने के लिए बताया गया और सभी विकास मित्रों को शिक्षा से संबंधित जन जागरूकता अभियान चलाकर स्कूल से बाहर के बच्चे/ छात्र को नामांकन कराने लिए सभी विकास मित्रों को निर्देशित किया गया। सचिव साहब जी के द्वारा बताया गया था कि जांच के क्रम में जिस पंचायत में स्कूल से बाहर बच्चे/छात्र मिलेंगे जिनका नामांकन नहीं हुआ होगा । वैसे विकास मित्रों को चिन्हित कर करवाई करते हुए मुक्त कर देने की बात कहा गया है। इसलिए सभी विकास मित्र से अनुरोध है कि इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य को स समय पूरा करने का कार्य करें।

जिला अध्यक्ष श्री रमाकांत राम ने बताया कि विकास रजिस्टर वर्जन 2.0 में कुल 63 प्रविष्टियां हैं। जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली ,नल - जल, राशन कार्ड, शौचालय ,पेंशन से संबंधित सभी तरह की पेंशन, कबीर अंत्येष्टि योजना ,विधवा पेंशन योजना, कन्या विवाह योजना ,शिक्षा से संबंधित, आंगनबाड़ी से संबंधित, जीविका से संबंधित, श्रम कार्ड से संबंधित ये सभी तरह की योजना को विकास रजिस्टर वर्जन 2.0 में ऑनलाइन डेटा को अपडेट करना है कि किस महादलित परिवारों को इन सभी योजनाओं से लाभ मिला है या नहीं मिल पाया है उन सभी लोगों से सम्पर्क कर के शुद्ध शुद्ध डेटा को अपडेट करने के लिए कहा गया है।इस बैठक में मुख्य रूप से निम्न लोगों ने भाग लिया। जिला समन्वयक सह प्रदेश प्रवक्ता विकास मित्र संघ बिहार श्री जय शंकर राम, जिला अध्यक्ष विकास मित्र संघ कैमूर रमाकांत राम, संतोष कुमार, विपिन कुमार, तेजबहादुर, अंगद राम, रविन्द्र कुमार, राजू राम, रमेश कुमार, राज कुमार,नीलम कुमार,उमरावती कुमारी, चंदा कुमारी, पुष्पा कुमारी, किरण देवी, ज्योति कुमारी, शारदा कुमारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्रखंड मुख्यालय में शौचालय बन गई शोभा की वस्तु हमेशा लटकता रहता है तला, खुले में शौच जाते हैं लोग

प्रातः किरण संवाददाता




रामपुर (कैमूर) रामपुर प्रखंड के पंचायत में घूम-घूम कर लोगों को खुले में शौच नहीं करने का पाठ पढ़ाया जाता है इसके लिए घर-घर शौचालय बनाकर पंचायत को ओडिफ घोषित कर दिया गया है लेकिन प्रखंड मुख्यालय के परिसर में बने शौचालय में ताला लटका रहता है यहां आम लोगों के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया था लेकिन निर्माण होने के बाद से ही यह बंद पड़ा हुआ है शौचालय में ताला लगे रहने से कार्यालय आने वाले लोग प्रसाधन की आवश्यकता महसूस होने पर जगह तलाशते रहते हैं और खुले में शौच करने को मजबूर रहते हैं

## प्रखंड कार्यालय आने वाली महिलाओं के होती है ज्यादा परेशानी

प्रखंड कार्यालय परिसर में शौचालय पर लटका हुआ ताला आम लोगों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है दरअसल काफी चहल पहल रहने के कारण यहां शौच के लिए जगह तलाशना भी मुश्किल होता है ऐसे में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है लोगों की माने तो कई बार संबंधित पदाधिकारी से शिकायत करने के बावजूद प्रशासन का रवैया काफी उदासीन रहा है प्रखंड कार्यालय के कई कर्मी भी दबी जुबान से शौचालय बंद रहने से होने वाले परेशानी की बात को कबुलते हैं

## लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया था शौचालय

प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों की सुविधा के लिए यहां शौचालय का निर्माण कराया गया थो प्रतिदिन सैकड़ो लोग यहां विभिन्न काम से आते हैं इस दौरान उन्हें शौच की आवश्यकता महसूस होने पर शौचालय में ताला लटका मिलता है अन्य कोई उपाय नहीं देख लोग सड़को के किनारे गंदगी फैलाते हैं ऐसे में खुले में शौच मुक्त अभियान की धज्जियां उड़ती है लोगों का कहना है कि प्रखंड कार्यालय परिसर में शौचालय होने के बाद भी यह ताला लगता रहता है और एक है भी तो उसका रख रखाव ठीक नहीं है लोग यत्र तत्र गंदगी फैलाते हैं तो पंचायत में लोगों को जागरूक करने का कोई मतलब नहीं है जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं

# वैश्य चेतना समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुंदर साहू की अध्यक्षता में की गई



प्रातः किरण संवाददाता

आरा : बिहिया में राधा कृष्ण गेस्ट हाउस जज बाजार बिहिया में वैश्य चेतना समिति की बैठक वैश्य चेतना समिति के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुंदर साहू की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक आगामी 27 अक्टूबर को होने वाले जिला संगठन के चुनाव के संदर्भ में की गई। शिव कुमार साह ने कहा कि 27 अक्टूबर को होने वाले संगठन चुनाव का लेकर बैठक किया गया और आने वाले 2025 में चुनाव में वैश्य समाज को भागीदारी मिलनी चाहिए जो पार्टी अगर हम लोगों को भागीदारी देता है ज्यादा ज्यादा टिकट देता है तो उसे समाज वोट देने का काम करेगा बैठक का मकसद का एक मंच पर सभी वैश्य समाज ज्यादा से ज्यादा संख्या हो और हम लोग एक हो और आने वाले चुनाव में हम लोग को भागीदारी मिलनी चाहिए जिसको लेकर बैठक किया गया जिसमें सर्व सम्मति से पवन कुमार गुप्ता को अध्यक्ष एवं महेश साहू को उपाध्यक्ष तथा अन्य लोगों को भी कई पदों से नवाजा गया। इस बैठक में अनिल कुमार गुप्ता, अजय शाह, रमाशंकर शाह ,मुन्ना जी गुप्ता, अनिल शर्मा ,सुनील शाह, उत्तम जी प्रसाद, आदि वैश्य समाज से की लोग उपस्थित रहे। संचालन शिव कुमार साह ने किया

# महेंद्र नारायण फुटबॉल क्लब पिरौटा में राधा शरण सिंह मेमोरियल जिला फुटबॉल लीग 2024 /25 किया गया चौथे दिन का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा:आरा सदर प्रखंड अंतर्गत पिरोता के खेल मैदान मे महेंद्र नारायण फुटबॉल क्लब पिरौटा के नेतृत्व में राधा शरण सिंह मेमोरियल जिला फुटबॉल लीग 2024 /25 आयोजन का चौथे दिन का प्रथम मुकाबला नवज्योति क्लब पकडी बनाम एरो फुटबॉल क्लब आरा के बीच खेला गया मैच का प्रथम गोल एरो फुटबॉल की ओर से 12 मिनट में रोहित सिंह ने किया इस तरह एरो फुटबॉल टीम एक गोल से मैच में आगे हो गई पकड़ी टीम के खिलाड़ी वापसी करते हुए 15 मिनट में टीम के खिलाड़ी रॉकी सिंह ने अपनी टीम के लिए गोल कर दिया इस तरह दोनों टीम एक एक से बराबरी पर रही लिखा था फिर से एरो टीम के खिलाड़ी ने धावा बोलते हुए 29 मिनट में सेम साइड गोल पकड़ी टीम के खिलाड़ी की गलती से हो गया इस तरह एरो फुटबॉल टीम मध्यांतर तक दो एक से मैच में आगे हो गई मध्यांतर के बाद फिर से खेल प्रारंभ हुआ उसके बाद अपनी गलती को सुधारते हुए पकड़ी टीम के खिलाड़ी प्रकाश कुमार ने 39वें मिनट में बाल को एरो फुटबॉल टीम के रक्षा पंक्ति को भेदते हुए गोल कर दिया इस तरह दोनों टीम में मैच में बराबरी पर आ गई फिर से मैच के 46 मिनट में एरो फुटबॉल टीम के खिलाड़ी कशिश कुमार ने गोल कर दिया और अपनी टीम को मैच में टीम तीन दो के बढ़त दिला दी।

पकड़ी टीम के खिलाड़ी मैच में पिछड़ने के बाद फिर से वापसी किया और प्रकाश कुमार ने ही अपनी टीम के लिए तीसरा गोल कर दिया इस तरह मैच समाप्ति तक दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर रही इस मैच के निर्णायक के रूप में राजकुमार धनजी कुमार रोहित कुमार और डॉक्टर रंजन सिंह थे इस मैच के मुख्य अतिथि के रूप में अपने जमाने के वरिष्ठ फुटबॉलर श्री लाल बहादुर लाल ने बाल को किक मारकर मैच का उद्घाटन किया दिन का दूसरा मैच एथलेटिको आरा बनाम सिंह फुटबॉल क्लब उदवंत नगर के बीच खेला गया मैच के शुरूआतीक्षण दूसरे मिनट में एथलेटिको टीम के खिलाड़ी राजा तिवारी ने अपने टीम के लिए प्रथम गोल किया फिर से मैच का 22वां और 26वां मिनट में राजा तिवारी ने ही अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया।

# पटना प्रमंडल के आयुक्त ने नीलाम पत्र वाद की प्रगति के लेकर में की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता



आरा ।आयुक्त, पटना प्रमंडल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नीलाम पत्र वाद के प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की गई।

समीक्षा के क्रम में आयुक्त,पटना प्रमंडल, द्वारा ढटअ का नीलाम पत्र वाद संबंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को ट्रांसफर करने को कहा गया।साथ ही रेवेन्यू कार्ड के साथ ही नीलाम पत्र की सुनवाई करने का निर्देश दिया गया।

सभी बैंकों के डी0सी0/ एल0डी0एम0 के साथ जिला स्तरीय बैठक करने, सरकारी बैंक एवं पी0एस0यू0 की राशि को जीरो करने का निर्देश देते हुए पांच पुराने एवं अधिकतम राशि वाले वादों को तथा बैंकों की सूची- वाद/ राशि सहित आयुक्त पटना प्रमंडल को भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

# कागजों पर स्वच्छता अभियान धरातल पर गंदगी की ढेर

प्रातः किरण संवाददाता



रामपुर (कैमूर) ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मी का गठन हो चुका है बावजूद इसके साफ सफाई चौपट है ग्रामीण परेशान है जनप्रतिनिधि भरसक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन धरातल पर देखने से लगता है कि पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान सिर्फ कागजों पर ही चलाया जा रहा है मंगलवार को स्वर्ण भास्कर की टीम ने जब गांव खरेन्दा भोरेयॉ बेलॉव का दौरा किया तो हालात चिंतनीय थे इस अभियान के जरिए हमारी कोशिश है की जिम्मेदार लोग कुंभकरण के नींद से जागे और समस्या का समाधान हो सके केंद्र से लेकर राज्य सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर बेहद गंभीर है, लेकिन गांव की हालत देखने पर लगता है कि यह अभियान प्रखंड में केवल कागजों में दौड़ रहा है करोड़ों खर्च होने के बाद भी यह अभियान आज धरातल पर कोई खास प्रगति नहीं की है अधिकारी खुद को बचाने के चक्कर में इस योजना को शिखर पर पहुंचा देते हैं खरेन्दा किसानों को के हालात इसकी गवाही दे रहे हैं खरेंदा गांव से तरॉव तक पूरी सड़क पर गंदगी का अंबार मिला यहां से पैदल पार करना बेहद कठिन था ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से लंबे समय से यही स्थिति है ग्रामीणों के माने तो शौचालय के लिए आवेदन करने पर शौचालय नहीं मिल पाता है तो वही खरेंदा में ही मंटू यादव के घर से अनूप सिंह के घर तक मुख्य सड़क पर ही पानी भरा मिला यहां से पैदल पार करना बेहद कठिन था तो वही भोरेयॉ में भी हालात ऐसे ही मिले बेलॉव ग्रामीणों का कहना है कि पुणे का उठाव नहीं होने की वजह से गंदगी फैला हुआ है यह स्थिति प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में देखने को मिला खरेंदा बेलॉव तरॉव मैं करीब 1 साल से कचरा का उठाव नहीं हो रहा है सफाई कर्मि बेलॉव वार्ड नंबर 3 का कहना है कि कचरा उठाओ करने वाला गाड़ी खराब हो गया है और हम लोग का वेतन 1 साल से रुका हुआ है जिसके वजह से हम लोग कचरा का उठाव नहीं कर रहे हैं तो वही खरेंदा पंचायत के खरेंदा वार्ड नंबर एक और दो का भी यही कहना है की करीब 1 साल से वेतन रुक जाने की वजह से हम लोग सफाई नहीं कर रहे हैं इसकी जानकारी लेने के लिए प्रखंड समन्वयक के दूरभाष नंबर पर कॉल किया गया तो उनके द्वारा रिसीव नहीं किया गयो

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर दो ट्रॉली के साथ एक बाइक जब्त

डिहरी(रोहतास) , प्रातः किरण। अवैध बालू के कारोबार के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डिहरी पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर, दो ट्राली के साथ एक बाइक जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार ने बताया कि खनन निरीक्षक डिहरी के हकशा फिरदौस के नेतृत्व में छापेमारी कर इंद्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, दो ट्राली जब्त किया गया है। वहीं कारोबारी की एक बाइक भी जब्त की गई है। इस मामले में इंद्रपुरी थाना में ट्रैक्टर मालिक और चालाक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।छापामारी दल में अनुमण्डल पदाधिकारी, डिहरी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, डिहरी, थानाध्यक्ष, इन्द्रपुरी शामिल थे।खनन निरीक्षक ने बताया कि अवैध खनन के विरूद्ध अग्रेत्तर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# मुन्ना भारती बने कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

काराकाट(रोहतास) , प्रातः किरण। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने काराकाट नगर निवासी मुन्ना भारती को रोहतास जिला के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है । इस मनोनयन पर नगर वार्ड पार्षद, संतोष तिवारी, सुरेश माली सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की है । बिहार में एक कार्यक्रम आयोजित कर मुन्ना भारती को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई । इस अहम जिम्मेवारियों के लिए पूरे नगर से उपाध्यक्ष रविश रंजन, संजय तिवारी, माइंड स्क्वायर निदेशक अमित कुमार, अजय कुमार सिंह अतिरिक्त कई लोगों ने बधाई दी है ।

# भोजपुर जिलाधिकारी ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण, प्रबंध का निर्देश भी दिया



आरा :जिलाधिकारी, भोजपुर द्वारा जिले के विभिन्न छठ घाटों यथा कलेक्ट्रेट घाट, गांगी घाट, धरहरा पुल घाट,बेलाऊर सूर्य मंदिर छठ घाट आदि का निरिक्षण किया गया।निरिक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए मानक के अनुरूप छठ घाटों पे की गई तैयारियों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी द्वारा आरा कलेक्ट्रेट घाट के साथ साथ सभी घाटों की साफ-सफाई, तालाब के चारों तरफ बैरिकेडिंग,लाईट की उचित प्रबंध, बैरिकेडिंग के ऊपर लाल रंग भी झंडी, चेंजिग रूम, प्रसाधन की उचित प्रबंध हेतु निर्देश दिया गया।। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी,आरा सदर को अत्यधिक मात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाएं रखने के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाने का निदेश दिया गया। ठअम्रक्की टीम को भी विभिन्न घाटों पे सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया इस निरीक्षण में आरा सदर अनुमंडलाधिकारी अधिकारी आरा सदर अनुमंडल पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम के कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे।

# अहंकार रहित पूजा -पाठ.करने से होती है ईश्वरीय कृपा : देवराहाशिवनाथ



प्रातः किरण संवाददाता

आराः जगदीशपुर में परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संतश्री देवराहाशिवनाथदासजी महाराज के सान्निध्य में श्रीकृष्ण पंचमी के पावन अवसर पर जगदीशपुर थानांतर्गत श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के पूर्व श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संतश्रीदेवराहाशिवन ाथदासजी महाराज ने कहा कि जब आप सत्कर्म करते हैं तो आपके हृदय में संतोष का अनुभव होता है और जब आपसे कोई गलती होती है तो आपके हृदय के अंदर असंतोष भाव जागृत होता है।आप दुःखी हो जाते हैं।हयधन गजधन बाजधन और रत्न धन खान ।जब आवे संतोष धन सब धन धुरी समान।सत्य का जो पथिक होता है उसके नजरों में किसी भी तरह का धन मिट्टी के धुरी के समान है। वहीं संतश्री ने आगे कहा कि जिस धतूरे को खाकर आदमी पागल हो जाता है।उस धतूरे से भी अधिक मादकता धन में होती है। जिससे जीव बावरा बन जाता है।कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकायह्न । वहीं खाय बौराए नर वहीं खाएं पछताए। संतश्री ने आगे कहा कि भगवान राम का नाम लेने से पहले अपने मन के अंदर के अभिमान को मिटा दो। आजकल जितना भी पूजा -पाठ. हो रहा है।सब अहंकार से भरा होता है। जिस कारण जीव उस परमपिता परमेश्वर के कृपा से वंचित हो जा रहा है। वहीं इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु भक्त बिहार, झारखंड उत्तरप्रदेश, और बंगाल से आकर भाग लिए। वहीं इस दौरान महाभंडारा का भी आयोजन किया गया था जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# शिक्षक की बेटी ने हैण्डराइटिंग में जीता गोल्ड मेडल व कलरिंग में सिल्वर मेडल

प्रातः किरण संवाददाता



गडहनी। प्रखण्ड क्षेत्र के इचरी पंचायत अन्तर्गत हदियाबाद गांव स्थित उत्क्रमित मध्य माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश राय की बेटी गोल्डी कुमारी वर्ग सात की छात्रा ने आरगेनाईजेशन फार नेशनल लेवल आर्ट कंप्टीशन (ओएफएनएलएसी) द्वारा आयोजित रंगोत्सव सेलेब्रेशन मे गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीत घर परिवार सहित भोजपुर का नाम रौशन कर दिया।श्रीराय ने बताया कि कक्षा 1-8 के छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न आर्ट कंप्टीशन यथा कलरिंग, हैण्डराइटिंग, स्केचिंग, कोलाज, टैटू मेकिंग, मास्क मेकिंग, कार्टून मेकिंग आदि का आयोजन कराया गया जिसमे बहुत से छात्र छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन मे सफल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ गोल्ड, सिल्वर, ब्रांज, ट्राफी, खिलौने आदि प्रदान कर सम्मानित किये गए। श्रीराय ने आगे बताया की बेटी गोल्डी ने हैण्डराईटिंग मे गोल्ड मेडल एवं कलरिंग में सिल्वर मेडल जीता है।गोल्डी कुमारी के इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार सहित भोजपुर वासियों ने बधाई शुभकामनायें दी है।वहीं रंगोंत्सव सेलिब्रेशन के चेयरमैन और फाउंडर संग्राम जी दते ने सभी मेधावी छात्रों को और उनके पेरेंट्स को ढेरों सारी शुभकमनाये देते हुए कहा की इंटरनेशनल लेवल मे जाने हेतु फॉर्म फीलअप हो रहा हैं।सभी को इंटरनेशनल लेवल के प्रतियोगिता मे प्रतिभागिता करायें।उन्होंने सफलता एवं नाम रौशन हेतु अग्रिम बधाई दिया।इस खुशी के पल को अपनो के बीच शेयर करते हुए श्री राय ने कहा कि आत्मोपलब्धि, आत्मविकास तथा आत्माभिव्यक्ति ही कला की मूल हेतु हैं। तन्मयता तथा तदाकार परिणति की यह शक्ति ही कला को अन्य शास्त्रों तथा विद्याओं से पृथक करती है और यही उसकी चरम सार्थकता हैं। रसवत्ता और सौन्दर्य सम्पन्नता कला के अनिवार्य तत्त्व हैं। पेंटिंग, मूर्तिकला, ड्राइंग और फोटोग्राफी जैसी गतिविधियाँ आरामदेह और फायदेमंद शौक हैं जो आपके तनाव के स्तर को कम कर सकते हैं और आपको मानसिक रूप से स्पष्ट और शांत महसूस करा सकते हैं। कला बनाना एक विकर्षण प्रदान करता है, जो आपके मस्तिष्क को आपके सामान्य विचारों से विराम देता है।कला के सिद्धांतों की सात महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं: संतुलन, अनुपात, जोर, विविधता, गति, लय और सामंजस्य। शायद सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक सामंजस्य है।

# मिशन दक्ष में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर तीन शिक्षिकाएं हुई सम्मानित



उदवंतनगर, प्रातः किरण। बिहार सरकार शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे प्रायोजित कार्यक्रम मिशन दक्ष के तहत सत्र 2023-24 मे उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर उदवंतनगर प्रखण्ड अन्तर्गत बेलाउर गांव स्थित उच्च विद्यालय बेलाउर के तीन शिक्षिकाओं उमा देवी, उर्वशी देवी एवं अंकिता देवी को विद्यालय के प्रभारी संतोष कुमार द्वारा इनके उत्कृष्ट कार्य हेतू अंगवस्त्र एवं स्वचित्रित कप देकर सम्मानित किया गया।वहीं प्रभारी ने कहा कि सेवा भाव से समर्पित शिक्षक शिक्षिकाएं तन्मयता के साथ कर्तव्यनिष्ठ होकर अपने साथ-साथ विद्यालय का भी मान सम्मान बढ़ाते हैं। इस अवसर पर उच्च विद्यालय बेलाउर के शिक्षिका सारिका देवी, चंचला देवी, शिक्षक जितेन्द्र तिवारी, अप्रेस कुमार मृत्युंजय कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई शुभकामनायें दी।

# जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा,सदर अस्पताल कैंपस के भवन में स्थित जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के सभागार में एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता एसीएमओ भोजपुर, सह जिला वेक्टर पदाधिकारी डॉ के एन सिन्हा ने की ।इस बैठक में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा इउट या इल्टट भाग लिए। यह कार्यक्रम फाईलेरिया उन्मूलन के लिए हुआ, जिसमें लिंफेटिक फाइलेरिऐसीस के बारे में चर्चा की गई। इसके लिए लाइम लिस्टिंग की समीक्षात्मक व्याख्या की गई। विदित हो कि माननीय स्वास्थ्य मंत्री का आह्वाहन है कि 2025 तक फाई लेरिया द्वारा जनित हाइड्रोसील से मुक्त करना है बिहार राज्य को। इसी आह्वान के तहत यह कार्यक्रम जोर शोर से चल रहा है।इसके अलावा परिवार कल्याण कंट्रोल कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी पर भी चर्चा हुई ।परिवार कल्याण कंट्रोल के हर विधि में उपलब्धि हासिल करनी है। तथा गर्भवती माता के मृत्यु के कारणों पर,अन्य राज्य और केंद्रीय प्रोग्राम के बारे में भी चर्चा हुई।इस कार्यक्रम में वीडीसी ओअमित पटेलजी, पिरामल के हिमांशु जी तथा विभाग की कुमारी प्रियंका ,सद्दाम जी ,सुधीर जी ,पंकज जी के साथ कई कर्मचारी गण आदि भी उपस्थित थे।

# डीएम ने की धान अधिप्राप्ति को ले टास्क फोर्स की बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा पैक्स एवं व्यापार मंडलों को धान अधिप्राप्ति प्रारम्भ करने हेतु 15 नवम्बर 2024 से निदेशित किया गया। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अन्तर्गत धान अधिप्राप्ति हेतु बिहार प्रशासनिक सेवा के नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति पर विचार विमर्श की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा चयनित पैक्सों / व्यापार मंडलों को धान अधिप्राप्ति हेतु कैश क्रेडिट ऋण की सुविधा प्रदान करने एवं किसानों के भुगतान ससमय करने का निदेश दिया गया। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अन्तर्गत अधिप्राप्ति किये गये धान की मिलिंग हेतु बिहार राज्य खाद्य निगम, अरवल के पोर्टल पर पंजीकृत राईस मिलों के पंजीयन एवं भौतिक सत्यापन ससमय करने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा धान एवं सी०एम०आर० परिवहन हेतु वाहनों का जीपीएस ट्रैकिंग करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला सहकारिता पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## पैक्स चुनाव 2024 की तैयारी से संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक : डीएम

● जिले में 51 समितियों में चुनाव आयोजित होने वाले है

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में पैक्स चुनाव 2024 की तैयारी से संबंधित समाहरणालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिले के 05 प्रखण्डों के कुल 51 समितियों में चुनाव आयोजित होने वाले है। जिला पदाधिकारी द्वारा अंतिम मतदाता सूची बनाने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा दावा आपति के सभी आवेदनों का निराकरण ससमय निष्पादन करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया। जिले में बुथ का चयन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## जिला पदाधिकारी के द्वारा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरण किया गया



अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरण की गई। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग सम्प्रति सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना के निदेश के आलोक में जिला अनुकम्पा चयन समिति की बैठक 01 अक्टूबर 2024 में लिये गये निर्णय के आलोक में मृत सरकारी सेवक के आश्रित को सेवाकाल में मृत्यु होने के फलस्वरूप उनके आश्रित पुत्र को समाहरणालय सवर्ग में समूह ह्यगह्न (निम्नवर्गीय लिपिक) के पद पर निर्धारित शर्तों के अधीन अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति की जाती है। मृत सरकारी सेवक स्व० रामप्यारे राम, जनसेवक, प्रखंड कार्यालय, करपी के आश्रित श्री धनंजय कुमार, पिता-स्व० रामप्यारे राम, ग्राम अरवल सिपाह एवं स्व० आजाद पासवान, कार्यालय, परिचारी, अनुमडल कार्यालय, अरवल के आश्रित श्री रंजीत कुमार, पिता-स्व० आजाद पासवान, ग्राम चन्धरिया, पो०-कोसडिहरा, थाना-परस विगहा, जिला-जहानाबाद को नियुक्ति पत्र वितरण की गई।

## भाजपा नेताओं ने किया पूर्व मंत्री का किया भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह सरकारी लोक उपकरण समिति सदस्य सह विधायक प्रमोद कुमार का आगमन हुआ। इस दौरान आवासीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री को फूल माला से स्वागत किया और उपस्थित सभी लोगो से संगठन और बिहार की राजनीति के बारे में चर्चा और संवाद किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि पूरे भारत के साथ-साथ विश्व में नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है।आप सभी भाजपा कार्यकर्ता लोग का ही देन है कि भाजपा पूरे विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है।औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के प्रयास से विकास का कार्य हुआ है जैसे उत्तर कोयल नहर, डाल्टेनगंज पटना एन. एच, और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव आदि का कार्य हुआ है।भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करती है।इस मौके पर भाजपा नेता सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह, जिलामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा नेता नलिनी रंजन, युवा मोर्चा जिलामंत्री ऋषि राज, युवा भाजपा नेता अंकित सिंह टनटन सिंह, लवकुश कुमार, प्रभात सिंह, आशुतोष कुमार, मृत्युंजय सिंह, अमरेन्द्र सिंह, गुड्डू खान, सोनू सिंह एवं सैंकड़ो कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

## पुरस्कृत होने से पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों की बढ़ेगी रुचि : बमेंद्र

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के देख भाल एवं सुरक्षा के लिए औरंगाबाद की चर्चित स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा बारुण प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय जनकोप के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।रक्तसेवक समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह ने अपने पिता स्व इंद्रदेव सिंह की नौवीं पुण्यतिथि पर जनकोप विद्यालय में एक दर्जन विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को पौधा के देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी।पर्यावरण के प्रति प्रेम दिखाते हुए आठ छात्र एवं छात्राओं ने पौधारोपण किए पौधों की जिम्मेदारी पूर्वक अच्छी तरह से देखभाल कर संरक्षित की जिसके लिए चौदह नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर उन्हें पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

# पुलिस ने साइबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को बताया उपाय




प्रातः किरण संवाददाता

गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, गया जिले में साइबर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे पुरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से साइबर जागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 23.10.24 को इस कार्यक्रम को विस्तृत रूप से प्रचारित करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना के द्वारा साइबर थाना में प्रेस वार्ताआयोजित कर सभी प्रकार के साइबर अपराध एवं बचाव पर परिचर्चा की गई है। इस प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य सभी जन मानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक बनाना है। इसके साथ ही साइबर थाना के पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के द्वारा पटवाटोली, मानपुर एवं नानोक बुनियादगंज में साइबर जागरूकता से संबंधित एक सभा का आयोजन किया गया है। इस सभा में उपस्थित सभी लोगों को साइबर सुरक्षा एवं अपराध के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई है। एवं साइबर धोखाधड़ी के शिकार होने के बाद, अपनायी जाने वाली तत्काल उचित कदमों की जानकारी साझा की गई है।किसी भी तरह के साइबर अपराध का शिकार होने पर अविलंब 1930 पर कॉल कर या वेब पोर्टल पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराए।

## एसडीओ और सीओ अवैध पटाखा को लेकर ठोस कार्रवाई करें : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता




गया। दीपावली एव छठ पूजा के अवसर पर आमजनों की सुरक्षा के उद्देश्य से पर्व त्योहार के पूर्व से विभिन्न प्रकार की तैयारियां किया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी के साथ बैठक करते हुए कई अहम निर्देश दिए हैं। दीपावली पर की तैयारी की समीक्षा में जिला पदाधिकारी में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि अवैध पटाखा के संबंध में ठोस कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में कुछ-कुछ स्थानों पर अन्य जिलों में भी पटाखा से घटनाएं घटी है उसे पूरे ध्यान में रखते हुए आमजनों की सुरक्षा संबंधी जो भी नॉर्म्स है उसका पालन करावे। लाइसेंस धारी पटाखा दुकान की जांच करे कि सुरक्षा संबंधी यथा बालू, पानी, फायर इंस्टुयशन सहित अन्य व्यवस्था रखा है या नही। हर हाल में सभी नॉर्म्स को पालन करवाये। इसके अलावा अवैध पटाखा कहीं भी भंडारीत या मैन्युफैक्चरिंग किया जा रहा है तो तुरंत जप्त करते हुए कार्रवाई करें। इसके अलावा जहां कहीं भी पटाखा का भारी मात्रा में बिना किसी लाइसेंस के स्टोरेज है एवं मैन्युफैक्चरिंग किया जा रहा है तुरंत स सूचनाओं संकलन करते हुए छापेमारी करें एवं सील करें। कहीं भी अवैध पटाखा बिक्री नहीं हो इसे सुनिश्चित करवाये। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि बड़े पटाखा व्यवसायियों, दुकानदारों के साथ निश्चित रूप से बैठक करते हुए जो पटाखा विक्रेता लाइसेंस नहीं लिए हैं, उन्हें लाइसेंस हेतु अप्लाई करवाये एवं सुरक्षा संबंधित जो भी गाइडलाइन है उसे पालन करने हेतु निर्देश जारी करे, जो भी गाइडलाइन को पालन नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई भी करें। छठ पर्व के अवसर पर पूर्व से की जाने वाली तैयारी के समीक्षा में जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि वर्तमान समय में सभी नदी तालाब पोखरों में जल स्तर बढ़ा हुआ हैं। जिस क्षेत्र में भी छठ घाट है उन सभी छठ घाट का भौतिक रूप से अगले 48 घंटे के अंदर निश्चित रूप से निरीक्षण करते हुए खतरनाक घाट को चिन्हित कर लें। इसके अलावा सभी छठ घाट में कितना लेवल, कितना दूरी के आगे से मजबूती बेरीकेटिंग की आवश्यकता है इसका भी आकलन कर लें। छठ पर्व के अवसर पर कहीं भी डूबने की कोई घटना नहीं हो इसे हर हाल में सुनिश्चित करवाये। सभी खतरनाक घाटों पर लाल झंडा, बैरिकेडिंग, महत्वपूर्ण सूचनाओं/मोबाइल नंबर, क्या करें क्या ना करें संबंधित जानकारी घाटों पर प्रदर्शित करवाये। सभी छठ घाटों पर गोताखोर, एसडीआरएफ की टीम मौजूद रहेगी।इस बैठक में अपर समाहर्ता आपदा सह विधि व्यवस्था पंकज कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर किशल्य श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## इस धनतेरस को खास बनाएगा शानदार ऑफर्स वाला शगुन कलेक्शन




प्रातः किरण संवाददात

पटना - धनतेरस समृद्धि और धन का प्रतीक है। इस दिन ज्वेलरी आदि की खरीदी को विशेष महत्व दिया जाता है। ऐसे में, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने ग्राहकों के लिए बेहतरीन डिजाइन्स वाला शानदार ज्वेलरी कलेक्शन- ह्यशगुन कलेक्शनह्न पेश किया है। इसमें 1 ग्राम से लेकर 200 ग्राम तक की ज्वेलरी शामिल है, ताकि हर ग्राहक की पसंद और जरूरत पूरी हो सके। यह कलेक्शन हर अवसर के लिए उपयुक्त है, जिसमें हल्के और पारंपरिक डिजाइन्स शामिल हैं, साथ ही आकर्षक कीमतों पर ब्राइडल कलेक्शन भी शामिल है।

डायरेक्टर और मार्केटिंग एवं डिजाइन प्रमुख, जोईता सेन ने बताया कि धनतेरस समृद्धि और धन का प्रतीक है। इस मौके को और भी खास बनाने के लिए हमने ह्यकमलह्न कलेक्शन लॉन्च किया है, जो माँ लक्ष्मी का प्रतीक है। हमारी सभी डिजाइन्स आधुनिक महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं।

मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, सुवंकर सेन ने बताया कि धनतेरस के दौरान ग्राहकों के लिए खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, हम अपने शोरूम्स में आकर्षक ऑफर्स पेश कर रहे हैं। ये ऑफर्स 18 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेंगे। इसमें गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर प्रति ग्राम 450 रुपए, हीरे की वैल्यू पर 10% और डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट शामिल है। इसके अलावा, पुराने सोने के एक्सचेंज पर 0% डिडक्शन की सुविधा दी जा रही है।इन ऑफर्स के तहत, पोल्की ज्वेलरी पर 10%, प्लेटिनम ज्वेलरी पर 15%, चांदी के सामान पर 10% और रत्नों की खरीद पर 10% तक की छूट मिलेगी। एसबीआई कार्ड से 40,000 रुपये तक के न्यूनतम लेनदेन पर 7500 रुपए तक का तत्काल डिस्काउंट भी मिलेगा (यह ऑफर 25 से 31 अक्टूबर तक ही सीमित है)।

## इमामगंज में डॉ. दिलीप जायसवाल ने उपचुनाव के लिए बनाई रणनीति, विपक्ष को हराने का लिया संकल्प




प्रातः किरण संवाददात

गया।गया जिले के बेलागंज और इमामगंज में आज भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने एनडीए नेताओं और पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लेना और चुनावी रणनीतियों पर गहन चर्चा करना था।इस बैठक में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी और समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा डॉ. जायसवाल ने एनडीए कार्यकताओं के बीच आपसी तालमेल की भी विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा, ह्लहमारे कार्यकताओं का बूथ स्तर पर आपसी तालमेल अत्यंत सराहनीय है, और हमें इस तालमेल को बरकरार रखते हुए उपचुनाव में भी विपक्ष को करारी शिकस्त देनी है। डॉ. जायसवाल ने नामांकन से जुड़ी तैयारियों का गहन निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सही और अनुशासित ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एकजुटता और संगठन की मजबूती से ही चुनावी लड़ाई जीती जा सकती है।डॉ. दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन के अंत में कहा, ह्लकार्यकताओं की मेहनत और समर्पण ही हमारी जीत की नींव है। हमें एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनावी अभियान को आगे बढ़ाना है, ताकि बिहार के विकास के लिए एनडीए को मजबूत समर्थन मिल सके। बिहार की जनता का विश्वास और समर्थन हमें राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरित करता है, और हमें इसे बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करना है। बेला मे मंत्री डॉ प्रेम कुमार, प्रदेश अध्यक्ष जदयू उमेश कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष हम सह पूर्व मंत्री अनिल कुमार, वजीरगंज विधायक बिरेंद्र सिंह, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व सांसद रामजी मांझी, हरि मांझी, पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, पूर्व विधायक बिनोद यादव, प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, प्रदेश मंत्री अमित दांगी, जदयू मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, जदयू युवा अध्यक्ष गोरव सिन्हा ऊर्फ कुमार गोरव, लोजपा जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह एवं जदयू प्रदेश सचिव सह नवादा प्रभारी चंदन कुमार यादव, हरे राम सिंह, डा मनिष पंकज मिश्रा, अनंत धीश अमन, कोशल शर्मा, तैलिक महासभा जिलाअध्यक्ष संजु साव, प्रदेश अध्यक्ष के साथ इमामगंज में डॉ प्रेम कुमार मंत्री, मंत्री संतोष सुमन, टेकरी विधायक अनिल कुमार, बाराचट्टी विधायिका ज्योति मांझी, पूर्व विधायक शेरघाटी बिनोद यादव, हम के प्रत्याशी दीपा आदि थे।

## 300 गरीब भुखे लोगों को इनर व्हील क्लब द्वारा भोजन कराया गया



प्रातः किरण संवाददात

गया।इनर व्हील क्लब गया के द्वारा 300 लोगों को खाना खिलाया गया है। फेस्टिवल सीजन में हेल्दी और भरपेट खाना खिलाकर क्लब ने मजदूरों और मजबूर लोगों को अपनापन का एहसास करवाया गया है। इस कार्य के पीडीसी अंजना पोद्दार ने अपने देखरेख में करवाया गया है। क्लब की प्रेसिडेंट तृप्ति गुप्ता ने बताया 300 लोगों को कूपन बांट कर खाना खिलाया गया है। इस कार्य में लीना गुप्ता, नेहा सिंह भी मौजूद रही है। तुलसी मार्केट के समीप क्लब के द्वारा खाना खिलाया गया ह-ृ।वाहा प्रतिदिन डालमिया जी के द्वारा कम से कम मूल्य में खाना खिलाया जाता है।

# भाजपा ने सदस्यता अभियान



प्रातः किरण संवाददात

औरंगाबाद। भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान के नियमित सदस्यता प्रभारी सतीश कुमार सिंह जी का प्रवास नवीनगर प्रखंड का टंडवा मंडल में हुआ है जहां कई गांव का दौरा किया गया और सैकड़ो युवाओं को संगठन के प्राथमिक सदस्य बनाया गया। कई पुराने अभिभावकों का और पूर्व कार्यकताओं को सदस्यता रैनयू किया गया इस मोका पे मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार जी एवं टंडवा मंडल के सदस्यता प्रभारी संजय कुमार सिंह जी के उपस्थिति में कई गांव में डोर टू डोर जा कर युवा महिलाएं एवं अभिभावकों को सदस्य बनाया गया बड़हाबार गांव के युवाओं में उत्सुकता दिखा और काफी संख्या में युवा मोदी जी के विचारो से प्रेरेती हो कर सदस्यता ग्रहण किया प्रदेश के द्वारा 23 24 25 को विशेष सदस्य अभियान निर्धारित किया गया है हर तपके के लोग भाजपा से जुड़ रहे है और विकसित भारत के संकल्प को सरकार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी जी के विचारों को बल प्रदान कर रहे हैं इस मौके पे सदस्यता करने वाले युवा साथी संतोष मेहता गुंजन मेहता, विपुल मेहता, राजेश राम, बिगन राम, मंजू देवी, अनूप चंद्रवंशी, आशुतोष कुशवाहा, शुभम अग्रवाल, उजाला शर्मा, शाहिद सैकड़ो लोगों ने भाजपा का सदस्य ग्रहण किया। मौके पे कुटुंब मंडल के सदस्यता प्रभारी उज्जवल कुमार सिंह जिला का समिति सदस्य दीपक कुमार, भाजपा नेत्री आभा देवी सतीश कुमार मोनू, वीरेंद्र कुमार सिंह, लछमण बारी, कुंदन कुमार डबलू तिवारी राहुल कुमार, विवेक कुमार रंजित सिंह मंटू सिंह उपस्थित रहे।

## सर्वांगीण रूप से स्मार्ट बने रहने के लिए स्मार्ट निवेश की जानकारी होना अति आवश्यक : डॉ धीरज

प्रातः किरण संवाददाता

गया।शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया में बुधवार को प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड से सेबी और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएससी द्वारा द्वारा क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज. सीबी के अधिकृत प्रतिभूति बाजार प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि आज सर्वांगीण रूप से स्मार्ट बने रहने के लिए स्मार्ट निवेश की जानकारी होना अति आवश्यक है जानकारी के अभाव में निवेशक वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं साथ ही साथ फाइनेंशियल एजुकेशन को विद्यालय स्तर पर पाठ्यचर्या का हिस्सा बनाया जाना जरूरी है ताक भारत उभरती हुए अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व में अपने आप को प्रतिस्थापित कर सके। डॉक्टर धीरज ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन ही विकसित राष्ट्र बनने की कूंजी है साधन सेवी अमित कुमार सिंह ने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता एवं वित्तीय योजनाओं का व्यावहारिक ज्ञान निवेसक क्या करें

## गया कॉलेज गया के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा प्रेरण सत्र आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




गया। गया कॉलेज गया के स्वर्ण जयंती भवन में कंप्यूटर एप्लीकेशन एमसीए बीसीए के छात्रों के लिए प्रेरण सत्र आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र एवं विभाग के सभी शिक्षकगण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया प्राचार्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र छात्राओं को अनुशासन के प्रति प्रेरित किया साथ ही भविष्य में आईटी के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है। डाक्टर चन्द्र ने कहा कि आज वैश्वीकरण का दौर है और आई टी जगत की इस वैश्विक परिवर्तन में सबसे महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए तैयार है।आई टी क्षेत्र में असीम संभावनाएं है गया कॉलेज एम सी ए विभाग में पठान पाठन से लेकर विद्यार्थियों के प्लेसमेंट तकनली प्रतिबद्ध है हाल ही में कई राष्ट्रीय कंपनियां प्लेसमेंट के लिए गया कॉलेज आई थी और भविष्य में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों से वार्ता चल रही है। अध्यक्ष डॉ अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं को सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का बारी-बारी से परिचय कराया मंच संचालन सहायक प्राध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के सीनियर आचार्य कुमार शेखर सिंह के द्वारा किया गया है इस मौके पर अमित कुमार इंजीनियर अविनाश, सत्येंद्र कुमार, अमरजीत कुमार मोहम्मद उस्मान गनी शंभू कुमार मुकेश कुमार तिवारी अश्वनी कुमार सुश्री श्वेता सिंह इंजीनियर आनंद कुमार, विजय बहादुर कैलाश, सहित एमसीए बीसीए के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## इनर व्हील क्लब ओजस्वी द्वारा जीवकोपार्जन करने के लिए खिलौने दिया गया




प्रातः किरण संवाददाता

गया ।इनर व्हील क्लब ऑफ गया ओजस्वी ने भिन्न भिन्न परिवार के पांच महिलाएं जो जरूरत मंद हैं उन्हें त्योहार के मौके पर जीवकोपार्जन करने के लिए खिलौने दिया गया।इस विश्वास के साथ की ये गरीब महीला खिलौना बेच कर जो उनके रोजगार, आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर ओजस्वी की अध्यक्षा रुचि जैन, कोषाध्यक्ष अनीता दत्ता, पूजा भदानी और रिशु मौजूद थी। इनर व्हील ओजस्वी की अध्यक्षा ने कहा की इस तरह के रोजगार आधारित कार्यक्रम हमारा क्लब हमेशा करता रहेगा।

## जन सुराज से इमामगंज के प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र पासवान और बेलागंज से मोहम्मद अमजद आज को करेंगे नॉमिनेशन, तैयारी पूरी

प्रातः किरण संवाददाता




गया।इमामगंजः जन सुराज पार्टी के इमामगंज के प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र पासवान और बेलागंज से प्रत्याशी मोहम्मद अमजद गुरुवार को विधानसभा उप-चुनाव के लिए नॉमिनेशन करेंगे। इसको लेकर पार्टी के कार्यकताओं ने पूरी तैयारी कर ली है। सभी पंचायतों-गांवों से लोग डॉ. जितेंद्र पासवान और मोहम्मद अमजद के समर्थन में चलने के लिए इक्छुक हैं। इमामगंज विधानसभा की बात करें तो सभी लोग अपने घरों से निकलकर डुमरिया, इमामगंज, बांके बाजार होते हुए गया के लिए प्रस्थान करेंगे।

बता दें कि गया में गुरुवार को नामांकन सभा आयोजित की जाएगी। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान विधानसभा उप-चुनाव के लिए बेलागंज और इमामगंज क्षेत्र के प्रत्याशी मोहम्मद अमजद और डॉ जितेंद्र पासवान अपने सभी समर्थकों को लेकर पहुंचेंगे। गुरुवार को इस सभा का आयोजन गया के खेल परिसर में किया जाएगा।जन सुराज के वरिष्ठ नेता भवानी सिंह ने बुधवार को इमामगंज में प्रेस वार्ता की। इस दौरान भवानी सिंह ने कहा कि गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता सहित आम लोग जन सुराज से इमामगंज के प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र पासवान के साथ नॉमिनेशन के लिए गया जाएंगे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भवानी सिंह ने कहा कि जन सुराज के कार्यकर्ता इमामगंज विधानसभा में हर एक गांव, हर एक घर तक पहुंचेंगे। वहीं जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाएंगे। इसके लिए महिला टीम, अल्पसंख्यक टीम, यूथ टीम के साथ अन्य टीम जमीन पर उतरकर ग्रामीणों के बीच जाकर संवाद कर रही है।

भवानी सिंह ने कहा कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार की गरीबी को दूर मिटाना चाहते हैं, बिहार के बच्चों को शिक्षित करना चाहते हैं, युवाओं को रोजगार मुहैय्या कराना चाहते हैं। उस दिशा में हम क्या करेंगे ये बात आम लोगों को बता रहे हैं। वहीं इमामगंज विधानसभा के शहरी क्षेत्र से लेकर हर गांव में जन सुराज और प्रशांत किशोर की लहर देखने को मिल रही है।

## सांसद ने शोक संवेदना व्यक्त किया

प्रातः किरण संवाददाता



गया।औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह गांव में बीमारी से उदय प्रसाद के मौत हो गया था। इस घटना के जानकारी मिलने के उपरांत बरवाडीह में पहुंच कर लोकसभा राजद संसदीय दल के नेता सह औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने पीड़ित परिजन से मुलकात कर दुःख व्यक्त किये है। उन्होंने कहा कि इस दुःख के घड़ी में साथ हूं।इस दुःख की घड़ी में ईश्वर परिवार वालों को सहनशक्ति दें। ईश्वर से इनके आत्मा के शांति लिए प्रार्थना किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्मपुर पंचायत के दो युवकों की दुर्घटना में मौत से ग्रामीणों में शोक

प्रातः किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड क्षेत्र की ब्रह्मपुर पंचायत के ब्रह्मपुर गांव निवासी मदन झा के पुत्र राजा कुमार झा उम्र 24 वर्ष एवं मासुक साह के पुत्र सलीम उम्र 17 वर्ष की अज्ञात वाहनों की ठोकर से हुई मौत से परिवार में शोक की लहर फैल गई है। बताया जाता है कि गत 22 अक्टूबर की देर रात करीब 10 बजे अज्ञात वाहन चालक ने इन्हें कुचल दिया और भागने में सफल रहे।ये दोनों एक बुलेट मोटरसाइकिल से सकरी थाना क्षेत्र स्थित अपने रेस्ट हाउस से घर वापस लौट रहे थे। घटना की जानकारी पाकर मृतक राजा कुमार के परिजनों ने लाश को लेकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया जबकि सलीम की लाश की पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दी गई।इस संबंध में सकरी थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### वाहन चेकिंग अभियान में 11 हजार रुपये वसूला गया जुमार्ना

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास) : कछवां पुलिस ने थाना मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अवर निरीक्षक शालू कुमारी के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने कागजात, हेलमेट सहित विभिन्न तरह के वाहन अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में विभिन्न वाहनों से 11 हजार रुपए जुमार्ना वसूल किया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अब वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं है।

### एफएमडी का शुभारंभ, टीकाकर्मी घर-घर जाकर करेंगे पशुओ का टीकाकरण

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओ मे होने वाले वायरस जनित रोग से बचाव हेतू एफएमडी अक्टूबर 2024 खुरहा रोग निशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारंभ बुधवार को भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिव शंकर पाल के द्वारा किया गया।उन्होंने बताया कि पहले दिन प्रखण्ड के बडौरा, कुरकुरी, बराप, इचरी एवं बलिगाँव पंचायत के विभिन्न गाँव मे घर-घर जाकर आठ नीजि टीकाकर्मी के द्वारा चार माह से उपर के पशु गाय भैंस आदि का टीकाकरण करने को लेकर प्रस्थान किया गया।उन्होंने बताया कि आज से अगले बीस दिनो तक घर-घर जाकर 19500 पशुओं को डोज दिया जाना है।टीकार्मियों मे संजु सिंह, संतोष कुमार, कमलेश कुमार, राजेश कुमार, आदित्य कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

### विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन 27 को

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक जागरुकता समिति सारण, छपरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक जागरुकता समिति सारण, छपरा के तत्वावधान में आगामी 27 अक्टूबर रविवार को 11:00 बजे पूर्वाह्न में एल्ल५१ङ्कल्लेल्ल३' छं६ विषय पर एक विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन जिला स्कूल सारण, छपरा में किया गया है। जागरुकता शिविर के सफल संचालन हेतु पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

### एम्बुलेंस चालक हड़ताल पर, कार्य प्रभावित

प्रातः किरण संवाददाता

परसा।बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी के बैनर तले बिहार राज्य 102 आपातकालीन एम्बुलेंस महासंघ के आह्वान पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा में एम्बुलेंस चालको तथा ईएमटी ने अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।ईएमटी बजरंग कुमार,विकास कुमार,प्रेम कुमार,रजनीश कुमार, शैलेश कुमार,पवन कुमार, मुन्ना कुमार,चालक मालबाबू राय, राजेश कुमार राय,गोबिंद कुमार राय राजीव रंजन रमेश राय मो कायमु दिन दिनेश राम नागेंद्र राय ने बताया कि गत चार माह से विभाग द्वारा बेतन की भुगतान नही किया गया है।छठ महापर्व दीपावली जैसी त्योहार पर्व पर बेतन का भुगतान नही किया गया।ईसाई,पीएफ की राशि खाता में जमा करने,कर्मचारियों का समायोजन नई सेवा प्रदाता में सुनिश्चित करने,8 घंटे के बदौलत 12 घण्टा ड्यूटी नही कराने की मांग किया।चालको ने बताया कि जब तक मांग पूरा नही होगा तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

# पाटलिपुत्र और सरायगढ़ के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार झंझारपुर तक



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। आगामी पर्व त्योहार के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा हेतु पाटलिपुत्र और सरायगढ़ के मध्य चलायी जा रही 05573/05574 स्पेशल का परिचालन अब झंझारपुर तक किया जायेगा ।

गाड़ी सं. 05573 झंझारपुर-सरायगढ़-पाटलिपुत्र स्पेशल 25.10.2024 से 15.11.2024 तक प्रतिदिन झंझारपुर से 03.00 बजे खुलकर 03.19 बजे तमुरिया, 03.35 बजे घोघरडीहा, 03.49 बजे निर्मली, 04.10 बजे सरायगढ़, 04.48 बजे सुपौल, 05.55 बजे सहरसा, 06.25 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 07.08 बजे मानसी, 07.20 बजे खगड़िया, 07.53 बजे बेगुसराय, 08.15 बजे बरौनी, 08.45 बजे बछवारा, 09.20 बजे शाहपुर पटोरी, 10.10 बजे हाजीपुर एवं 10.25 बजे सोनपुर रूकते हुए 11.40 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 05574 पाटलिपुत्र-सरायगढ़-झंझारपुर स्पेशल 24.10.2024 से 15.11.2024 तक प्रतिदिन पाटलिपुत्र से 12.15 बजे खुलकर 12.58 बजे सोनपुर, 13.10 बजे हाजीपुर, 13.55 बजे शाहपुर पटोरी, 14.35 बजे बछवारा, 15.10 बजे बरौनी, 15.38 बजे बेगुसराय, 16.53 बजे खगड़िया, 17.16 बजे मानसी, 17.55 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 19.30 बजे सहरसा, 20.10 बजे सुपौल, 21.10 बजे सरायगढ़, 21.35 निर्मली, 21.46 बजे घोधराडीहा, 22.03 बजे तुमरिया रूकते हुए 22.35 बजे झंझारपुर पहुंचेगी ।

### राजगीर-तिलैया-राजगीर स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार गुरपा तक

हाजीपुर। अगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु राजगीर और तिलैया के मध्य चलायी जा रही 03322/03321 राजगीर-तिलैया-राजगीर स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है ।विदित हो कि गाड़ी सं. 13233/13234 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस के रेक द्वारा राजगीर और तिलैया के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है ।

अब इस स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसका परिचालन गुरपा तक करने का निर्णय लिया गया है।इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 01 कोच साधारण श्रेणी के 19 कोच तथा एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 23 कोच हैं । गाड़ी सं. 03322 राजगीर-तिलैया-गुरपा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 24.10.2024 से 30.11.2024 तक प्रतिदिन राजगीर से 10.55 बजे खुलकर 11.13 बजे नटेसर रूकते हुए 12.00 बजे तिलैया पहुंचेगी तथा तिलैया से 12.05 बजे खुलकर 13.08 बजे पहाड़पुर रूकते हुए 13.30 बजे गुरपा पहुंचेगी ।

# शास्त्रों का मूल उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना है : डॉ सिद्धार्थ शंकर

प्रातः किरण संवाददात

छपरा । गंगा सिंह महाविद्यालय के विभिन्न संकायों द्वारा आयोजित हो रहे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय वेब व्याख्यानमाला श्रृंखला के तहत ह्लशास्त्रों से समाज निर्माणह्व विषयक पर अन्तराष्ट्रीय वेब व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण और विषय प्रवर्तन करते हुए प्राचार्य डॉ सिद्धार्थ शंकर सिंह ने कहा कि सभी शास्त्रों का मूल उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना है। समाज से ही राष्ट्र का निर्माण होता है,और हमारे राष्ट्र की मूल संकल्पना सर्वधर्म समभाव की है। विविधता में एकता और साझी विरासत ही हमारी पहचान रही है। इस अंतरराष्ट्रीय वेब व्याख्यान में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. ओम नाथ विमली, जय प्रकाश विश्वविद्यालय के प्रो दिबांशु कुमार, नेपाल के डॉ गोविंद प्रसाद दाहाल, एलएनएमयू की डॉ पुतुल सिंह, सीएम कॉलेज दरभंगा के प्राचार्य प्रो. मुश्ताक अहमद, के एसडीएस यूनिवर्सिटी के प्रो. दिलीप कुमार झा और प्रो. सुरेश्वर झा ने साहित्य समाज और संस्कृति के अंतर संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान में देश-विदेश के अलग-अलग हिस्सों से कई प्राध्यापक, शोध-छात्र और विद्यार्थी जुड़े रहे, तथा आमंत्रित वक्ताओं से अपने समय और समाज को देखने-समझने की नई दृष्टि प्राप्त की। व्याख्यान के दौरान कुछ फैकल्टी मेंबर्स एवं छात्रों ने अपने ज्ञानवर्धन तथा जिज्ञासा के क्रम में वक्ताओं से सार्थक संवाद भी स्थापित किया।

### पीएनबी बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददात

नगरा प्रखंड क्षेत्र के अरवा पोखड़ा पर बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया.उद्घाटन के अवसर पर शाखा प्रबंधक राहुल ठाकुर व जिला परिषद प्रतिनिधि अभय सिंह ने फीता काटकर सीएसपी केंद्र का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद प्रतिनिधि अभय सिंह,उप सरपंच अनिल शर्मा,उप मुखिया सूरज कुमार, सुनील कुमार,विशाल कुमार, आदर्श कुमार उर्फ बिट्ठू, कृष्णा ब्याहुत, मो. रेयाजुद्दीन, सुदामा सिंह, और राजेश साह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.वहीं उद्घाटन के बाद सीएसपी संचालक सुनील कुमार शर्मा ने इस अवसर पर बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने के महत्व पर जोर दिया.उन्होंने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से अब क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग से जुड़ी सभी सुविधाएं जैसे खाता खोलना,नकद जमा, निकासी और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में आसानी होगी.

# बाइक सवार युवक को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत वृद्ध बाप के कंधे पर निकला जवान बेटे का जनाजा

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : कभी-कभी विधाता भी अजीबों गरीब खेल इंसान के साथ खेल देते है । जो काफी दिल को झकझोर देने वाली होती है । जी हां एक ऐसा ही मामला रोहतास जिले के कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौना गांव की है । जहां पर 72 वर्षीय वृद्ध बाप के कांधे पर बेटे की अर्थी निकली । जिस वक्त बाप के कांधे पर बेटे की अर्थी निकली होगी उस वक्त का दृश्य दिल को झकझोर देने वाली ही होगी । आप सब अंदाजा लगा सकते है कि जीते जी बाप के सामने जब बेटे की चिता जले तो उस वक्त इंसान की तो बात दूर पत्थर से भी आंसू निकल पड़ते है । एक ऐसा ही मामला कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौना निवासी 72 वर्षीय रामयश सिंह के 42 वर्षीय पुत्र मनोज सुधाकर के साथ घटित हुई । मृतक के पिता के अनुसार यह घटना तब घटी जब मनोज सुधाकर अपनी 18 वर्षीय बड़ी पुत्री सादगी किरण जो इंटर की परीक्षा पास कर सेमेस्टर वन में पढ़ रही है । उसी को सासाराम हॉस्टल में पहुंचाने सुधाकर गए हुए थे । उसके उपरांत सुधाकर अपनी पुत्री को पहुंचा कर पर्व को लेकर कुछ कपड़ों की खरीदारी किए । उसके बाद सुधाकर देर होने की वजह से वे अपने रिश्तेदार के घर ठहर गए । अगले दिन वे अपने रिश्तेदार के घर से चलकर दूसरे रिश्तेदार दहियाड़ी निवासी कंचन कुमार के साथ कपड़ा लेकर बाइक से सुधाकर अपने गांव आ रहे थे । तो उसी वक्त पीछे की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे बालू लदे 18 चक्का ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे वे सड़क पर गिर पड़े । जैसे ही सड़क पर सुधाकर गिरे तब तक से वे ट्रक के अगला चक्का के समीप आ गए । जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । बाइक पर सवार उनके रिश्तेदार कंचन कुमार घटना से बाल-बाल बच गए । यह घटना मंगलवार की देर संध्या की बताई जा रही है । जैसे ही यह घटना घटी उसी वक्त आसपास के लोग घटना स्थल पर जुट गए । घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़ को देख चालक ट्रक को छोड़कर भाग निकला । तत्पश्चात घटित घटना की सूचना आसपास के लोगों ने मृतक के परिजनों को दी । सूचना मिलते ही मृतक के परिजन जैसे ही घटना स्थल पर पहुंचे तो सड़क पर पड़े शव को देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे । घटना की सूचना पर कछवां, नासरीगंज एवं काराकाट थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच घटित घटना की जानकारी आसपास के लोगों व मृतक के परिजनों से ली । सूत्रों के अनुसार यह घटना काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरावरपुर के समीप घटित होने की बात बताई जा रही है ।

# आंगनबाड़ी केंद्र को अपने वार्ड में स्थापित करने का लोगों ने सीडीपीओ को दिया आवेदन

- ग्रामीणों ने इसके पहले भी कई बार अपनी मांगे उठाई हैं

प्रातः किरण संवाददात

दावथ/ सूर्यपुरा (रोहतास )प्रखंड क्षेत्र कू सूर्यपुरा के अगरेडकला पंचायत अंतर्गत डभरिया में स्थापित वार्ड नंबर 12 के लिए आंगनबाड़ी केंद्र को शुरू करने के लिए लोगों ने सीडीपीओ सूर्यपुरा को एक आवेदन देकर स्थापित करने की मांग की। डभरिया मठिया के वार्ड नंबर 12 के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर आंगनबाड़ी केंद्र को खोलने की एक प्रार्थना पत्र बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सूरजपुरा को सौंपा है। ज्ञात हो कि इस वार्ड के नाम पर चलने वाले आंगनवाड़ी केंद्र को अन्यत्र वार्ड में स्थापित किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने इसके पहले भी कई बार अपनी मांगे उठाई ।लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होता देख ग्रामीणों ने पुनः आवेदन देकर उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के लिए जमीन भी उपलब्ध होने की बात कही है।

वही इस बाबत उक्त आंगनबाड़ी केंद्र पर न तो पत्रकारों को जाने दिया जाता है और न ही किसी तरह की कोई जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जैसा की वार्ड नंबर 12 के लोगों ने बतलाया।

उक्त आंगनबाड़ी केंद्र से असंतुष्ट लोगों ने अपने ही वार्ड में उपलब्ध जमीन पर आंगनबाड़ी केंद्र को स्थापित करने एवं तत्काल उसे वार्ड के किसी मकान में संचालन के लिए आग्रह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सूरजपुरा से किया है।इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सूर्यपुरा से संपर्क स्थापित कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो पदाधिकारी ने अपनी व्यवस्तता का हवाला देकर सूचना उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर की।

# तैलिक महासभा जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



गया।गया एक दिवसीय कार्यक्रम में आए बिहार सरकार के भुमि सुधार विभाग मंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बेलागंज मे गया जिला तैलिक साहु महासभा के जिलाध्यक्ष संजु साव द्वारा डॉ दिलीप जायसवाल का गुलदस्ता भेंट कर किया गया है।

### अगलगी में हजारों के सामान जलकर राख

पानापुर(सारण) , प्रातः किरण।थाना क्षेत्र के धनौती कुर्मी टोला निवासी कामेश्वर प्रसाद के फुसनुमा घर मे मंगलवार की देर शाम आग लग गयी ।अगलगी की इस घटना में घर मे रखे कपड़े ,अनाज सहित हजारों रुपये मूल्य के सामान जलकर खाक हो गए।बताया जाता है कि मंगलवार की शाम अचानक आग लग गयी एवं देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया ।आसपास के ग्रामीण आग बुझाते तबतक सबकुछ जलकर राख हो गया।हालांकि आग कैसे लगी यह स्पष्ट नही हो पाया है ।घटना की जानकारी मिलने पर बुधवार को जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर मौके पर पहुँचे एवं पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की ।उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

### सीओ ने किया पीडीएस दुकानों की जांच

इसुआपुर , प्रातः किरण। अंचलाधिकारी इसुआपुर करुण करण ने बुधवार को प्रखंड के रामपुर अटौली पंचायत अंतर्गत सात पीडीएस दुकानों की गहनता पूर्वक जांच किया। जिसमें कुम्हैला गाँव के जमादार राम, अटौली गाँव की किरण देवी और कृष्णकांत ओझा, महुली गाँव के शोभन मांझी तथा डोईला गाँव के तिलेश्वर सिंह और पैक्स गुड्डू सिन्हा के पीडीएस दुकानों की जांच पड़ताल की गई। सीओ ने बताया कि जांच के क्रम में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

### अफौर में बाईक पाट्र्स दुकान से पांच लाख की चोरी,जांच में जुटी पुलिस

नगरा , प्रातः किरण। नगरा थाना क्षेत्र के अफौर गांव में स्थित एक बाईक पाट्र्स दुकान से लगभग पांच लाख रुपये के सामान की चोरी हो गई. दुकानदार बबलू सिंह जो मढ़ौरा थाना के बर्दहिया गांव के निवासी हैं,उन्होंने बताया कि उनकी दुकान का शटर तोड़कर लगभग पांच लाख रुपए की मोटरसाइकिल पाट्र्स की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया है.वहीं साथ ही रामपुरकला गांव के निवासी की भी एक अपाची बाइक भी चोरी हो गई.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है.

### पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

इसुआपुर , प्रातः किरण। थाना क्षेत्र के उसुरी कला गांव के लाल बाबू नट तथा बबलू नट को इसुआपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों शराब कांड में फरार चल रहे थे। जिनको गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर उनके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं सढ़वारा गांव के राजेंद्र पटेल को बेल टूटी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष कमल राम ने दिया।

### डोरीगंज में बिधुत आपूर्ति रहेगी बाधित

डोरीगंज , प्रातः किरण।जीनियरिंग कॉलेज के लिए 11 '५ नए डेडिकेट फीडर बनाने के लिए 11 '५ पोल गाड़ने के कार्य मे सुरक्षा के दृष्टिकोण से 11 '५ डोरीगंज फीडर का रऊदिनांक 24.10.2024 को समय 10अट से 02ढट तक रहेगा बाधित । इससे तीन पंचायत शेरपुरा, विशुनपुरा और खलपुरा में बिधुत आपूर्ति बाधित रहेगा । यह कार्य 26.10.2024 तक होगा ।यह जानकारी जेई सुर्यमणी कुमार ने दी ।

### घरेलू विवाद में मां-बहन को किया जख्मी

मढ़ौरा , प्रातः किरण। थाना क्षेत्र के टेहटी में घरेलू विवाद को लेकर एक युवक ने अपनी ही मां और बहन के साथ मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया। घटना को लेकर जख्मी टेहटी बिन्द टोली निवासी जगदीश महतों की पत्नी कलावती देवी ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक की में अपने बड़े पुत्र कृष्णा महतों उसकी पत्नी अनीता देवी, पुत्री खुशबू कुमारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी उसके पास आए और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने मारपीट शुरू कर दी जिससे वह जख्मी हो गई। हल्ला सुनकर जब उसकी बेटी सुनीता कुमारी बीच बचाव करने आई तो नामित लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जख्मी का इलाज रेफरल अस्पताल मढ़ौरा में कराया गया है।

### चाकू से हमला कर युवक को किया जख्मी

मढ़ौरा , प्रातः किरण। थाना क्षेत्र के नौतन में एक युवक को जाति सूचक गाली गलौज और चाकू से हमला कर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना में जख्मी नौतन निवासी सत्येंद्र राम का पुत्र अरविंद कुमार ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में नौतन निवासी ऋषि सिंह मिथिलेश सिंह, अरविंद दुबे को आरोपित किया है। कहा है कि वह अमनौर से बाजार से अपने घर लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द बोलते हुए गाली दी। इस दौरान मिथिलेश सिंह और आदित्य दुबे ने उसकी साइकिल को पकड़ लिया और रिषी सिंह ने चाकू से हमला कर उसे जख्मी कर दिया।

### खैरा थाना परिसर में 205 लीटर देशी और विदेशी शराब को किया गया नष्ट

नगरा ।खैरा थाना क्षेत्र से विभिन्न गांव से छापेमारी में बरामद शराब को खैरा थाना परिसर में विभिन्न ब्रांड के जब्त 205 लीटर देशी और विदेशी शराब को नष्ट किया गया.वहीं खैरा थाना के अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष छतीश प्रसाद सिंह ने बताया कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन में जब्त की गई शराब को कानूनी प्रक्रिया के तहत लगभग 205 लीटर नष्ट किया गया है.उन्होंने यह भी कहा कि शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी तरह के अवैध कारोबार पर कड़ी नजर रखी जा रही है. इस मौके पर थाना के अन्य कर्मी उपस्थित थे.

# 29 को धनतेरस और 31 को मनाई जायेगी दीपावली



प्रातः किरण संवाददात

गडहनी। दीपावली को लेकर लोगो मे फैले भ्रम एवं असमंजस को दुर करते हुए ज्योतिष अनुसंधान केंद्र महाबीर मंदिर रमना आरा के संस्थापक महंत सुमन बाबा एवं संस्कृताचार्य सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक सोमेश्वर नाथ पाण्डेय हदियाबाद गडहनी ने कहा कि अमावस्या 31 तारीख को दिन मे 3 बजकर 11 मिनट से आरम्भ होकर 1 नवम्बर को साम मे 5 बजकर 12 मिनट तक है ।चूकि दीपावली आमावस्या के मध्य रात्रि को मनाने का विधान हमारे धर्म शास्त्र में वर्णित है ।इसलिए 31 तारीख को ही दिपावली मनायी जायेगी। 1नवम्बर को रात्रि मे अमावस्या नही रहने के कारण उस दिन दीपावली पूजन नही होगा ।वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि 29 को धनतेरस मनाया जायेगा ।दिपावली में स्थिर लग्न का भी विशेष महत्व होता है जो 31 तारीख को आमावस्या वेला में 4:32 से शाम 6:11 तक मेष लग्न, 6:12 से 8:8 तक वृष लग्न, रात 10:21 से 12:39 तक कर्क लग्न, 12:39 से 2:53 तक सिंह लग्न है ।इसमें सबसे उत्तम सिंह लग्न है ।दीपावली में मां लक्ष्मी कि विशेष पूजन के साथ कुबेर और हनुमान जी कि पूजन का विशेष विधान है ।इस पूजन में शंख बजाना वर्जित है ।वहीं मां लक्ष्मी को कमल पुष्प अर्पित करने का विशेष महत्व भी है।

# जूनियर विश्व कप भारतीय टीम में बिहार के तीन खिलाड़ी चयनित

प्रातः किरण संवाददाता




पटना, 1 से 7 नवंबर 2024 को जिनसंग, चीन में आयोजित होने वाली चौथी विश्व जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप (अंडर 15 अंडर 18 और अंडर 21 आयु) में बिहार के कुल तीन खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम के अलग-अलग वर्ग में किया गया है। अंडर 15 वर्ग में गिरधारी, अंडर 21 वर्ग में होशियार सिंह सागर व कुमार अमरेश का चयन चीन जाने वाले भारतीय टीम में किया गया है। पिछले महीने अहमदाबाद गुजरात में पिछले नेशनल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों को बुलाया गया था। चयन ट्रायल के पश्चात इन तीन खिलाड़ियों को अंतिम रूप से चयन किया गया है। भोपाल में ये खिलाड़ी 7 दिन प्रैक्टिस करेंगे उसके बाद दिल्ली से चीन के लिए रवाना होंगे। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार इन खिलाड़ियों को रवाना होने से पूर्व फेलिसियेट समारोह आयोजित किया। जिसके मुख्य अतिथि एसपीबी सीआईडी बिहार पुलिस हेडक्वाटर पटना के डायरेक्टर बी०के० चौधरी जी थे । उन्होंने खिलाड़ियों को अपना पूरा ध्यान एकत्र कर खेल पर देकर अपने देश के लिए कुछ अच्छा करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा जो भी काम करो उसमें टॉप पर रहो। इस अवसर पर मौजूद साफ्ट टेनिस एसोसिएशन आफ बिहार के उपाध्यक्ष आलोक आजाद जी ने कहां की खिलाड़ी अपने जीतोर मेहनत के दम पर भारतीय टीम तक पहुंचे हैं और अब मेडल की बारी है ।अंतरराष्ट्रीय पदक पाना हमारा लक्ष्य और उसे हम जरूर हासिल करेंगे। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा की अपना बेस्ट देकर आना है हम खेलते हैं तो या तो जीतते हैं या सीखते हैं मौके पर वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि कुमार मेहता ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। खिलाड़ी आज ही दोपहर में भोपाल के लिए रवाना हो चुके हैं

# विधानसभा उप-चुनाव के लिए जन सुराज ने घोषित किया संशोधित उम्मीदवारों का नाम



- बेलागंज से प्रो. खिलाफत हुसैन की जगह मो. अमजद और तरारी से लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह की जगह किरण सिंह होंगे उम्मीदवार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बुधवार को आरा में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जन सुराज के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज भारती ने यह घोषणा की कि कुछ विशेष कारणों से बिहार के आगामी उप-चुनाव से पहले पार्टी को अपने कुछ उम्मीदवारों को बदलना पड़ा है। इस महत्वपूर्ण बदलाव की जानकारी देते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि गया के बेलागंज और भोजपुर के तरारी क्षेत्र में पार्टी के उम्मीदवारों को बदल दिया गया है। प्रशांत किशोर ने बताया कि बेलागंज से अब अमजद भाई और तरारी से किरण सिंह जन सुराज के नए उम्मीदवार होंगे।

प्रशांत किशोर ने इस बदलाव के कारणों को बताते हुए कहा कि बहुत से लोग अब इस बदलाव को लेकर टिप्पणियाँ करेंगे और कहेंगे कि जन सुराज ने अपने पहले ही कदम पर धक्का खा लिया। लेकिन मैं इसमें कुछ भी छिपाना नहीं चाहता। हम एक नई पार्टी हैं, और हमसे एक-दो गलतियाँ हो सकती हैं, परंतु हमारे प्रयासों में कोई कमी नहीं होगी। हम पूरी शुद्धता और ईमानदारी से काम करेंगे। प्रशांत किशोर ने स्पष्ट किया कि जो पूर्व उम्मीदवार बनाए गए थे, वो भी हमारे साथ ही मंच पर बैठे हैं और यह दिखाता है कि पार्टी में पारदर्शिता और एकता है। उन्होंने कहा की आम जनता के लिए चुनाव लड़ना आसान बात नहीं हैं। तरारी के पूर्व उम्मीदवार श्री कृष्ण सिंह का उदाहरण देते हुए कहा, इनसे बड़ा उदाहरण कोई नहीं हो सकता। ये भारतीय सेना में सेवा कर चुके हैं, सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्रों में सेना का नेतृत्व कर चुके हैं, लेकिन तरारी के बेटे तरारी में चुनाव नहीं लड़ सकते क्योंकि उनका नाम यहाँ की मतदाता सूची में नहीं है। श्री कृष्ण सिंह एक जिम्मेदार नागरिक हैं, और उनका नाम नोएडा की मतदाता सूची में था, जहाँ वह पहले कार्यरत थे। हमने प्रशासन से आग्रह किया था कि उनका नाम तरारी की सूची में जोड़ा जाए, लेकिन प्रशासन ने नियमों का हवाला देते हुए इसे अस्वीकार कर दिया। प्रशांत किशोर ने आगे कहा, इस स्थिति में या तो हम इसे राजनीतिक मुद्दा बना सकते थे या फिर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सकते थे। जनरल साहब ने मझसे कहा कि वह यहाँ सेवा करने आए हैं, और अगर भगवान की मर्जी यही है कि वह पहले सेवा करें और फिर पद पर जाए, तो इसमें कोई समस्या नहीं है। इसी विचार के आधार पर हमने किरण सिंह को उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है।

प्रशांत किशोर ने किरण सिंह के बारे में बताते हुए कहा, किरण जी ने समाज में कई अच्छे कार्य किए हैं, खासकर बच्चों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए। उनके अच्छे कामों को देखते हुए उन्हें तरारी से उम्मीदवार बनाया गया है। बेलागंज के बारे में बोलते हुए प्रशांत किशोर ने बताया कि यह क्षेत्र भी काफी चुनौतियों से भरा हुआ है।

# राजद का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ समापन

प्रातः किरण संवाददात

जलालपुर ।राष्ट्रीय जनता दल का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष श्री राम राय ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सारण स्थानीय निकाय के पूर्व प्रत्याशी राजद नेता सुधांशु रजन शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सुधांशु रंजन ने कहा कि क्षेत्र के वंचित लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास राष्ट्रीय जनता दल पार्टी ने शुरू से ही किया है और इसी सिद्धांत पर ही हमारी पार्टी कायम है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सभी वर्गों के लिए हक और अधिकार हेतु लड़ाई लड़ा।

उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारे कार्यकर्ता तन मन से लग कर इस विधानसभा क्षेत्र से राजद पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनायेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी के अलाकमान के निर्देश को ध्यान में रखकर विधानसभा चुनाव में भी राजद अपना भूमिका निभाएगी। इस ।एकदिवसीय सम्मेलन में राजद पार्टी के सत्यनारायण साह, बबन राम, राजकुमार साह,बबलू यादव,धर्मेंद्र सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

### नवस्थापित प्राथमिक विद्यालय नोक परासी में मध्यान भोजन बंद

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड मुख्यालय के नवस्थापित विद्यालय नोक परासी स्कूल में करीब पन्द्रह दिनों से मध्यान भोजन बंद पड़ा है ।लेकिन इसकी सुधी न प्रखंड के बीईओ संज्ञान ले रहे है और न ही एमडीएम प्रभारी कोई दिलचस्पी दिखाई । शिक्षा विभाग बच्चों को दोपहर के भोजन के लिए सारे संसाधन मौजूद कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है । लेकिन इस स्कूल में छात्रों व स्कूल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले एक साल से बच्चों को शुक्रवार को मिलने वाला फल अब तक नहीं बांटा गया । बताया की दुर्गापूजा त्योहार के पहले से बच्चों का दोपहर का मध्यान भोजन बंद है । जिसकी शिकायत लगातार बीईओ ,एमडीएम प्रभारी से शिकायत किया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया । अध्यक्ष ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका रिता कुमारी से पूछा कि जब एमडीएम नहीं बन रहा है तो एमडीएम बनाये जाने की रिपोर्ट क्यों भेजा जाता है तो कहती है कि जहां शिकायत करना है कर सकते है । बताया कि जब एमडीएम प्रभारी जाकिर हुसैन को इसकी जानकारी दी गई तो बताया गया कि दो चार दिन में एमडीएम के लिए चावल भेज दिया जाएगा ।

## सोशल मीडिया बिल्कुल भी मायने नहीं रखता

### गंभीर ने खराब फॉर्म से जूझ रहे केएल राहुल का बचाव किया



**पुणे (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खराब फॉर्म से जूझ रहे केएल राहुल का बचाव करते हुए कहा कि टीम प्रबंधन की राय मायने रखती है, सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना नहीं। राहुल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरू टेस्ट की पहली पारी में खाता भी नहीं खोल सके थे और दूसरी पारी में 12 रन बनाए थे।

गंभीर ने दूसरे टेस्ट से पहले पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, 'सोशल मीडिया बिल्कुल भी मायने नहीं रखता है। मायने यह रखता है कि टीम प्रबंधन और नेतृत्व क्या सोचता है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है और कानपुर में (बांग्लादेश के खिलाफ कठिन विकेट पर) अच्छी पारी खेली थी।

गंभीर ने कहा, 'मुझे यकीन है कि उसे पता है कि उसे बड़ी पारी खेलनी है और वह खेल सकता है। यही वजह है कि टीम उसके साथ है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी पर टीका टिप्पणी की जाती है।

## आईपीएल मेगा नीलामी से पहले केएल राहुल को रिलीज करेगी लखनऊ

### ये तीन खिलाड़ी रिटेंशन लिस्ट में शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल मेगा नीलामी से पहले केएल राहुल को रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव, निकोलस पूरन और रवि बिश्नोई के साथ फ्रैंचाइजी में शीर्ष तीन रिटेंशन में शामिल होंगे। राहुल आईपीएल में अपने पहले तीन सत्रों में एलएसजी के कप्तान रहे हैं, लेकिन लीग सूत्रों ने कहा कि टीम का प्रबंधन उनके स्ट्राइक रेट से खुश नहीं है।

मीडिया सूत्रों के हवाले से कहा, मेंटर जहीर खान और कोच जस्टिन लैंगर सहित एलएसजी प्रबंधन ने उनके आंकड़ों का विश्लेषण किया है और यह सामने आया है कि टीम ने लगभग सभी मैच हारे हैं, जहां केएल ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की और रन बनाए। यह दर्शाता है कि उनका स्ट्राइक रेट खेल की गति से मेल नहीं खाता है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, स्कोर अधिक हो रहे हैं। आप किसी ऐसे व्यक्ति को शीर्ष क्रम में इतना समय लेने का जोखिम नहीं उठा सकते।

एलएसजी ने नीलामी में उनके लिए बोली लगाने से इनकार नहीं किया है। नीलामी के दिन फ्रैंचाइजी यह तय कर सकती है कि वे राहुल को किस हद तक खरीद सकते हैं। आईपीएल सूत्रों ने यह भी कहा कि एलएसजी टीम प्रबंधन को लगता है कि मयंक भविष्य हैं और अगर वे रिटेंशन सूची में बिश्नोई से आगे हैं तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। आईपीएल सूत्रों ने कहा, मयंक एलएसजी की खोज हैं। उन्होंने उस समय उन पर निवेश किया जब कोई उन्हें नहीं जानता था और उन्होंने दिखाया है कि वे मैच पर किस तरह का प्रभाव डाल सकते हैं।

# भारत एक मजबूत टीम, जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती : ब्रेट ली

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने भारतीय टीम को एक ऐसी 'मजबूत टीम' बताया है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। उन्होंने साथ ही अपने हमवतन खिलाड़ियों को आगाह किया जो आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में टीम इंडिया से भिड़ेंगे। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की हार के बाद ली की यह प्रतिक्रिया आई है।

भारत की नजरें लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी हैं और टीम बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने खिताब की रक्षा के लिए अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। ली ने कहा, 'आज के दिन और पीढ़ी में भारत शक्तिशाली टीम है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। उन्हें पता है कि कैसे जीत दर्ज करनी है और उन्हें





पता है कि वे ऑस्ट्रेलिया को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे न्यूजीलैंड को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सकते हैं।

बेंगलुरू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के प्रदर्शन पर ली ने कहा कि उन्हें लगता है कि वे शायद 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) से प्रभावित हो गए थे जिसके कारण कुछ खराब शॉट खेले। ली ने कहा, 'भारत रक्षात्मक होकर नहीं खेलना चाहता। शायद बैजबॉल दुनिया भर के अन्य क्रिकेटरों को भी प्रभावित कर रहा है। उन्हेंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जिस तरह खेला उस पर उन्हें गर्व नहीं होगा। उन्होंने कुछ बेहद ढीले शॉट खेले।

आसमान में छाए बादलों के बीच पहले बल्लेबाजी करने का भारत का फैसला टीम पर भारी पड़ा जो पहली पारी में सिर्फ 46 रन पर ढेर हो गई। यह घरेलू सरजमीं पर एक पारी में टीम का सबसे कम स्कोर है। ली ने कहा कि टीम को 'जोखिम कारक पर विचार करने' की आवश्यकता है और उन्होंने कहा कि भारतीयों को परिस्थितियों का बेहतर आकलन करना चाहिए था।

उन्होंने कहा, 'आपको जोखिम कारक पर भी विचार करना होगा। कई बार ऐसा होता है जब आपको सोचना पड़ता है, 'ठीक है, शायद आज बड़े शॉट काम नहीं कर रहे हैं'। ली ने कहा, 'बस थोड़ा सा संयम रखें। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने परिस्थितियों का उतनी जल्दी आकलन किया जितना उन्हें करना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पुणे (24-28 अक्टूबर) और मुंबई (एक से पांच नवंबर) में दो टेस्ट मैच और खेलेगी।

# भारत-न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट आज से

### भारत को श्रृंखला में वापसी करने के लिए करना होगा सही चयन



**पुणे (एजेंसी)।** पहले मैच में अप्रत्याशित हार से आहत भारत को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसे गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे मैच में सही तरह से चयन करके संतुलित टीम मैदान पर उतारनी होगी। भारत बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल 46 रन पर आउट हो गया था। उसने दूसरी पारी में अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी शीर्ष पर है लेकिन पहले मैच में हार के कारण उसे कुछ अंक गंवाने पड़े। अगले महीने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की प्राथमिकता न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यहां एमसीए स्टेडियम की पिच को भारत की स्थिति को देखकर तैयार किया गया है। इस पर घास नहीं है और इसे काली मिट्टी से तैयार किया गया है जिस पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को बेंगलुरु जैसी उछाल नहीं मिलेगी।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों विलियम ओरूर्के, मैट हेनरी और टिम साउदी ने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था। ऐसे में भारत टर्निंग विकेट तैयार कर सकता है लेकिन अतीत में उसका यह दांव उल्टा भी पड़ चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ साल पहले यहां टर्निंग विकेट पर भारत को 333 रन से हराया था। इसी टीम ने पिछले साल इंदौर में खेले गए मैच में भारतीय टीम नौ विकेट से पराजित किया था।

शुभमन गिल वापसी करने के लिए तैयार है तथा केएल राहुल और सरफराज खान में से किसी एक को उनके लिए जगह खाली करनी होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर राहुल को अधिक मौके दिए जाने के पक्ष में हैं लेकिन सरफराज ने बेंगलुरु में दूसरी पारी में 150 रन बनाकर अपना पक्ष मजबूत कर दिया है। भारत को सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

कोहली ने 2019-20 के सत्र में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां 254 रन की नाबाद पारी खेली थी और वह उससे प्रेरणा लेकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन भले ही राहुल का पक्ष ले रहा हो लेकिन यह बल्लेबाज पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहा है। दूसरी तरफ सरफराज ने ईरानी कप में मुंबई की तरफ से नाबाद 222 रन बनाने के बाद बेंगलुरु में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद 150 रन की शानदार पारी खेली थी।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत** – रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल/सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, आर अश्विन, जसप्रित बुमरा, कुलदीप यादव/वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज/आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड** – टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, ??रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी, एजाज पटेल, विलियम ओ-रुरके24 अक्तूबर सुबह 9.30 बजे से, पुणे

**सीधा प्रसारण** – स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर

**लाइव स्ट्रीमिंग** – जियोसिनेमा ऐप और वेबसाइट पर

ऋषभ पंत ने मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान कुछ समय के लिए विकेटकीपिंग की थी और यह देखना होगा कि वह दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से फिट होते हैं या नहीं। भारत की समस्या बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है। उसकी गेंदबाजी में भी कुछ समस्या हैं विशेषकर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का लगातार खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में टीम प्रबंधन आकाशदीप को मौका दे सकता है जिन्होंने मंगलवार को बल्लेबाजी का भी जमकर अभ्यास किया।

पिच से अगर स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है तो रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा इसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम में शामिल किया गया है। उन्हें अगर अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है तो इससे भारत की बल्लेबाजी भी मजबूत होगी। जहां तक न्यूजीलैंड की बात है तो उसकी तरफ से पहले टेस्ट मैच में रचिन रविंद्र ने शतक जमाकर अंतर पैदा किया था लेकिन उसकी टीम अन्य बल्लेबाजों से भी उपयोगी योगदान की उम्मीद कर रही होगी।

### आईसीसी रैंकिंग

# टेस्ट में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत

**दुबई (एजेंसी)।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं।



सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (36 पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) और डेवोन कॉनवे (12 पायदान ऊपर 36वें स्थान पर) ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी (दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर) गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

न्यूजीलैंड की भारतीय धरती पर लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज विल ओरूर्के दो पायदान ऊपर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में 11 विकेट लेने का फायदा मिला है। उन्होंने 17वें स्थान पर फिर से गेंदबाजी रैंकिंग में अपनी जगह बनाई। उनके साथी स्पिनर साजिद खान को 22 स्थान का फायदा हुआ और वह 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन का नंबर आता है जबकि रविंद्र जडेजा पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

### जमैका में फुटबॉल मैच के दौरान गोलीबारी में पांच की मौत, कई घायल

**सैन जुआन (प्यूर्टो रिको) (एजेंसी)।** जमैका में एक फुटबॉल मैच के दौरान गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने संवाददाताओं को बताया कि गोलीबारी सोमवार देर रात किंग्सटन की राजधानी में एक मैच के दौरान हुई। अभी हालांकि यह पता नहीं चल सका है कि इस गोलीबारी में कितने लोग घायल हुए है। पुलिस गोलीबारी के कारणों का पता लगा रही है। जमैका के ग्लीनर अखबार के मुताबिक यह फुटबॉल मैच प्लेजेंट हाइट्स में आयोजित किया जा रहा था और यह अतीत में हिंसा से जूझ चुका है। गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में 48 घंटे का कर्फ्यू लागू कर दिया।

# चोटिल नाओमी ओसाका हांगकांग ओपन से हटीं

**हांगकांग (एजेंसी)।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका ने चोट के कारण हांगकांग ओपन टेनिस चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है हांगकांग, चीन टेनिस संघ (एचकेसीटीए) ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि पूर्व विश्व नंबर वन ओसाका टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगी। उन्होंने कहा कि ओसाका ने पुष्टि की है कि वह अभी भी टूर्नामेंट में भाग लेंगी और इस आयोजन के दौरान अपने हांगकांग टेनिस प्रशंसकों से मिलने सहित कई गतिविधियों में भाग लेंगी।



बयान में नाओमी के हवाले से कहा गया कि मुझे वास्तव में खेद है कि मुझे प्रूडेंशियल हांगकांग टेनिस ओपन और इस टेनिस सत्र के बाकी हिस्सों में प्रतिस्पर्धा करने से हटना पड़ा है। उन्होंने कहा मुझे टूर्नामेंट में जाना बहुत पसंद है और खेलने में असमर्थ होने की निराश होने के बावजूद मैं अपने सभी अद्भुत हांगकांग प्रशंसकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं अभी भी इस कार्यक्रम में भाग लूँगी। मैं आप सभी से मिलने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

# आमिर की दंगल ने 2,000 करोड़ कमाए, लेकिन मेरे परिवार को केवल 1 करोड़ मिले : बबीता फोगट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बबीता फोगट ने हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दंगल' से अपने परिवार को मिली कमाई के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। फोगट परिवार की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित इस फिल्म ने दुनिया भर में लगभग 2,000 करोड़ रुपए कमाए। हालांकि, बबीता ने खुलासा किया कि उनके परिवार को मुआवजे के तौर पर केवल 1 करोड़ रुपए मिले।



एक साक्षात्कार में बबीता ने यह चौंकाने वाली जानकारी साझा की जिससे एंकर हैरान रह गए। बातचीत के दौरान, एंकर ने यह पूछकर राशि की पुष्टि की, दंगल से कमाए गए 2,000 करोड़ रुपये में से, फोगट परिवार को केवल 1 करोड़ रुपए मिले?% पहलवान से राजनेता बनीं बबीता ने सिर हिलाकर और दृढ़ता से 'हां' कहकर इसकी पुष्टि की। इसके अलावा, जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे उन्हें निराशा हुई, तो बबीता ने अपने पिता महावीर फोगट द्वारा सिखाए गए मूल्यों को दर्शाते हुए एक शालीन जवाब दिया। उन्होंने कहा, नहीं, पापा ने एक चीज कहीं थी कि लोगों का प्यार और सम्मान चाहिए।

23 दिसंबर, 2016 को रिलीज हुई दंगल का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया था जिसमें आमिर खान ने न केवल महावीर फोगट की मुख्य भूमिका निभाई थी, बल्कि फिल्म के सह-निर्माता भी थे। इसमें महावीर फोगट की यात्रा को दर्शाया गया है, जो एक पूर्व पहलवान हैं जिन्होंने अपनी बेटियों गीता और बबीता फोगट को विश्व स्तरीय पहलवान बनने के लिए प्रशिक्षित किया।

बबीता फोगट का कुश्ती करियर शानदार रहा है। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता और 2014 में स्वर्ण पदक जीता। 2012 में उन्होंने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता जिससे खेल में उनका नाम और मजबूत हुआ। उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया, हालांकि वह पोडियम पर जगह बनाने में विफल रहीं। 2019 में बबीता ने पेशेवर कुश्ती से संन्यास ले लिया और राजनीति में कदम रखा जिससे उनकी सार्वजनिक सेवा की यात्रा जारी रही।

### आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ

# वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला से अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भी दांव पर लगी होगी। हरमनप्रीत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी20 विश्व कप में उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई थी, भले ही उन्होंने भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था। भारतीय टीम जहां टी20 विश्व कप की निराशा को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करने की कोशिश करेगी वहीं न्यूजीलैंड की टीम उससे प्रेरित होकर अपना विजय अभियान जारी रखना चाहेगी।

कीवी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके खिताब जीता था। पैंतीस वर्षीय हरमनप्रीत की कप्तानी की हाल में काफी आलोचना हुई थी लेकिन इसके बावजूद उन्हें इस पद पर बरकरार रखा गया है। अब उनके सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती है जिसमें उन्हें विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो 12वीं की परीक्षा देने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएगी। अनुभवी ऑलराउंडर आशा सोबना भी चोटिल होने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेगी जबकि तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर टी20 विश्व कप के दौरान चोटिल हो गई थी और इसलिए उन्हें इस श्रृंखला से विश्राम दिया गया है। भारतीय टीम में तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर और प्रिया मिश्रा के रूप में कुछ नए चेहरों को भी शामिल किया गया है।



भारतीय टीम की सफलता काफी हद तक शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। टी20 विश्व कप में यह जोड़ी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन कर पाई थी और अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स को हमेशा की तरह मध्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उनकी जिम्मेदारी इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि भारत को रिचा घोष की कमी खलेगी जो अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का पासा पलटने की क्षमता रखती है। श्रृंखला के तीनों मैच यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत** – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), सयाली सतगारे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल।

**न्यूजीलैंड** – सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, इज़ी गेज़ (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पॉली इंगलिस (विकेटकीपर), फ्रान जोनास, जेस केर, मेली केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु।

# बेंगलुरु में निर्माणाधीन इमारत गिरने से मरने वाले लोगों की संख्या पांच हुई



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार रात को भारी बारिश के कारण एक 7 मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। मंगलवार को हुए हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या पांच हो गई है, और इतने ही लोग घायल बताए जा रहे हैं। जबकि अब तक 13 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बिल्डिंग में बचाव राहत कार्य लगातार जारी है। अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की खबर है।

बेंगलुरू हादसे के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार देर रात घटनास्थल का दौरा किया था और ढह चुकी इमारत में 21 लोगों के दबे होने की बात कही थी। उन्होंने बताया था कि बचाव अभियान जारी है और तलाशी अभियान के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मलबा हटाने के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल करते समय मलबा अंदर फंसे लोगों पर गिरने की आशंका है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को काम पर लगाया गया है। अग्निशमन बल और आपातकालीन सेवा महानिदेशक टीम के साथ मौके पर हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे बताया गया कि निर्माण पूरी तरह से अवैध था। हम सख्त कार्रवाई करेंगे। हम पूरे बेंगलुरु के लिए एक योजना लेकर आएंगे। हम अवैध रूप से इमारतों के निर्माण को रोकेंगे, चाहे वे कहीं भी हों। मैं इस संबंध में सर्वेक्षण सुनिश्चित करूंगा। मैं रजिस्ट्रार को ऐसी संपत्तियों को पंजीकृत न करने का निर्देश भी दूंगा। यह इमारत 60 गुणा 40 साइट पर बनी है और अधिकारियों ने मालिक को तीन नोटिस जारी किए हैं। लेकिन, नोटिस देना महत्वपूर्ण नहीं है और कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए थी। अभी, अंदर फंसे लोगों को बचाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, बचाव अभियान पूरा हो जाने के बाद, मैं बिना अनुमति और बिल्डिंग प्लान की मंजूरी के बनी सभी इमारतों पर कानूनी कार्रवाई शुरू करूंगा। शहर में हो रही भारी बारिश पूरी तरह से अप्रत्याशित है। अब, हमने अनुपात का अनुमान लगा लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल से छूटते ही किशोरी को अगवा करके रेप, हैवान पड़ोसी अरेस्ट; एक साल पहले भी बनाया था हवस का शिकार

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पड़ोस में किराए पर रहने वाला आरोपी पिछले साल भी किशोरी को अपने साथ ले गया था। जेल से छूटने के बाद वह किशोरी को फिर से अगवा कर ले गया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने छह जून को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के मुताबिक पड़ोस में रहने वाला रविंद्र उर्फ रवि द्वारा उसकी 17 वर्षीय को बहला-फुसलाकर ले गया। अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए। उसने आरोपी द्वारा दुष्कर्म करने की बात कही थी।

### रोहित, आफरीन और शाहीन ने हंगामा के आने वाले थ्रिलर चेकमेट के लिए काम करने का अनुभव साझा किया

**मुंबई।** हंगामा पर आने वाला क्राइम थ्रिलर शो चेकमेट 24 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है। यह सस्पेंस शो प्यार, धोखे और खतरे से खेलने जैसी थीम पर आधारित है। इस जबरदस्त थ्रिलर में न्यारा बनर्जी, रोहित खंडेलवाल, आफरीन, शाहीन मल्होत्रा और कई अन्य कलाकारों ने काम किया है। इस शो में न्यारा ने मुख्य किरदार अदा किया है। वह एक हाउसवाइफ बनी हैं जिसके मर्डर की कोशिश की होती है और फिर उसे धोखे और सीक्रेट के बारे मेंपताचलताहै। मिस्टर वर्ल्ड 2016 रह चुके रोहित खंडेलवाल ने शेखर का किरदार निभाया है। वह चेकमेट में नीलम के पति की भूमिका में है। अपनी भूमिका के बारे में रोहित ने कहा, जब मुझे यह स्क्रिप्ट सुनाई गई तो मुझे यह बेहद पसंद आई। मुझे इस कहानी में खासी दिलचस्पी हुई। मुझे जो किरदार निभाने के लिए कहा गया वह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था इसलिए उसे करने में मेरी रुचि जगी। न्यारा, आफरीन और शाहीन के साथ काम करना बहुत ही अच्छा अनुभव था और उन सभी ने अपने रोल बड़ी खूबसूरती के साथ निभाए हैं। इस क्राइम शो से जुड़ना बहुत ही शानदार और बहुत कुछ सिखाने वाला अनुभव रहा। शालीन मल्होत्रा ने इस शो में पहले पति परम की भूमिका निभाई है। परम का व्यक्तित्व करिश्माई है लेकिन रहस्यमयी भी और वह अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रचता है। अपनी भूमिका के बारे में शालीन ने कहा,परम का किरदार निभाने मेरे लिए अलग ही अनुभव था जिसने मुझे अपने कंफर्ट जोन से बाहर आने का मौका दिया। एक किरदार के तौर पर परम मेरे व्यक्तित्व से बिल्कुल अलग है और इसलिए इसे निभाने के लिए मुझे बहुत ज्यादा फोकस करना पड़ा और डूबकर मेहनत करना पड़ी। मैंने इस मर्डर सस्पेंस ड्रामा में डूब कर काम किया है और बहुत शानदार साथी कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में बहुत सुखद अनुभव रहा है।

### बंजारा समुदाय के बड़े नेता महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) को अलविदा कहा

**मुंबई, एजेंसी।** एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी की पहली लिस्ट जारी होने से पहले ही उद्धव सेना को बड़ा झटका लगा है। बंजारा समुदाय के बड़े नेता माने जाने वाले महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) को अलविदा कह दिया है। पार्टी छोड़ते हुए उन्होंने उद्धव ठाकरे पर समय नहीं देने के आरोप लगाए हैं। संभावनाएं हैं कि बुधवार को एमवीए उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आ सकती है। पोहरादेवी मंदिर के महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) छोड़ दी है। उनका कहना है कि पिछले 10 महीनों में उद्धव ने मिलने के लिए 10 मिनट का भी समय नहीं दिया है। चुनाव से कुछ हफ्तों पहले दल छोड़ने उद्धव सेना के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। , क्योंकि यवतमाल वाशिम जिलों में बंजारा समुदाय की पकड़ मजबूत है। वहीं, समुदाय की राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी मौजूदगी है।

## इंस्टाग्राम पर फ्रेंड बन छात्रा को किया अगवा, 5 लाख की मांगी फिरौती; गाजियाबाद में दगाबाज दोस्त की करतूत

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग छात्रा से एक युवक ने पहले सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती की और फिर उसे बहाने से मिलने बुलाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपी ने छात्रा के परिजनों को फोन कर 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी। लड़की के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा को सोमवार रात बरामद कर लिया। आरोपी युवक और उसके नाबालिग साथी को भी दबोच लिया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी इस प्रकार की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। शालीमार गार्डन क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति की बेटी 11वीं क्लास में पढ़ती है। छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार को उनकी बेटी पास की दुकान पर सामान लेने गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिवारवालों ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस दौरान उनके पास रात करीब 8 बजे आरोपी की कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा, 'तुम्हारी बेटी हमारे कब्जे में है, तुम हमें 5 लाख रुपये दोगे, तब हम तुम्हारी बेटी को छोड़ेंगे'।

उसने कहा, 'अगर 5 लाख रुपये नहीं दिए और पुलिस में सूचना दी तो बेटी को जान से मार देंगे'। बेटी के अगवा होने और 5 लाख की फिरौती मांगने का फोन आते ही परिवार घबरा गया और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना देकर बेटी को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाने की गुहार लगाई। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटील ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस की टीमों का गठन किया गया। पुलिस की टीमों ने सर्विलांस और मैनुअल इनपुट की मदद से सोमवार को लोहिया पार्क राजेंद्र नगर के सामने खाली पड़े बीएसएनएल के मकान से आरोपी कुनाल शर्मा निवासी शालीमार गार्डन को गिरफ्तार कर लिया। कुनाल के साथ उसके एक नाबालिग साथी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस टीम ने दोनों के कब्जे से अगवा की गई छात्रा को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

## बल्लभगढ़ से जेवर और दिल्ली तक चलेगी रैपिड मेट्रो



**फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद से नोएडा और दिल्ली तक बेहतर परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए रैपिड मेट्रो चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत बल्लभगढ़ से जेवर एयरपोर्ट, गुरुग्राम और सराय काले खां तक रैपिड मेट्रो चलाने की योजना बनाई जा रही। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) मास्टर प्लान-2041 में इसका खाका रखेगा।

अभी एनसीआर के शहरों तक बेहतर आवागमन का अभाव है। फरीदाबाद से गुरुग्राम जाने के लिए अभी सिर्फ सड़क मार्ग है। ऐसे में रोजाना करीब 50 हजार नौकरीपेशा लोग कैब, बस या अपने वाहनों से आवाजाही करते हैं। रात में लौटने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं को सुरक्षा की चिंता रहती है। वर्ष 2014 में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मेट्रो चलाने की घोषणा की थी, लेकिन यह योजना कागजों में सिमट कर रह गई। फरीदाबाद से नोएडा जाने के लिए भी कोई सीधी मेट्रो नहीं है। मेट्रो यात्रियों को पहले दिल्ली जाना पड़ता है। फिर वहां से दो या तीन जगह मेट्रो बदलकर अपने गतव्य तक पहुंचते हैं। इससे समय की बर्बादी के साथ पैसे भी ज्यादा खर्च होते हैं। रैपिड मेट्रो शुरू होने से रोजाना लगभग दो लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा। एफएमडीए नए मास्टर प्लान के ड्राफ्ट को वर्ष 2025 तक तैयार कर लेगा। आपत्ति और सुझाव के लिए इसे जनता के बीच रखा जाएगा। आवश्यक संशोधन के बाद ड्राफ्ट को सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। अधिसूचना जारी होने के बाद योजना पर काम शुरू करने के लिए सलाहकार एजेंसी नियुक्त कर डीपीआर तैयार होगी। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण मुख्य जिला नगर योजनाकार सुधीर सिंह चौहान ने बताया कि शहर के मास्टर प्लान-2041 को तैयार करने की जिम्मेदारी एफएमडीए को सौंपी गई है। इसमें दिल्ली, नोएडा के जेवर एयरपोर्ट और गुरुग्राम के बीच रैपिड मेट्रो की कनेक्टिविटी पर काम किया जाएगा। इसकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। दिल्ली-मेरठ रूट पर चलने वाली नमो भारत ट्रेन के लिए सराय काले खां में स्टेशन बनाया गया है। यहां से फरीदाबाद बाइपास पर बन रहे डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे की लिंक सड़क जुड़ रही। एफएमडीए अधिकारियों के अनुसार एक्सप्रेसवे के साथ-साथ रैपिड मेट्रो साहूपुरा तक पहुंचेगी, वहां से बल्लभगढ़ मेट्रो स्टेशन से इसे जोड़ा जाएगा।

## बाबा सिद्दीकी को मारने से पहले लॉरेंस बिश्नोई के भाई से शूटरों ने की थी बात, मुंबई पुलिस का खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ। इस खुलासे से लॉरेंस बिश्नोई पर हत्या के आरोप और मजबूत हो जाते हैं। पुलिस ने कहा है कि एनसीपी नेता की हत्या करने वाले संदिग्ध तीन शूटरों ने हत्या से पहले एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के जरिए जेल में बंद गैंगस्टर के कनाडा में रहने वाले चचेरे भाई अनमोल बिश्नोई से बातचीत की थी। ऐसा संदेह है कि अनमोल ने उन्हें ऐप के जरिए सिद्दीकी और उनके बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी की तस्वीरें भेजी थीं।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को कुछ ऐसी बातचीत के सबूत मिले हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बातचीत के बाद मैसेज और तस्वीर को डिलीट नहीं किया गया था। आपको बता दें कि दो संदिग्ध हत्यारे गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप हिरासत में हैं। तीसरा शिवकुमार गौतम, जिसे मुख्य शूटर माना जाता



है वह फिलहाल फरार है। सात अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है।

इससे पहले, लॉरेंस बिश्नोई के एक संदिग्ध गुर्गे शुभम लोनकर ने सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए हत्या की जिम्मेदारी ली थी। बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया गया था। एक अधिकारी ने कहा, हमने इस केस के दो परतों की पहचान की है। शूटर और हथियार आपूर्ति करने वाले की पहटान हो गई। हम तीसरी परत के करीब पहुंच रहे हैं, जिसमें साजिशकर्ता और हत्या का ठेका जारी करने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। मुंबई पुलिस का कहना है कि उन्हें 13 सितंबर को गोलीबारी का अभ्यास करते हुए संदिग्ध हत्यारों की तस्वीरें भी मिली हैं।

गौरतलब है कि अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए दिग्गज राजनेता बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के निर्मल नगर इलाके में तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोलीबारी उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर हुई थी। पुलिस ने अब तक गोलीबारी के सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप शामिल है।

### योगी सरकार का खत्म हो चुका इकबाल, प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त : शिवपाल यादव

**सुल्तानपुर, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए योगी सरकार पर हमला बोला है। अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शोभावती वर्मा के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे शिवपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज है ही नहीं। सूबे में लगातार हत्याएं हो रही हैं। योगी सरकार का इकबाल पूरी तरह से खत्म हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह से जनता का विश्वास खो चुकी है। शिवपाल यादव ने उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी इंडिया गठबंधन की जीत का बड़ा दावा किया। उन्होंने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कहा कि चुनाव आयोग इस सीट पर जब फैसला लेगा, तब यहां चुनाव होगा।

## भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेताओं ने नीतिगत मुद्दों पर कमला हैरिस की निंदा की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं बॉबी जिंदल, निक्की हेली और विवेक रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की कथित रूप से गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की है। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने एक वीडियो में दावा किया कि हैरिस की चिकित्सा संबंधी 'मेडिकेयर' योजना से 1.2 करोड़ अवैध प्रवासियों को ''गोल्ड प्लेटेड'' स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। जिंदल का यह वीडियो विज्ञापन के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। राजनीतिक मामलों की एक कार्य समिति 'अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट' द्वारा जारी वीडियो में जिंदल ने कहा, ''इससे अमेरिका में अवैध प्रवासियों की बाढ़ आ जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''कृपया अपने परिवार और मित्रों को इस झूठ के झांसे में नहीं आने दें।'' जिंदल (53) 2008 से 2016 तक लुइसियाना के गवर्नर थे। 2016 में उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का असफल प्रयास किया था। शुरू में चुनाव प्रचार और डोनाल्ड ट्रंप के अभियान से दूर रहने के बाद जिंदल अब पूर्व राष्ट्रपति को उनकी नीतियों पर समर्थन देने के लिए फिर से सक्रिय हो गए हैं। जिंदल के अलावा, साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली और व्यवसायी से नेता बने विवेक रामास्वामी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल रह चुके हैं।

जिंदल 2016 में और अन्य दो 2024 के चुनाव में राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल रहे। अब इन तीनों ने राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप का समर्थन किया है। रामास्वामी ट्रंप के सबसे करीबी विश्वासपात्र बनकर उभरे हैं और उनके पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सोमवार को 'फॉक्स न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में हेली ने कहा, ''जब मैं दोनों उम्मीदवारों के बीच मुद्दों और मतभेदों को देखती हूं, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं डोनाल्ड ट्रंप को यह चुनाव जीतते देखना चाहती हूं।

## चुनाव 5 नवंबर को, अब तक 2.1 करोड़ नागरिक कर चुके मतदान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव से दो सप्ताह पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के धुंआधार चुनाव प्रचार अभियान के बीच कम से कम 2.1 करोड़ अमेरिकी मतदाता पहले ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में चुनाव प्रयोगशाला से मिले आंकड़े के अनुसार, करीब 78 लाख मतदाताओं ने प्रारंभिक व्यक्तिगत मतदान के माध्यम से वोट किया है, जबकि शेष 1.3 करोड़ वोट डाक मतपत्रों के माध्यम से डाले गए हैं। भारत में होने वाले आम चुनाव में जहां मतदान से 36 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाता है वहीं इससे अलग अमेरिका में चुनाव प्रचार और मतदान कम से कम चार सप्ताह एक साथ चलते रहते हैं। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि विजेता का फैसला सात राज्यों - एरिजोना, नेवादा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरालाइना और जॉर्जिया के नतीजों के आधार पर होगा। अमेरिका में प्रारंभिक मतदान अमेरिकी मतदाताओं के लिए एक अनूठा प्रावधान है, जिसमें मतदाता या तो डाक-मतपत्र के जरिए अपना वोट देते हैं, जिसकी तुलना कुछ मायनों में भारत के डाक-मतपत्रों से की जा सकती है या वे निर्धारित मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान करते हैं, जो कई राज्यों में वास्तविक मतदान के दिन से कुछ सप्ताह पहले खुलते हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में चुनाव प्रयोगशाला के अनुसार एशियाई अमेरिकियों में प्रारंभिक मतदान प्रतिशत सिर्फ 1.7 प्रतिशत है। हालांकि, कई स्थानों पर कई भारतीय अमेरिकी वोट डालने के लिए कतारों में खड़े देखे गए।

## 5 में से 1 आस्ट्रेलियाई टॉयलेट का इस्तेमाल करने के बाद नहीं धोते हैं अपने हाथ

**केनबरा, एजेंसी।** हम में से अधिकांश लोग हर बार टॉयलेट का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथ धोते हैं ? खाना खाने से पहले भी हाथ धोते हैं? पर ऑस्ट्रेलिया में ऐसा नहीं है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक,19 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोग हर बार टॉयलेट का इस्तेमाल करने पर अपने हाथ नहीं धोते हैं।

ऑस्ट्रेलिया की खाद्य सुरक्षा सूचना परिषद ने देश में हाथ धोने की आदतों पर लेटेस्ट रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। इसमें पाया गया कि 19 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोग हर बार शौचालय का उपयोग करने पर अपने हाथ नहीं धोते हैं। करीब आधे (42 प्रतिशत) ने स्वीकार किया कि वो खाना खाने से पहले हमेशा हाथ नहीं धोते हैं।



आइये जानते हैं इस रिपोर्ट में क्या पाया गया?

**55 प्रतिशत पुरुष खाना खाने से पहले अपने हाथ धोते हैं:** इस रिपोर्ट में 1229 लोगों का सर्वे किया गया। टॉयलेट का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथ धोने में महिलाएं पुरुषों से बेहतर हैं। 80 प्रतिशत पुरुषों का कहना है कि वे हर बार ऐसा करते हैं, जबकि 83 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि वो टॉयलेट का इस्तेमाल करने पर हर बार हैंडवॉश करती हैं। वहीं, केवल 55 प्रतिशत पुरुष खाना खाने से पहले अपने हाथ धोते हैं जबकि 62 प्रतिशत महिलाएं ऐसा करती हैं। इस पर उम्र का भी फर्क पड़ता है। 34 साल से कम उम्र के 69 प्रतिशत लोग हर बार शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथ धोते हैं। 65 साल से अधिक उम्र के लोगों में यह आंकड़ा बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया।

### भारत में कैसी हैं बच्चों की हैंडवॉश की आदतें

भारत में किए गए एक अध्ययन में स्कूली बच्चों से हाथ धोने में आने वाली बाधाओं के बारे में पूछा गया। अधिकांश (91 प्रतिशत) बच्चों के मुताब्क, उन्हें शौचालय जाने के बाद हाथ न धोने से बीमार होने का जोखिम नहीं लगता। दिलचस्प बात यह है कि 46 प्रतिशत बच्चों ने अपनी आंखों से कीटाणुओं को न देख पाने को सबसे बड़ी बाधा बताया। वहीं, 72 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि अगर उनके दोस्त हाथ धोएंगे तो वे भी हाथ धोएंगे। ऐसे में यह अनुमान लगाना दिलचस्प होगा कि ये कारण अन्य आयु समूहों पर भी लागू हो सकते हैं, लेकिन फिलहाल इसके लिए पर्याप्त शोध नहीं किया है।

## रूस पहुंचे उत्तर कोरिया के 1500 सैनिकों ने बढ़ाई टेंशन

**सिओल एजेंसी।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को रूस में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों को तत्काल वापस बुलाने की मांग की है। इसके साथ ही उसने प्योंगयांग और मॉस्को के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत को तलब किया है। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने पुष्टि की है कि यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के युद्ध का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया ने रूस में 1,500 विशेष ऑपरेशन बल भेजे हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि उनकी सरकार को खुफिया जानकारी मिली है कि 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना में शामिल होने के लिए तैयार किया जा रहा है। रूसी दूत जार्जी जिनोविएव के साथ एक बैठक के दौरान उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने कहा कि दक्षिण कोरिया वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को खतरे में डालने वाली कार्रवाई से निपटने के लिए सभी साधन जुटाएगा। रूसी दूतावास ने जिनोविएव के हवाले से कहा कि रूसी-उत्तर कोरियाई सहयोग का उद्देश्य दक्षिण कोरिया के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं है। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन से रात भर हुए ड्रोन हमलों के कारण एक इथेनाल संयंत्र में विस्फोट से आग लग गई और रूस में दो अन्य शराब उत्पादक संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129